CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

नई दिल्ली, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 6 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 25 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिसीमन, महिला आरक्षण को लेकर सोनिया गांधी ने सरकार पर साधा निशाना पेज 2



आईपीएल 2026: बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर प्रसिद्ध कृष्णा का कब्जा खेल टाइम्स



आखिर सुनी गई आधी आबादी की आवाज सम्पादकीय



ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा: स्टार्मर पेज 12

# खाड़ी से ओमान तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा

## अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के ऐलान की धमकी पर ईरान ने किया पलटवार

तेहरान, वार्ता

**ईरान- अमेरिका** के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है। इसके जवाब में ईरान ने सख्त चेतावनी दी। ईरान की सेना ने कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी से लेकर ओमान सागर तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इस बयान के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिका ने साफ किया है कि वह तय समय से ईरान के सभी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों को रोकने की कार्रवाई शुरू करेगा। यह फैसला उस समय लिया गया है जब दोनों देशों के बीच पाकिस्तान में हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिका का कहना है कि यह कदम ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। वहीं, ईरान ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया और कहा कि ये तो समुद्री डकैती के बराबर है। ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड ने साफ कहा है कि समुद्री सुरक्षा सभी के लिए समान होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के बंदरगाहों को खतरा हुआ, तो पूरे क्षेत्र में किसी भी देश का बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने यह भी संकेत दिया है कि किसी भी सैन्य जहाज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार यह नाकेबंदी सभी देशों के जहाजों पर लागू होगी। जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से बाहर निकलेंगे। हालांकि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच जाने वाले जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।





- तेहरान ने ट्रम्प के बयान को अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया
- कहा: ये तो समुद्री डकैती के बराबर

### तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत की वृद्धि

**मास्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हॉर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी की घोषणा के बाद वैश्विक तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत का उछाल आया और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। जून का ब्रेंट क्रूड वायदा रविवार रात (भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के 3:31 बजे) तक पिछले बंद भाव से 7.76 प्रतिशत बढ़कर 102.59 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि मई का डब्ल्यूटीआई- वायदा 8-2 प्रतिशत बढ़कर 104.51 डॉलर पर पहुंच गया।

# भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया: फथाली

- ईरानी राजदूत ने भारतीयों का जताया आभार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं।

इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया। इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदरा महंगाई दर मार्च में बढ़कर 3.40 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। सरकार ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति क्रमशः 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। हालांकि, यह मामूली उछाल तत्काल चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि समग्र मूल्य वृद्धि अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और प्रबंधनीय स्तर से नीचे बनी हुई है। आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई का दबाव थोड़ा अधिक बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले शहरी इलाकों में यह दर 3.11 प्रतिशत के निचले स्तर पर रही। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि गांवों और शहरों के बीच मूल्य दबाव किस प्रकार भिन्न है। घरेलू बजट में सबसे अहम भूमिका निभाने वाली खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हल्का इजाफा देखा गया है।

### ट्रम्प की चेतावनी के बीच भारत पहुंचे ईरानी क्रूड के जहाज

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी जारी है और इसी दौरान लगभग सात साल के लंबे अंतराल के बाद ईरानी कच्चे तेल की खेप भारत पहुंची है। अमेरिका की ओर से दी गई प्रतिबंधों में अस्थायी छूट के चलते करीब 40 लाख (4 मिलियन) बैरल कच्चा तेल लेकर दो सुपरटैंकर भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर पहुंचे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब सप्ताहांत में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल हो गई है और वाशिंगटन ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी (ब्लाकेड) का ऐलान किया है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, नेशनल ईरानी टैंकर कंपनी द्वारा संचालित फेलिसिटी नामक एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर रविवार देर रात गुजरात के सिक्का तट पर लंगर डाल चुका है। इस जहाज में लगभग 20 लाख (2 मिलियन) बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के मध्य में ईरान के खार्ग द्वीप से लोड किया गया था।

# प. बंगाल में SIR से बाहर हुए लोग नहीं डाल पाएंगे वोट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत कानून के खिलाफ होगी: सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान चरम पर है। इसी बीच अब विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।


कोर्ट ने सोमवार को साफ-साफ कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्य में चल रहे एसआईआर विवाद के बीच सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला चुनावी राजनीति में बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जिससे पार्टियों के बीच टकराव और तेज हो सकता है। अदालत ने कहा कि जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत देना कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी।

### सुप्रीम कोर्ट फर्जी मतदान पर सख्त, केंद्र सरकार व चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन पहचान लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत होगी और इससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।

### लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी मामले' में निचली अदालत के सामने पेश होने से छूट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी' मामले की कार्यवाही के दौरान निचली अदालत में पेश होने से छूट दे दी है। न्यायालय श्री प्रसाद की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई के मामले को चुनौती दी गई है। इसमें सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्य पूर्व मंजूरी के बिना कथित तौर पर नई पूछताछ और जांच शुरू करने के कदम को भी चुनौती दी गई है। इससे पहले 24 मार्च को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई की प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया था। अदालत ने श्री यादव के उस तर्क को खारिज कर दिया था।



# मुजफ्फरनगर बनेगा नगर निगम

## सीएम योगी ने जनपद को दी 951 करोड़ की सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत में जो सुरक्षा-विकास पाकिस्तान उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता: योगी
- वृहद रोजगार मेले में 951 करोड़ की 423 परियोजना का शिलान्यास किया

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ओर जहां पाकिस्तान पर तंज कसा, वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर को नगर निगम बनाने की बड़ी घोषणा कर विकास की नई दिशा तय की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पाकिस्तान आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है और वहां के लोग बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में जो सुरक्षा और विकास का माहौल है, उसकी कल्पना भी पाकिस्तान में नहीं की जा सकती। उन्होंने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का स्मरण करते हुए क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं की भूमिका की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें देश की ताकत बताया। साथ ही किसानों के हितों को राष्ट्रीय एजेंडा में स्थान दिलाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन किया और उनके योगदान को देश के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग प्रदेश की शांति और विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन औद्योगिक अशांति फैलाने वाले ऐसे तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने मुजफ्फरनगर के विकास के लिए 951 करोड़ रुपये की 423 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए इन परियोजनाओं में शामिल अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की भी जानकारी दी उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

### देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण: जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सपना चौधरी चरणसिंह और अटल बिहरी वाजपेयी ने 1983 में देखा था और आने वाले समय में यह गठबंधन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अब पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। कहा कि 2014 से पहले देश में स्टार्टअप पर कोई नीति नहीं थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानो की हर समस्या को समझते हैं। चौधरी ने कहा कि देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण तिथियां साबित होंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को अधिकार दिलाने वाला ऐतिहासिक कदम है।

# नोएडा हिंसा के बाद सख्त हुई योगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मजदूर-उद्योग विवाद सुलझाने को बनी हाई लेवल कमेटी

**लखनऊ/नोएडा।** नोएडा में वेतन वृद्धि और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मियों द्वारा हिंसक प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत एक बड़ा कदम उठाते हुए मजदूरों और उद्योगों के बीच बढ़ते तनाव को कम करने की दिशा में पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है।



मुजफ्फरनगर: वृहद्ध रोजगार मेले में उप्र के सीएम योगी चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी व अन्य।

# पीएम मोदी आज देंगे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सौगात

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंगलवार को अपने 28 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढ़े चार साल के कार्यकाल में यह उनका 18वां दौरा होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान 11970 करोड़ की 210 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना (एक्सप्रेस वे) के साथ ही, टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री अपने दौरे में डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना भी करेंगे। प्रधानमंत्री की पूजा के लिए मंदिर को पूरी तरह सजाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्तराखंड वासियों में भारी उत्साह है। प्रदेश सरकार लोकार्पण समारोह को यादगार और ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में जुटी है। प्रधानमंत्री देहरादून के महिंद्रा ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की गई है और इसमें अपार जन समूह के आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। कुल 1000 मेगावाट, उत्पादन क्षमता के इस प्लांट का निर्माण टीएचडीसी ने 2400 मेगावाट क्षमता के टिहरी हाईड्रो पावर काम्पलेक्स -शेष पृष्ठ दो पर




- प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्तराखंड वासियों में जबरदस्त उत्साह, लगभग 12 किमी का करेंगे रोड शो, हजारों भाजपा कार्यकर्ता और राज्यवासी करेंगे पुष्प वर्षा
- टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी करेंगे लोकार्पण
- डाट काली मंदिर में करेंगे पुजा अर्चना

### पीएम मोदी के हृदय में बसता है उत्तराखंड: सीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता रहा है। उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है। उनके दौरे को लेकर देवभूमि वासियों में भारी उत्साह है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दो लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए इस अवसर को अत्यंत -शेष पृष्ठ दो पर

### विधायिका में महिलाओं को आरक्षण 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 21वीं सदी का एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को सभी दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कानून दशकों से महसूस की जा रही महिलाओं के लिए लोकतांत्रिक ढांचों में आरक्षण की आवश्यकता को पूरा करता है। पीएम मोदी ने कहा कि सभी दलों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया और विपक्ष ने खास तौर पर 2029 तक महिला आरक्षण कानून लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं को आरक्षण देने की आवश्यकता दशकों से महसूस की जाती रही है। उन्होंने कहा कि भारत की 'नारी शक्ति' ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां किसी को उपदेश देने या जागरूक करने नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुना नाव हादसे में लापता युवक का शव मिला

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन क्षेत्र में 10 अप्रैल को यमुना नदी में हुई नाव दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। सोमवार को एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान एक और शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान पंजाब निवासी यश भल्ला उर्फ युवराज के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार यश भल्ला उन 16 लोगों में शामिल थे, जो नाव पलटने के बाद यमुना के तेज बहाव में लापता हो गए थे। उनका शव केशीघाट के निकट देवराह बाबा घाट के पास झाड़ियों में फंसा मिला। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव क्षत-विक्षत अवस्था में था। सोमवार को सर्च अभियान के दौरान अब तक दो शव बरामद किए गए हैं, जिनमें एक महिला मोनिका तथा दूसरा यश भल्ला का शव शामिल है। इन बरामदगियों के साथ हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है।

### कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध क्रय-विक्रय मामले में सोनभद्र पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कारोबारी विनोद वर्मा और उनका पुत्र संस्कार वर्मा शामिल हैं। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी अतरसुइया थाना क्षेत्र के पजावा चौराहे से की गई। इनके खिलाफ कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार के आरोप में मुकदमा दर्ज था और सोनभद्र पुलिस को लंबे समय से उनकी तलाश थी। रविवार देर रात सोनभद्र पुलिस ने प्रयागराज पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया।

# ममता ने युवकों को बेरोजगार कर दिया: शाह

## बंगाल में चार शादी नहीं करने देंगे, दंगों की जांच कराएगी भाजपा सरकार

बर्धमान, वार्ता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बर्धमान की रैली में कहा कि बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने पर यहां यूसीसी लागू करेंगे और कुछ लोगों को चार शादी नहीं करने देंगे। इसके साथ ही उन्होंने पांडेश्वर के भाजपा के उम्मीदवार जितेंद्र तिवारी का परिचय कराते हुए कहा कि पिछले चुनाव में जितेंद्र तिवारी बहुत कम वोटों से पिछड़ गए थे। इस बार आप इन्हें विजयी बनाकर भेजो, हम तिवारी को बड़ा आदमी बनाएंगे।

शाह ने कहा कि कुछ लोगों को चार शादी की छूट है, किसी को चार शादी की छूट होनी चाहिए क्या? पांच मई को भाजपा सरकार बना दो, हम यूसीसी लगाएंगे और उन लोगों के चार शादी नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपने चेले-चपाटों के दम कर बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने का सपना देख रही हैं। पांच मई को बीजेपी आएगी और किसी हालत में बंगाल में बाबरी मस्जिद नहीं बनेगी।उन्होंने कहा कि ममता के राज में हिंदुओं पर



अत्याचार बिना रोक-टोक चला। राज्य के विभिन्न इलाकों में दंगे हुए, सारे दंगे में हिंदुओं पर अत्याचार किया। 2016 से 2026 तक जितने भी दंगे हुए हैं, उन दंगों की जांच बैठाने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। अमित शाह ने कहा कि ममता की सरकार को निक. ालने का मतलब है, घुसपैठ मुक्त सरकार बनाना, बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निक. ालना है। उन्होंने सवाल किया कि क्या दीदी या भाइपो (भतीजा) उन्हें निकाल सकते हैं? केवल भाजपा निकाल सकती है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी 600 एकड़ जमीन बीएसएफ को नहीं देती है, ताकि बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं हो। बीएसएफ के जवान देश के लिए अपना सिर कटा सकते हैं, घुसपैठियों को प्रश्रय कभी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि ममता दीदी की सरकार खत्म हो गई है और पांच मई को भाजपा की सरकार बनेगी और 45 दिन में 600 एकड़ जमीन बाड़ लगाने दे देंगे। हम पूरे बंगाल और देशभर से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर निकालने का काम करेंगे। घुसपैठिए जो हैं, वो हमारे युवाओं का रोजगार खा रहा है, गरीबों की चावल खा रहा है और देश के अंदर दंगा करा रहा है। दीदी के गुंडे और भाइपो के गुंडे परेशान करते हैं। 23 अप्रैल को मतदान है, सारे गुंडों को कहकर जाता हूं कि घर से बाहर नहीं निकलना, नहीं तो पांच मई को खैर नहीं है। अमित शाह ने कहा कि ममता दीदी ने बंगाल के युवाओं को, जो कभी पूरे भारत का इंडस्ट्रियल हब माना जाता था, बेरोजगार कर दिया है। हमने तय किया है कि जैसे ही बंगाल में बीजेपी की सरकार बनेगी, पीएम मोदी पूरे बंगाल में इंडस्ट्री वापस लाने के लिए 5 बड़े इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाएंगे।

# मेरठ से शुरू होगा आर्थिक आंदोलन: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** हाल ही में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर मेरठ की सेंट्रल मार्केट में सरकार की तरफ से की गई सीलिंग की कार्रवाई को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा है कि देश में एक नए आर्थिक स्वतंत्रता आंदोलन की शुरुआत मेरठ से हो सकती है। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने ऐतिहासिक 1857 की क्रांति का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस तरह मेरठ ने आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी, उसी तरह अब यह शहर आर्थिक नीतियों के खिलाफ जनआंदोलन का केंद्र बन सकता है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियां किसानों, छोटे



व्यापारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए नुकसानदायक साबित हो रही हैं।

**■ व्यापार व खेती को कमजोर कर रही सरकार**

उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण, कुछ कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के जरिए सरकार पारंपरिक व्यापार और खेती को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। सरकार की इन नीतियों का लाभ बड़े उद्योगपतियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को मिल रहा है, जबकि छोटे कारोबारी हाशिए पर जा रहे हैं।

### यूपी नहीं संभल रहा, तो गद्दी से उतर जाइए

**लखनऊ।** यूपी के गौतमबुद्धनगर में श्रमिकों के आंदोलन के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी से इस्तीफा मांगा है। सीएम योगी ने अपने बयान में आशंका जताई थी कि नोएडा में जो हुआ है वह किसी की साजिश है। अखिलेश ने लिखा कि अगर मुख्यमंत्री जी नोएडा के मज़दूरों के आंदोलन को किसी की साजिश बता रहे हैं। अखिलेश ने लिखा कि आप मजदूरों के जख्मों पर मरहम नहीं लगा सकते, तो न लगाएं, लेकिन उन जख्मों पर नमक तो न छिड़कें। यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा कि अगर आप से प्रदेश नहीं संभल रहा है, तो ससम्मान इस गद्दी से उतरकर जाइए, नहीं तो जनता उतार देगी। भाजपाई खुद तो अंतिम दौर के भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त हैं।

# यूपी के कई जिलों में पारा 40 के करीब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुष्क मौसम और तेज हवाओं के चलते गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। रविवार को कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि प्रदेश में शुष्क मौसम के साथ 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चल सकती हैं, जिससे गर्मी का असर और तेज महसूस होगा। प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां तापमान 39-8 ब दर्ज किया गया, जबकि वाराणसी स्थित बीएचयू में पारा 39-3 ब तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले चार दिनों में अधिकतम तापमान में औसतन 7 से 9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे तापमान सामान्य के करीब पहुंच गया है। विभाग के मुताबिक शुष्क मौसम के साथ चल रही पश्चिमी हवाएं दिन में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं, जिनकी गति झोंकों में 40 किमी प्रति घंटे तक पहुंच रही है। हालांकि, 14 अप्रैल से इन तेज हवाओं के कमजोर पड़ने के आसार हैं। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के न होने के कारण मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके चलते तापमान में धीरे-धीरे 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कई जिलों में पारा 40 ब के पार जाने की संभावना है। राजधानी लखनऊ में रविवार को अधिकतम तापमान 36-6 ब और न्यूनतम 20 ब दर्ज किया गया।

**हवाओं के चलने से गर्मी का असर महसूस होगा**

## महिला आरक्षण को लेकर सोनिया ने सरकार पर साधा निशाना

# ये आरक्षण नहीं, प्रस्तावित परिसीमन है: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक निजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे को लेकर हमला बोला है।

श्रीमती गांधी ने सोमवार को यहां स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, जिसे उन्होंने बेहद खतरनाक और संविधान पर हमला करार दिया। अपने लेख में उन्होंने चेतावनी दी कि संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिसीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लो. कतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है,



**■ सरकार 2029 से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो यह निर्णय पहले क्यों नहीं लिया गया, पारदर्शिता नहीं बरती जा रही**

जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है। उन्होंने पीएस नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष से समर्थन तो मांगा जा रहा है लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक की मांग को लगातार नजर. अंदाज किया गया है। श्रीमती गांधी ने याद दिलाया कि 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। उ यदि सरकार 2029 से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो यह निर्णय पहले क्यों नहीं लिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने का फैसला केवल गणितीय आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक संतुलन को ध्यान में रखकर होना चाहिए, ताकि जनसंख्या नियंत्रण में आगे रहे राज्यों को नुकसान न हो। जनगणना में देरी पर भी सरकार की आला. ेचना की और कहा कि बिहार और तेलंगाना जैसे राज्यों ने कम समय में सर्वे कर यह साबित कर दिया है कि यह कार्य संभव है।

### महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन की साजिश रच रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वह महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन की साजिश रच रही है। कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में सितम्बर 2023 में लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समय ही सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं थी। उन्होंने बताया कि इस कानून में शर्त रखी गई थी कि पहले जनगणना और फिर परिसीमन होगा, उसके बाद ही महिला आरक्षण लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उस समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने बिना शर्त 2024 में ही महिला आरक्षण लागू करने की मांग की थी, ताकि महिलाएं तुरंत संसद और विधानसभाओं में पहुंच सकें।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76847.57
निफ्टी 23842.65



सोना 15299
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने से शेयर बाजारों में गिरावट

**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली लौट आई और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की गिरावट में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 702. 68 अंक (0.91 प्रतिशत) गिरकर 76,847.57 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 207.95 अंक यानी 0.86 फीसदी नीचे 23,842.65 अंक पर रहा।

अमेरिका और ईरान के बीच हार्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव बढ़ गया है। अमे. रिका ने इस महत्वपूर्ण व्यापारिक जलमार्ग की घेरा. बंदी और अपनी शर्तों पर जहाजों को निकलने की अनुमति देने की घोषणा की है। इससे निवेशकों में ईरान युद्ध के स्थाई समाधान को लेकर निराशा बढ़ी है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली का जोर देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.46 प्रतिशत गिर गया। सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। ऑटो सेक्टर पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया और उसका सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट



गया। एफएमसीजी, आईटी और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक भी एक फीसदी से ज्यादा फिसल गए। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी का शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। बजाज फाइनेंस, इंडिगो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच गिरे। आईटीसी, इटरनल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, हिदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, कोटक महिद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत और एनटीपीसी का डेढ़ फीसदी से अधिक चढ़ा।

# सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोमवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के मुताबिक एक किलो चांदी 2,753 रुपए घटकर 2.37 लाख रुपए आ गई, जो 10 अप्रैल को 2.40 लाख रुपए पर थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 246 रुपए घटकर 1,50,081 रुपए आ गया है। इससे पहले शुक्रवार को यह 1,50,327 लाख पर था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 45 दिन में 9,016 और चांदी 29,519 सस्ती हुई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 26,040 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 103 दिन में चांदी 1.49 लाख रुपए सस्ती हो गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना-चांदी के दाम में आगे भी ये गिरावट जारी रह सकती है। ऐसे में निवेशकों को अभी सोने-चांदी में निवेश से बचना चाहिए।

# भारतीय इकाइयों के पेटेंट आवेदनों की संख्या में उछाल

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय इकाइयों ने पेटेंट अधिकार के लिए 2025-26 में 1,43,729 आवेदन प्रस्तुत किया जो एक साल पहले के मुकाबले 30-2 प्रतिशत अधिक है। पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार इनमें से 69 प्रतिशत आवेदन भारत के पेटेंट कार्यालय में दाखिल किए गए। पिछले साल दाखिल पेटेंट आवेदनों की संख्या 1,10,375 थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इन आंकड़ों पर अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में कहा कि भारत की नवाचार की गाड़ी अब रुकने वाली नहीं! वित्त वर्ष 2025-26 में हमारे पेटेंट फाइलिग की संख्या बढ़कर ऐतिहासिक 1.43 लाख हो गई, जो पिछले साल के मुकाबले 30.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। गोयल ने कहा कि देश के भीतर पेटेंट के लिए फाइल किए गए आदेवनों के मामले में तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के नवप्रवर्तक सबसे आगे हैं और इसके ज़रिए हम दुनिया को यह दिखा रहे हैं कि 'मेड इन इंडिया' की ताकत 'इन्वेस्ट इन इंडिया' यानी भारत में निवेश में छिपी है। हम पेंटेट आवेदन करने वालों की संख्या के हिंसाब से दुनिया के छठे सबसे बड़े पेटेंट आवेदक हैं। यह एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे भारत को दर्शाता है, जो जल्द ही इनोवेशन के क्षेत्र में एक वैश्विक महाशक्ति बनने जा रहा है।

### एनएसई ने अपने कोल एक्सचेंज का नाम आरक्षित किया

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसईआईएल) को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय से 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' नाम के आरक्षण के लिए मंजूरी मिल गई है।एनएसई ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह मंजूरी सिर्फ नाम के आरक्षण तक सीमित है और परिचालन या नियामक लाइसेंस नहीं है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर बनेगा...**

कि इससे जहां युवाओं को नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, वहीं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे पूर्व उन्होंने नगर पालिका द्वारा तैयार कराई गए देवी अहिल्याबाई स्मारक और चौराहे के सौंदर्यकरण का भी उद्घाटन किया प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नुमाइश ग्राउंड में आयोजित रोजगार मेले का अवलोकन करने के बाद विभिन्न कंपनियों में चयनित होने वाले युवाओं व बेटियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। अपने भाषण की शुरुआत भारत माता और वंदेमातरम के जयकारों के साथ कर उन्होंने उमड़ी भीड़ में खूब जोश भरा शुकतीर्थ की पवित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि पुराणकालीन परंपराओं और महाराजा शुकदेव की तपस्थली रही है, जहां जीवन के गूढ़ रहस्यों का ज्ञान दिया गया। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के विजन को रेखांकित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा में संबोधन के दौरान रोजगार और कौशल विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स और ड्रोन के साथ पारंपरिक कौशल से भी जोड़ रही है। रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और यही देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। सुरक्षा और मौजूदा कानून-व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा का माहौल स्थापित किया है, जिससे महिलाएं, व्यापारी और आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक चुनौतियों के बीच भी मजबूती से खड़ा है। औद्योगिक विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां यहां के उद्योगों में ताले लगते थे, वहीं अब नए निवेश आ रहे हैं। सरकार श्रमिकों और उद्यमियों के बीच संतुलन बनाते हुए बेहतर वेतन, सामा. जिक सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मानदेय की गारंटी भी लागू की गई है। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने श्रमिकों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के साथ उन्हें सुविधाएं मुहैया कराने का काम भी भाजपा सरकार में हुआ है। साथ ही आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, शिक्षामित्र और शिक्षकों और अन्य कर्मियों के लिए पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी भाजपा सरकार में दिलाने का काम किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कौशल विकास राज्यमंत्री एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, कार्यक्रम संयोजक कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, सांसद चंदन चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, लोकदल क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, एमएलसी वन्दना वर्मा, राष्टीय लोक. दल विधानसभा में नेता राजपाल बालियान, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक मदन भैया, विधायक अशरफ अली, जिला प्रभारी सूर्यप्रकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, विक्रम सैनी, अशोक कंसल, सुशीला अग्रवाल, चेयरमैन सहकारी बैंक रामनाथ सिंह, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, प्रदेश महासचिव उमादत्त शर्मा, रामनिवास पाल, जियाउर्रहमान, भाजपा रालोद और एनडीए के सभी सहयोगी दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पीएम मोदी...** के क्रम में किया है, जो टिहरी हाईड्रो प्रोजेकट के ऊपरी और निचले जलाशयों के बीच अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करेगा। यह संयंत्र, भारत की ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, टिहरी सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह की उपस्थिति रहेगी।

**पीएम मोदी के...** महत्वपूर्ण एवं ऐतिहा. सिक बताया है। मुख्यमंत्री धामी जनमानस से भी इस ऐतिहासिक अवसर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांति आई है। चारधाम आलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ एवं हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना, देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं को उन्होंने स्वीकृति दी है। आज पीएमजीएसवाई के तहत दूरदराज ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई और रेल सेवाओं का विस्तार हुआ है। रोप-वे परियोजनाओं पर तेजी से काम आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के उत्तराखंड दौरे को लेकर हमेशा ही लोगों में उत्साह और उत्सव का माहौल रहता है। हर बार अपने दौरे में प्रधानमंत्री उत्तराखंड को बड़ी सौगात देकर जाते हैं।

# यूपी कैबिनेट विस्तार की सुगबुगाहट तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भारतीय जनता पार्टी ने संगठन और सरकार-दोनों स्तर पर बड़ा रणनीतिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द होने वाले संभावित कैबिनेट विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

सूत्रों के मुताबिक इस विस्तार में नए चेहरों को मौका देने के साथ कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में भेजा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक संभावित विस्तार में जिन नेताओं के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं, उनमें भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, पूजा पाल, अजीतपाल त्यागी और आकाश सक्सेना शामिल हैं। इसके अलावा अशोक कटारिया और अश्वनी त्यागी का नाम भी दावेदारों की सूची में मजबूत माना जा रहा है। पार्टी इन नामों के जरिए जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने के साथ-साथ नए सामाजिक समीकरण बनाने की कोशिश में है।

**■ विधानसभा चुनाव 2027 से पहले नए चेहरों की एंट्री और संगठन में बदलाव की तैयारी**

कैबिनेट विस्तार के साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी देने की भी चर्चा है। इनमें नरेंद्र कश्यप, दिनेश खिटक और सोमेंद्र तोमर के नाम प्रमुख हैं। पार्टी का मानना है कि इन नेताओं का संगठन में अनुभव चुनावी तैयारी को और मजबूत कर सकता है। सूत्रों के अनुसार भाजपा इस बार उत्तराखंड में अपनाए गए फॉर्मूले को उत्तर प्रदेश में भी लागू कर सकती है। इसके तहत बिना किसी मंत्री को हटाए भी नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इससे असंतोष को कम रखते हुए संतुलन साधने की रणनीति अपनाई जा सकती है। भाजपा सूत्रों की मानें तो आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने पांच प्रमुख बिदुओं पर फोकस तय किया है जिसमे जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधना, सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय, डा. भीमराव आंबेडकर के जरिए दलित वोट बैंक पर फोकस, महिलाओं के लिए नई योजनाएं और प्रतिनिधित्व बढ़ाना और पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) नैरेटिव का काउंटर, राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और कानून-व्यवस्था पर जोर शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त कार्यशैली भी इस रणनीति का अहम हिस्सा मानी जा रही है।सरकार की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, माफिया पर बुलडोजर कार्रवाई और प्रशासनिक सख्ती को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की शिकायतों पर त्वरित सुनवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह कैबिनेट विस्तार केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि पूरी तरह चुनावी रणनीति का हिस्सा है। जातीय, क्षेत्रीय और संगठनात्मक संतुलन बनाते हुए भाजपा 2027 के चुनाव में मजबूत बढ़त बनाने की तैयारी में है।

# एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह नियंत्रण में : रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि राजधानी में घरेलू और कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर, पर्याप्त और नियंत्रण में है। दिल्ली में एलपीजी या किसी भी अन्य ईंधन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट में न आएं और संयम बनाए रखें।मुख्यमंत्री ने घरेलू एलपीजी की स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया कि 12 अप्रैल को 1,11,766 बुकिंग दर्ज की गईं, जबकि तीनों ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने मिलकर 1,30,094 सिलेंडरों की डिलीवरी की, जो बुकिंग से काफी अधिक है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लंबित बुकिंग्स को तेजी से निपटाया जा रहा है और आपूर्ति श्रृंखला मजबूत बनी हुई है।

वर्तमान में औसत डिलीवरी समय 3.87 दिन है, जो पहले के 4.24 दिनों से घटकर कम हुआ है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर डोरस्टेप डिलीवरी सुनिश्चित हो रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली को प्रतिदिन 6,480 कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों (19 किलोग्राम समकक्ष) का आवंटन किया गया है। इसके मुक.ाबले पिछले एक सप्ताह में औसत दैनिक खपत केवल 4,268 सिलेंडर रही है, जिसमें 5 किला.ेग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की खपत भी शामिल है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि वर्तमान में उपलब्धता मांग से अधिक है।

मुख्यमंत्री ने सभी कमर्शियल एलपीजी उपभोक्ताओं, विशेषकर 5 किलोग्राम सिलेंडर उपयोग कर्ताओं से अपील की है कि वे शांति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनावश्यक चिंता या भंडारण (स्टॉकपाइलिंग) से बचें।

## चार नाबालिगों ने युवक को चाकू से गोदा, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। यहां बीती रात चार नाबालिगों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल चारों नाबालिगों को पकड़ लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। गंभीर रूप से घायल युवक का फिलहाल दिल्ली के एम्स ट्रॉमा सेंटर में इलाज जारी है।

डीसीपी राजीव कुमार के अनुसार, रविवार रात करीब 8:30 बजे पीड़ित युवक अपने एक दोस्त के साथ मयूर विहार के वायरलेस रोड के पास मौजूद था। इसी दौरान चार नाबालिग लड़कों ने उन्हें बीच रास्ते में रोक लिया। अचानक हुए इस टकराव में चारों नाबालिगों ने मिलकर पीड़ित पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। युवक को खून से लथपथ छोड़कर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। रात करीब 9:03 बजे मयूर विहार पुलिस को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल से हमले में घायल एक युवक के भर्ती होने की सूचना (एमएलसी) मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत अस्पताल पहुंची। युवक के शरीर पर चाकू के गहरे घाव थे। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जहां उसका उपचार चल रहा है। क्राइम टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। टीम ने अपराध स्थल का बारीकी से मुआयना किया और जरूरी सुबूत जुटाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच के दौरान वारदात में शामिल सभी चार नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है। फिलहाल पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि इस जानलेवा हमले के पीछे की मुख्य वजह क्या थी। मामले में आगे की तफ्तीश जारी है।

# जलियांवाला बाग के 107वें स्मृति दिवस पर विधानसभाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जलियाँवाला बाग नरसंहार के 107वें स्मृति दिवस पर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने उन अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद की क्रूरता के सामने अपने प्राण न्योछावर कर दिए।इस अवसर पर गुप्ता ने एक ऐतिहासिक तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया जो प्राय: इतिहास की परतों में दब जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान दिल्ली विधानसभा भवन, जो उस समय इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल के नाम से जाना जाता था, इस स्वतंत्रता संग्राम की पीड़ा और प्रति.रोध का प्रत्यक्षदर्शी रहा है। 18 मार्च 1919 को इसी सभागार में भारतीय सदस्यों के तीव्र विरोध और कड़ी चेतावनियों को दरकिनार कर अंग्रेज सरकार ने काले कानून रॉलेट एक्ट को पारित कर दिया। इसी के विरोध में महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन का आह्वान किया।

गुप्ता ने बताया कि इस आंदोलन की पहली चिंगारी दिल्ली की धरती पर ही भड़की। 30 मार्च 1919 को चाँदनी चौक के घंटाघर पर शांतिपूर्वक एकत्रित निहत्थे और मासूम नागरिकों पर अंग्रेजी हुकूमत ने मशीनगनों से गोलियाँ बरसाईं। यह दिल्ली के इतिहास का काला अध्याय है। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के इस घंटाघर नरसंहार की त्रासदी की पुनरावृत्ति मात्र चौदह दिन बाद 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियाँवाला बाग में हुई, जब जनरल डायर के आदेश पर सैकड़ों निर्दोष भारतीयों को गोलियों से भून दिया गया। वह भयानक घटना आज 107 वर्ष बाद भी प्रत्येक भारतीय के हृदय को गहरे दर्द से भर देती है और ब्रिटिश शासन की असली क्रूर प्रकृति को उजागर करती है।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इन शहीदों का सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उनके रक्त से स्वतंत्रता संग्राम की ज्वाला और प्रखर हुई और समूचा राष्ट्र एकजुट होकर आजादी के महायज्ञ में कूद पड़ा। गुप्ता ने कहा कि आज के दिन हमारा दायित्व है कि हम इन बलिदानियों की स्मृति को सदा जीवित रखें और उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध रहें।

## पिंक लाइन को येलो लाइन से जोड़ने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मेट्रो की पिंक लाइन को येलो लाइन से जोड़ने की मांग जोर पकड़ रही है। यह मुद्दा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सामने पहुंचा है। पिंक लाइन को भजनपुरा या नानकसर-सोनिया विहार मेट्रो स्टेशन से येलो लाइन के कश्मीरी गेट बस अड्डा या दिल्ली विश्वविद्यालय स्टेशन से जोड़ने की मांग उठ रही है। विशेषज्ञों का भी मानना है अगर ऐसा किसा जाता है तो इसका बड़ा लाभ यमुनापार की जनता को मिल सकेगा, आवागमन का समय बचेगा, यातायात जाम कम होगा, प्रदूषण की समस्या भी कम होगी। गत दिनों यह मुद्दा दिल्ली विधानसभा में भी उठ चुका है।

इसके साथ ही शास्त्रीपार्क मेट्रो स्टेशन के जीटी रोड से भी आगमन और प्रस्थान की सुविधा दिए जाने की भी मांग मुख्यमंत्री के सामने रखी गई है। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा, खजूरी खास, सोनिया विहार, करावल नगर, यमुना विहार जैसे घने इलाके शामिल हैं वहां से प्रतिदिन पांच लाख से अधिक लोग शास्त्रीपार्क, कश्मीरी गेट और विश्चविद्यालय मेट्रो स्टेशन की ओर आते जाते हैं। मुख्य साधन: अभी अधिकतर लोगों के पास निजी वाहन, बस का है। उत्तरी पूर्वी जिले में बड़ी संख्या में उपयोग हो रहे दोपहिया और तिपहिया से प्रतिदिन व्यस्त समय में खजूरी खास चौक, पुस्ता रोड, नानकसर, करावल नगर, दयालपुर रोड घोंडा, भजनपुरा आदि कई इलाकों में भयंकर जाम लगता है।

# कला और सहकारिता को बढ़ावा देने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित "दिल्ली राज्य हेतु प्रथम ऋण संगोष्ठी " में दिल्ली सरकार के सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। यह संगोष्ठी नई दिल्ली में आयोजित की गई जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ एवं हितधारक उपस्थित रहे। संगोष्ठी के दौरान राज्य फोकस पेपर 2026-27 का विमोचन, जीआई पंजीकरण हेतु चयनित उत्पादों के लिए स्वीकृति पत्र वितरण, कारीगरों के उत्पादों के डिजिटल कैटलॉग का शुभारंभ तथा वित्तीय साक्षरता एवं कौशल विकास से संबंधित विभिन्न पहलों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में उपलब्ध कच्चा माल और हमारे उत्पाद विश्व स्तर के हैं। सरकार निरंतर प्रयास कर रही है कि उचित मार्केटिंग, ब्रांडिंग और प्लेटफॉर्म के माध्यम से इन उत्पादों को वह पहचान दिलाई जाए, जिसके वे हकदार हैं।




राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के नई दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित "दिल्ली राज्य हेतु प्रथम ऋण संगोष्ठी " में सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### पीयूष रंग महोत्सव 17 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** 17 अप्रैल (शुक्रवार) को पद्म भूषण पीयूष पांडेय जी की स्मृति में 'रत्नव' थिएटर ग्रुप द्वारा श्री राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स‌ष मंडी हाऊस, नई दिल्ली में पीयूष रंग महोत्सव के अंतर्गत सायं 6.30 बजे लेखिका,निर्देशिका और निर्माता रमा पाण्डेय के नाटक दरखत -ए- आजाद हिंऔर 18 अप्रैल (शनिवार) नाटक 'ठाकुर जालिम सिंह' का मंचन किया जाएगा।

### स्टूडेंट्स के एडमिशन व सहभागिता को हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** सेल्सफोर्स ने एसवीकेएम के एनएमआईएमएस (नर्सी मोंजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) के साथ एक नई सहभागिता का ऐलान किया है। अमरीशभाई पटेल, चांसलर, एसवीकेएम एनएमआईएमएस डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी, ने कहा कि "जैसे-जैसे एनएमआईएमएस अपने अलग-अलग कैंपस में अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहा है, यह जरूरी है कि हम ऐसे सिस्टम बनाएं जो बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हमारे लंबे समय के विजन को दिखाते हों। अरुंधति भट्टाचार्य, प्रेसिडेंट और सीईओ, सेल्सफोर्स, साउथ एशिया ने कहा कि भारत की जानी-मानी यूनिवर्सिटी डिजिटल दौर में आपसी जुड़ाव के तरीकों को नए सिरे से सोच रही हैंख्रवे अलग-थलग पड़े सिस्टम से आगे बढ़कर ऐसे स्मार्ट, आपस में जुड़े हुए इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म बना रही हैं, जिनमें स्टूडेंट्स को सबसे ज्यादा अहमियत दी जाती है।

### 'कंटिन्यूम ऑफ केयर' पहल के जरिए लोगों के जीवन में बदलाव

**नई दिल्ली।** वेदांता लिमिटेड ने भारत के वंचित क्षेत्रों में साम.ुदायिक स्वास्थ्य को मजबूत करने और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच बेहतर बनाने के अपने संकल्प को दोहराया। भारत की अग्रणी मेटल्स, ऑयल एंड गैस, क्रिटिकल मिनरल्स, पावर और टेक्नोलॉजी कंपनी के रूप में, वेदांता ने 1,100 से अधिक गांवों में विभिन्न स्वास्थ्य पहल के माध्यम से काम किया है। इन पहलों से वित्त वर्ष 2026 में 30 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोकथाम आधारित देखभाल, शुरुआती जांच और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा मिला है। वेदांता लिमिटेड की साम.ुदायिक स्वास्थ्य पहलें देशभर में सरकारी स्वास्थ्य प्रणालियों, स्थानीय समुदायों और चिकित्सा विशेषज्ञों के साथ साझेदारी में लागू की जा रही हैं, जिससे स्थायी और बड़े स्तर पर प्रभाव सुनिश्चित हो रहा है।

### जमानत पर रहते हुए बॉक्सिंग खिलाड़ी की कर दी हत्या, पीओ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने चंडीगढ़ से एक पीओ,को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने कोर्ट द्वारा दी गई जमानत पर रहते हुए एक बॉक्सिंग खिलाड़ी की हत्या कर दी थी। वह अपराध करने के बाद से ही फरार था और 2025 के द्वारका कोर्ट द्वारा उसे घोषित अपराधी (पीओ) घोषित कर दिया गया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि हाई कोर्ट से मिली जमानत पर रहते हुए आरोपी विकास दहिया / सोनू (42) ने अपने साथियों के साथ मिलकर, पुरानी रंजिश और विवाद के चलते अपने प्रतिद्वंद्वी विकास डागर उर्फ भिंडा ( बॉक्सिंग खिलाड़ी) को खत्म करने की एक आपराधिक साजिश रची। घटना वाले दिन, आरोपी पहले से तय योजना के अनुसार मौके पर पहुंचे और पीड़ित की पहचान करने के बाद, आरोपी विकास दहिया उर्फ सोनू ने अकेले ही मुख्य हमलावर की भूमिका निभाते हुए गोलीबारी शुरू कर दी और कई राउंड गोलियां चलाईं, जबकि उसके अन्य साथियों ने इस अपराध को अंजाम देने में उसकी मदद की। पीड़ित को जानलेवा चोटें पहुंचाने के बाद, सभी आरोपी मौके से फरार हो गए और तब से फरार चल रहे थे। पीड़ित की मौके पर ही मौत हो गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर, इंस्पेक्टर विनोद यादव की देखरेख में एसआई दीपेंद्र, हेड कांस्टेबल रामनिवास, कुलदीप, परमानंद और महिला कांस्टेबल ज्ञानवती की टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की।

# यूनानी को प्रमोट करने के लिए मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** औलिया हर्बल के डायरेक्टर मोहम्मद नौशाद ने मीडिया से बात करते हुए दावा किया है कि वह यूनानी को प्रमोट करने के लिए मुल्क भर में मुहिम चलाएंगे।

इसका मकसद यह है कि यूनानी और आयुर्वेद को अब उन गांव देहात और शहरों से भी जोड़ा जाएगा जहां अभी तक यूनानी पहुंच से दूर है मोहम्मद नौशाद का कहना है कि जिन शहरों में यूनानी को इंट्रोडक्शन की जरूरत नहीं है वहां यूनानी की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए लोकल सतह पर वहां प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर और वेद, हकीमों के साथ औलिया हर्बल मीटिंग करेगा मोहम्मद नौशाद ने बताया कि औलिया हर्बल्स दिल्ली की रजिस्टर्ड कंपनी है जो कि अपने यूनानी, आयुर्वेद और कॉस्मेटिक्स प्रोडक्ट्स के लिए जानी जाती है । इस मौके पर डॉ नबील निजाम, डॉ. फुरकान , हकीम जुबैर खान, डॉ शाहनवाज हनीफ , डॉ. सुहैल सिद्दीकी, हकीम अतिर अफंडी, अनवर टीटी, डॉ. शाहिद रजा, अब्दुल रहमान , हर्षवर्धन सिंह, डॉ. कामिल , खलीक उर रहमान, डॉ. मालिक फैयाज , इकबाल मालिक , डॉ. असिम राही, डॉ उमैर, डॉ. तनवीर , डॉ.शकील , डॉ जुनेद अंसार, इसरार हुसैन, डॉ. समीर, फहद हसन, सन्नान शेख, हकीम आरिफ अकबरी , आबिद वाणी, डॉ. मजीदा काजी, डॉ सदफ, डॉ. नीलोफर , डॉ जावेद वाजिदी, डॉ. आई.ए. सिद्दीकी , मुशीर अहमद, अमीर अंसारी , हकीम हाफिज जावेद बल्खी और आरिश निजाम भी मौजूद रहे।

## रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर हुई बैठक

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिला विकास समिति के चेयरमैन जितेंद्र महाजन ने सोमवार को नंद नगरी स्थित जिला कार्यालय के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य एजेंडा रेन वाटर हार्वेस्टिंग की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा करना रहा। बैठक के दौरान चेयरमैन ने सभी विभागों से उनके-उनके क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर किए जा रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली।

# 'लाइसेंस' का दूसरा गाना हुआ रिलीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पहले गाने के वीडियो गच लागे को मिली शानदार प्रतिक्रिया के बाद, हरियाणवी सुपरस्टार मासूम शर्मा अभिनीत फिल्म लाइसेंस के निर्माताओं ने एक और दमदार ट्रैक लाइसेंस का असला रिलीज किया है। 'लाइसेंस का असला' फिल्म को लेकर उत्साह को और बढ़ाता है।

यह गाना मासूम शर्मा के सिग्नेचर स्टाइल को दर्शाता है, जिसमें मजबूत बीट्स के साथ बोल्ड हरियाणवी बोलों का मिश्रण है, जो निश्चित रूप से इस क्षेत्र के प्रशंसकों के दिलों को छू लेगा। एक्टर, कंपोजर और गायक मासूम शर्मा ने कहा, 'लाइसेंस का असला' फिल्म की संगीतमय यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। 'गच लागे' की सफलता के बाद, हमारा लक्ष्य स्तर को और ऊंचा उठाना था, और यह गाना ठीक वैसा ही करता है।

यह फिल्म के सार को पूरी तरह से पकड़ता है और रिलीज तक समग्र उत्साह को बढ़ाता है। यह ट्रैक फिल्म के रवैये और शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है, और मुझे विश्वास है कि प्रशंसकों को यह पसंद आएगा ।




जन सहयोग के माध्यम से ट्रैफिक प्रबंधन में बदलाव लाने के उद्देश्य से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 'प्रोजेक्ट संगम' लांच किया गया इस कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीएमआरसी और अन्य नागरिक निकायों के अधिकारी ने भाग लिया।

# 'स्टेरॉयड-मुक्त भारत' अभियान का किया शंखनाद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद हेरिटेज रन (नाइट मैराथन) के प्रतिष्ठित मंच पर भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी और फिट इंडिया एंबेसडर नरेंद्र कुमार यादव ने अपने राष्ट्रव्यापी अभियान "स्टेरॉयड-मुक्त भारत" का प्रभावशाली आगाज किया। राज नगर एक्सटेंशन में आयोजित इस मैराथन में हजारों धावकों की उपस्थिति के बीच उन्होंने युवाओं को कृत्रिम सप्लीमेंट्स और एनाबॉलिक स्टेरॉयड के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए प्राकृतिक फिटनेस अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर यादव ने कहा, "फिटनेस कोई शॉर्टकट नहीं, बल्कि एक साधना है।

अदालती सूचना
इश्तहार मुजरिया
**न्यायालय अपर सिविल जज सी0डि0/ए0सी0जे0एम0 द्वितीय कक्ष संख्या-17 शाहजहाँपुर।**
उत्तराधिकार वाद संख्या 59/2021
आदेश कुमार शुक्ला **बनाम**
अजय कुमार शुक्ला आदि
**बनाम**- 1.श्रीमती निर्मला शुक्ला पत्नी स्व0 अजय कुमार शुक्ला। 2. अभिषेक शुक्ला पुत्र स्व0 अजय कुमार शुक्ला वर्तमान निवासीगण 463 ग्राम होडल पलवल हरियाणा।
**.....विपक्षी संख्या 1/1 व 1/2**
दरख्वास्त मुसम्मी आदेश कुमार शुक्ला वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टिफिकेट वसूल कर्जा किफलत हाय मुसम्मी स्व0 गिरजा शंकर शुक्ला पुत्र स्व0 शीतला चरण शुक्ला नि0 मो0 सिन्जई निकट पटी गली शाहजहाँपुर मुतवफी भारतीय हिन्दू उत्तराधिकार अधि0 सन् 1923 ई0 हरगाह मुसम्मी आदेश कुमार शुक्ला वादी उक्त ने वास्ते हुसुल सर्टिफिकेट व तारीख 20.04.2026 वास्ते समाअत दरख्वास्त हाजा के मुकर्रर हुई है लिहाजा इस्तखार जारी किया जाता है कि जिस किसी को उजर हो तो स्वयं या बकील व तारीख 20.04.2026 पेस होकर उजर पेश करे दरसूरत इनकाजे तारीख मुकर्रर कोई उजर सुना नहीं जायेगा और मुनासिव हुक्म सादिर होगा। आज व तारीख 10.04.2026 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया।
न्यायालय के आदेशानुसार
मुन्सरिम/ रीडर
अपर सिविल जज सी0डी0/ ए0सी0जे0एम0 द्वितीय कक्ष संख्या-17 शाहजहाँपुर।

# दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रोजेक्ट संगम लांच किया


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली**। जन सहयोग के माध्यम से ट्रैफिक प्रबंधन में बदलाव लाने के उद्देश्य से दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने 'प्रोजेक्ट संगम' लॉन्च किया है। यह पहल 2 अप्रैल को ट्रैफिक मुख्यालय में हुई एक बैठक के दौरान दिल्ली के उपराज्यपाल के मार्गदर्शन के बाद शुरू की गई है।

इस पहल में आर डब्ल्यू ए और एम डब्ल्यू ए के साथ नियमित क्षेत्रीय बातचीत शामिल है। इसमें पीडब्ल्यूडी ,एमसीडी, डीएमआरसी और अन्य नागरिक निकायों के अधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। प्रत्येक बैठक का विवरण औपचारिक रूप से एक डिजिटल केंद्रीय भंडार में दर्ज किया जाता है, दिल्ली के संयुक्त पुलिस आयुक्त/यातायात संजय त्यागी ने बताया कि प्रोजेक्ट संगम का उद्देश्य टकराव को दोस्ती में और शिकायतों को सहयोग में बदलना है। यह दिल्ली भर के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आर डब्ल्यू ए) और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एम डब्ल्यू ए) को एक बहु-एजेंसी हितधारक संवाद में व्यवस्थित रूप से शामिल करेगा ताकि जमीनी स्तर पर ट्रैफिक संबंधी कठिनाइयों को समझा जा सके, कार्रवाई योग्य सुझाव एकत्र कर क्षेत्र-विशेष ट्रैफिक प्रबंधन समाधानों को मिलकर तैयार किया जा सके।3 अप्रैल 2026 को अपनी शुरुआत के बाद से, इस प्रोजेक्ट ने महत्वपूर्ण प्रगति की है। कुल 30 बैठकें आयोजित की गई हैं, जिनमें लगभग 6,000 लोगों ने भाग लिया। 50 से अधिक प्रमुख सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिनमें अनधिकृत पार्किंग, ई-रिक्शा प्रबंधन, गलत दिशा में वाहन चलाना, अतिक्रमण, सिग्नल की टाइमिंग, पैदल चलने वालों की सुरक्षा और जलभराव जैसे मुद्दे शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत शामिल प्रमुख स्थानों में कनॉट प्लेस, वसंत विहार, चावड़ी बाजार, अजमेरी गेट, खान मार्केट, चाणक्यपुरी, डिफेंस कॉलोनी, साउथ एक्सटेंशन, राजौरी गार्डन, साकेत, करोल बाग, दरियागंज, रोहिणी और शाहदरा आदि शामिल हैं।

# बैसाखी नवजीवन का संदेश : संत राजिन्दर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** बैसाखी के महीने में प्रकृति के लिहाज से पेड़-पौधें में नई कोपलें निकलनी शुरू हो जाती हैं, इनमें एक नई जिंदगी की शुरूआत होती है तो हमें भी इससे कुछ नया सबक लेना चाहिए जिससे कि हमारे जीवन में भी नई कोपलें फूटें ताकि हमारी नई जिंदगी का आरंभ हो और हमारे दिल से सभी भेदभाव मिट जायें। बैसाखी के उपलक्ष्य में संत राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि सन् 1699 में बैसाखी के दिन ही दशम गुरू साहिब, गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ (सिख पंथ) की शुरूआत की थी। इस दिन दशम गुरू साहिब ने पाँच प्यारों को चुना। बौद्ध लोगों के लिए भी यह दिन बड़ा मुबारक है। इसी दिन महात्मा बुद्ध का भी जन्म हुआ था। बैसाखी के दिन ही उन्हें आत्म-ज्ञान भी हुआ और इसी दिन उनका निर्वाण भी हुआ।

महापुरूष जब-जब भी इस दुनिया में आते हैं, वे एक ही बात को बार-बार पेश करते हें, वह क्या है? कि मानुष जन्म बड़े भागों से मिलता है, जिसमें हम अपने निजघर वापिस जा सकते हैं। परमात्मा महाचेतना का सागर है और हमारी आत्मा उसकी एक बूंद है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं


फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415


बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जयंती पर

# पूर्व मंत्री मुकेश सिद्धार्थ को नहीं मिली हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की अनुमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री मुकेश सिद्धार्थ ने मेरठ प्रशासन को एक प्रार्थना पत्र दिया था जिसमें उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा के दौरान पुष्प वर्षा करने की अनुमति मांगी थी, पूर्व में भी उन्हें इसकी अनुमति मिली थी और उन्होंने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की थी मगर इस बार प्रशासन ने उन्हें अनुमति नहीं दी जिसके चलते अंबेडकर जयंती पर पुष्प वर्षा नहीं कर पाएंगे।

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की अनुमति निरस्त किए जाने के बाद पूर्व मंत्री व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के संरक्षक मुकेश सिद्धार्थ ने कहा कि



पूर्व मंत्री मुकेश सिद्धार्थ

यह कार्रवाई राजनीतिक दबाव एवं द्वेषपूर्ण रवैये के चलते वर्तमान सरकार के प्रभाव में एवं अनावश्यक प्रतिबंधों के आधार पर की गई है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक महान संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के प्रतीक हैं। उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रमों पर इस प्रकार की रोक लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने जिला प्रशासन के इस निर्णय की कड़ी निंदा की और प्रशासन को यह भी बताया कि सरकारी तो आती जाती रहेगी, लेकिन सत्ता के दिमाग दबाव में इस तरह के कार्य करना अत्यंत गंभीर है, समय आने पर प्रशासनिक अधिकारियों से जवाब मांगा जाएगा। साथ ही हम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करते हैं कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर बाबा साहब के आदर्शों को आगे बढ़ाने का कार्य करें।

# जीटीबी पब्लिक स्कूल में बैसाखी व अम्बेडकर जयंती पर विशेष सभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल मेरठ कैंट में बैसाखी पर्व एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को भव्य प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा मधुर शबद-कीर्तन से हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बैसाखी के महत्व एवं सिख परंपरा के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने नृत्य एवं गिद्दा के माध्यम से उत्सव की खुशी को जीवंत किया, वहीं छोटे छात्रों द्वारा प्रस्तुत गतका प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। कक्षा 6 की छात्रा सादिया ने डॉ. अम्बेडकर के विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके समानता और समावेशी समाज के संदेश को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। अंत में उप-प्रधानाचार्या प्रभा राव ने सभी को संबोधित करते हुए सामाजिक एकता और आत्मचिंतन का संदेश दिया।


# डीएवी में बैसाखी व अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीएवी पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर, मेरठ के प्रांगण में सोमवार को बैसाखी पर्व तथा अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई उत्साहवर्धक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गएद्य कक्षा 3 की छात्रा ने 'बैसाखी कविता' की प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों में नई उमंग तथा उत्साह का संचार किया। नन्हे बच्चों ने 'आई बैसाखी बलिया ढोल बजाते हैं' गाने पर सामूहिक नृत्य कर पंजाब की उत्साहवर्धक झांकी प्रस्तुत की। सुपरवाइजर संगीता भसीन ने अपने वक्तव्य में बैसाखी पर्व पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि बैसाखी का पर्व नव वर्ष के रूप में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है, वहीं दूसरी ओर नई फसल के आगमन की उमंग होती है आज ही के दिन गुरु अंगद जी का जन्म दिवस होता है तथा गुरु गोविंद सिंह जी ने सन् 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की थी। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने 'बैसाखी पर्व' पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य अपर्णा जैन ने अंबेडकर की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में उनके प्रति अपने भाव अभिव्यक्त कर उन्हें स्मरण किया तथा श्रद्धासुमन अर्पित किए।



# अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर किसान नेता ने किया माल्यार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** किसान नेता महबूब अली शौलाना ने अपने साथियों के साथ साथ बाबा सहाब भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती की पूर्व संध्या पर गांव में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करते उन्हें याद किया। इस दौरान उनके साथ खालिद डुगरावली, तनीष मलियाना, तुषार, मलियाना आमिर सैफी मौजूद रहे। साथ ही महबूब अली सौलाना ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने देश में जो संविधान दिया है वह भारत को विश्व में महान बनाता है दुनिया उन्हें हमेशा याद रखेगी।

# बीएसके मॉडल स्कूल में बैसाखी उत्सव आयोजित, बाबा साहेब को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीएसके मॉडल स्कूल, कंकरखेड़ा में सोमवार को बैसाखी उत्सव एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया और संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रही, जिसमें छात्र-छात्राएं डॉ. अम्बेडकर, पंजाबी युवक एवं पारंपरिक पंजाबी वेशभूषा में सुसज्जित होकर मंच पर उतरे। प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास और प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंत में निदेशक डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## परशुराम जयंती पर रामलीला मैदान में होगा 31 कुंडीय महायज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भगवान परशुराम की जयंती अर्थात अक्षय तृतीया पर्व पर दिल्ली रोड स्थित रामलीला मैदान में युवा ब्राह्मण समाज संगठन के पदाधिकारियों द्वारा 31 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें श्रद्धालुओं को सवा लाख मंत्रों से अभिमंत्रित पूजन सामग्री और श्रीयंत्र नि:शुल्क भेंट किया जाएगा। संगठन के कार्यकर्ता सुनील कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा ब्राह्मण संगठन लगातार परशुराम जयंती पर महायज्ञ का आयोजन करता आ रहा है। यज्ञ का प्रारंभ सुबह आठ बजे होगा। प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन 11:30 बजे से होगा। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ओ.पी. शर्मा, सत्यदेव भारद्वाज, अनिल पाठक, जितेन्द्र गौतम, अजय शर्मा, गिरीश पाराशर, कुलदीप नारायण शर्मा, रंजन शर्मा समेत ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। समाज ने बढ़ चढ़कर महायज्ञ कार्यक्रम में भाग लेने की आम जनता से अपील की है।

# सीबीएसई संशोधन 2026 पर सीवीपीएस में प्रशिक्षण सत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल (सीवीपीएस) में सीबीएसई द्वारा लागू किए गए संशोधन 2026 को प्रभावी रूप से समझने एवं लागू करने के उद्देश्य से एक विशेष शैक्षणिक सत्र का आयोजन किया गया। सत्र का संचालन विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल मीना कपूर द्वारा किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। सत्र में सीबीएसई के नए बदलावों जैसे competency-based learning, dual-level subjects, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं कोडिंग की प्रारंभिक शिक्षा, आंतरिक मूल्यांकन के बढ़े हुए महत्व तथा स्किल-आधारित शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों को इन सुधारों को कक्षा में लागू करने के व्यावहारिक तरीकों की भी जानकारी दी गई।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस पहल का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना और शिक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं कौशल आधारित बनाना है। सत्र की रिकॉर्डिंग विद्यालय के यूट्यूब चौनल पर भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे अन्य शिक्षक भी लाभान्वित हो सकें।

# डी मोनफोर अकादमी के छात्र अक्षांत पंवार का भारतीय थल सेना में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** 'मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है।' यह यह पंक्तियां बताती हैं कि केवल सपने देखना काफी नहीं है, बल्कि उन्हें पूरा करने का दृढ़ संकल्प (हौसला) सबसे महत्वपूर्ण है। सफलता के लिए शारी. रिक क्षमता से अधिक मानसिक और भावनात्मक दृढ़ता मायने रखती है। यह साबित कर दिखाया है अक्षांत पवार पुत्र प्रताप सिंह ने। अपनी मेहनत और स्कूल की शिक्षा पर भारतीय थल सेना में शानदार सफलता प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया 183वीं रैंक हासिल की है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ उनका चयन लेफ्टिनेंट पद पर हुआ है। अक्षांत पवार ने वर्ष 2024-25 में डी मोनफोर अकादमी से 12वीं कक्षा परीक्षा उत्तीर्ण की थी। छात्र जीवन से ही वे अनुशासन परिश्रम और राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित रहे हैं। उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम आज इस गौरवपूर्ण सफलता



के रूप में सामने आया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने कहा कि अक्षांत पवार की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने अपनी लगन, परिश्रम और अनुशासन से यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यालय के निदेशक डॉ. के. के. शर्मा ने कहा कि अक्षांत पंवार की सफलता यह सिद्ध करती है कि यदि विद्यार्थी लक्ष्य के प्रति समर्पित हों, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है और यह अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करेगी। विद्यालय की निदेशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि अक्षांत ने अपनी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ निश्चय से यह मुकाम हासिल किया है। हमें विश्वास है कि वे भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवाएं देकर देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के उप प्रधानाचार्या रितु चिकारा ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास से हर सपना साकार किया जा सकता है। विद्यालय परिवार ने अक्षांत पंवार तथा उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# दौराला में चला भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मेरठ जनपद की सरधना विधानसभा के दौराला मंडल के मलखान सिंह भारद्वाज कॉलेज भराला में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में सहभागिता कर भाजपा की नीतियों के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रथम सत्र से क्रमश: विमल शर्मा अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मेरठ बागपत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और भाजपा वैचारीक पद्धति के बारे में विस्तार से बताया व द्वितीय सत्र जिला अध्यक्ष हरवीर पाल ने भाजपा का इतिहास और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बारे में विस्तार से बताया। तृतीय सत्र अमल खातिर प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा में भारतीय जनता पार्टी के कार्य करने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया चौथे सत्र भंवर सिंह तोमर जिला महामंत्री ने भाजपा के बूथ प्रबंधन और बूथ को मजबूत करना टिप्पण व्यवस्था साथ बैठकर खाना संगठन को मजबूत करने के बारे में बताएं, पांचवी सत्र में संजीव बंसल जिला उपाध्यक्ष ने जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ना सभी लाभार्थी से मिलना संपर्क करना और पार्टी को मजबूत करने के बारे में बताया। छठे सत्र में सरधना पूर्व विधायक संगीत सोम का उद्‌बोधन हुए जिसमे भाजपा सरकार की उपलब्धि हर घर सम्मान हर लाभार्थियों को उसका लाभ हर योजना का सीधा लाभ कार्यकर्ता तक पहुंचे उसके बारे में विस्तार से बताया। रात्रि विश्राम के बाद सुबह सभी ने योग और निरोगी काया के लिए योग किया सातवें सत्र में अनिल चपराना ने आज के युग में आईटी युग में आधुनिक युग में आईटी एआई के प्रचार और दुष्प्रचार के बारे में बताया और आठवीं सत्र में जिला प्रभारी मानसिंह गोस्वामी ने बूथ प्रबंध के बारे में बताया किस तरह बूथ को मजबूत किया जाए और पन्ना प्रमुख तक संपर्क किया जाए बूथ जीतेंगे तो ही गांव जीतेंगे और प्रदेश जीतेंगे हर कार्यकर्ता तक संपर्क जरूरी है। पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर लग जाने को कहा और इसके बारे में विस्तार से बताया व कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान साथ रहे किसान मोर्चा क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष अजय भारद्वाज भराला, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, जिला मंत्री नितिन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज राठी,ओमप्रकाश पाल, महामंत्री रवि पूनिया, मोहित राणा, नॉमिनेट डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संध्या त्यागी, डॉ. दिनेश, मनोज शर्मा, मुदित शर्मा, विनीत विहान, अंकुर चौहान, मिंटू कश्यप, विवेक सैन, मुदित विहान, नवनीत खरे, रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



# सरधना में एनसीईआरटी लागू न होने पर किसान यूनियन अराजनैतिक का प्रदर्शन

प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी सरधना को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू न किए जाने के विरोध में किसान यूनियन अराजनैतिक ने सोमवार को कड़ा रुख अपनाया। जिला संगठन मंत्री मेरठ अमित चौधरी छबड़िया के नेतृत्व में संगठन के एक प्रतिनिधि मंडल ने उपजिला. धिकारी सरधना को ज्ञापन सौंपकर शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं की शिकायत की और तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई।

सोमवार को तहसील में पहुंचे किसान यूनियन ने ज्ञापन देते हुए आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सरधना क्षेत्र के कई सरकारी स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू नहीं किया जा रहा है। इसके स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें छात्रों को खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इससे विशेष रूप से गरीब किसान और मजदूर वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने प्रशासन को अवगत कराया कि जहां एनसीईआरटी की एक पुस्तक की कीमत लगभग 30 रुपये होती है, वहीं निजी प्रकाशकों की वही पुस्तक 300 से 400 रुपये तक में बेची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों और बुक सेलर्स के बीच सांठगांठ के चलते कमीशनखोरी का खेल चल रहा है, जिसके कारण छात्रों को महंगी किताबें खरीदनी पड़ रही हैं। मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार भूपेंद्र सिंह को प्रतिनिधियों ने संबंधित किताबों के नमूने दिखाए और साथ ही शासन द्वारा जारी आदेशों की प्रतियां भी सौंपी जिनमें सभी सरकारी विद्यालयों में एनसीईआरटी पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर इन आदेशों की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया गया। किसान यूनियन ने यह भी दावा किया कि सरधना क्षेत्र में कुछ चुनिंदा बुक सेलर्स बड़े पैमाने पर स्कूलों में किताबों की सप्लाई कर रहे हैं और करोड़ों रुपये का कारोबार कर रहे हैं।

# मनुस्मृति संसार का पहला संविधान है: क्रांति गुरु चंद्रमोहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री परमधाम वलीदपुर में हिन्द मजदूर किसान समिति ने फसल से पहले नस्ल बचाने के प्रति जागरूकता के लिए मजदूर किसानों की एक महासभा का आयोजन किया जिसमें आस पास क्षेत्र से हिन्द मजदूर किसान समिति के पुरुष एवं महिला मजदूर-किसान शामिल हुए। इस अवसर पर महासभा को संबोधित करते हुए हिन्द मजदूर किसान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिगुरु श्री चन्द्रमोहन ने कहा कि फसल से ज्यादा कीमती, नस्ल है क्योंकि अच्छी फसल और उसकी कीमत को तो हम फिर ले सकते हैं लेकिन अगर एक बार नस्ल बर्बाद हो गई तो उसे ठीक करना बहुत कठिन है। हमारी नस्ल को खतरा नशे के जहर और जाति के कहर से है क्योंकि नशे का जहर हमारा नाश करता है और जाति का कहर हमारा सत्यानाश करता है। नशे में लगने से परिवार के परिवार बर्बाद हो चुके हैं और जब जमीन ही नहीं रहेगी तो किसान खेती कहां करेंगे? इसलिए नरल को बचाना बहुत ही जरूरी है। महासभा में हजारों मजदूर किसान शामिल हुए, इस अवसर पर ओमप्रकाश, कुलदीप, विकास, राजपाल, दीपक, अमित एवं सतीश इत्यादि का सहयोग रहा।

# स्कूल संचालकों की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ जनपद में स्कूल संचालकों की मनमानी इस कदर हावी है कि अभिभावकों को एक ही निर्धारित दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इन दुकानों से निजी प्रकाशनों की महंगी किताबें लेने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे अभिभावकों की जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है। इस पूरे मामले में विभागीय अधिकारी मौन बने हुए हैं। सीसीएसयू के छात्र नेता शान मुहम्मद व भीम आर्मी छात्र सभा के पश्चिम प्रभारी शान मुहम्मद के नेतृत्व में बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव कर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी से छात्र नेता शान मुहम्मद की समय न देने को लेकर तीखी नोकझोंक हुई, जिसके बाद आशा चौधरी ने छात्रों से कार्यालय में ज्ञापन लेकर दुकानों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की बात कही।



छात्रों का आरोप था कि अधिकारी (बेसिक शिक्षा अधिकारी) कार्यालय से महज 50 मीटर की दूरी पर ही निजी प्रकाशनों की महंगी किताबों का खेल चल रहा है। वहीं किठौर खरखौदा, राजपुरा, माछरा ब्लॉक यहां कक्षा 2 का सेट करीब 6 हजार रुपये और कक्षा 3 का सेट लगभग 7 हजार रुपये में उपलब्ध है। इनमें शामिल सभी किताबें निजी प्रकाशनों की हैं। कक्षा 2 के सेट में 16 और कक्षा 3 के सेट में 17 किताबें शामिल हैं। किताबों का यह सेट जहां अभिभावकों की जेब पर बोझ डाल रहा है, वहीं बच्चों के कंधों का भार भी बढ़ाएगा। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन और दुकानदारों के बीच कमीशन का खेल चलता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराते हुए कापी, पाठ्य पुस्तके, ड्रेस, स्कूल बैग, जूते-मोजा आदि विद्यालय, निर्धारित दुकानदारों से ही खरीदने हेतु बाध्य किया जा रहा है जबकि शासन/विभाग से स्पष्ट निर्देश है कि उक्त सभी सामग्री को क्रय करने के लिये किसी भी छात्र-छात्रा को विवश नहीं किया जायेगा। इसी प्रकार विद्यालय एनसीईआरटी की पुस्तके पाठ्य पुस्तकों में शामिल न करते हुए अन्य पब्लिकेशन की पुस्तकों को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि एनसीईआरटी द्वारा संच. ालित पुस्तकों को ही पाठ्यक्रम में सम्मिलित करें तथा उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के अनुसार विद्यालय में प्रवेश एवं शुल्क के सम्बन्ध में उल्लिखित दिशा-निर्देशो के अनुसार ही शुल्क एवं प्रवेश शुल्क प्राप्त करें। उक्त के अतिरिक्त यह भी कि किसी भी दशा में छात्र-छात्राओं तथा अभिभावको से विद्यालय/निर्धारित दुकानदारों से पाठ्पुस्तक, कापी, ड्रेस, जूता-मोजा आदि क्रय किये जाने हेतु बाध्य न किया जायें। उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 में उल्लिखित किसी भी प्रकार के विचलन की स्थिति में सम्बन्धित विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य स्वयं को पत्र जारी कर कार्यवाही की जाए। इस दौरान आरिश इमरान, आरफीन चौहान, तस्लीम अहमद, जैद, इस्लाम, करार हुसैन, ओसामा, आकाश शेरगढ़ी, आसिफ मौजूद रहे।

# महिलाएं अब निर्णय लेने की प्रक्रिया का मुख्य हिस्साः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि देश की तरक्की, विकास और दुनिया में भारत की पहचान बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई दूरदर्शी नीतियों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का स्वागत किया और उनका धन्यवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय महिलाओं के ऐतिहासिक संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा कि सती प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा और कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक चुनौतियों को पार कर आज की नारी ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

एक दौर था जब बेटियों के अस्तित्व पर संकट था, लेकिन आज माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' से कहीं आगे बढ़कर 'बेटी बढ़ाओ' के युग में प्रवेश कर चुका है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने वर्ष 2014 के बाद आए बदलावों पर चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की हर योजना के केंद्र में महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को रखा गया है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत बने शौचालयों, उज्ज्वला योजना से मिली धुआं-मुक्त रसोई और जनधन खातों के जरिए मिली आर्थिक स्वतंत्रता को महिला गरिमा के लिए मील का पत्थर बताया।

उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियां न केवल शिक्षा और पोषण में आगे हैं, बल्कि सेना में फाइटर जेट उड़ाकर देश की सीमाओं की रक्षा भी कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सुषमा स्वराज और निर्मला सीतारमण जैसे उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं को विदेश और वित्त मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपकर यह सिद्ध कर दिया है कि साहस और निर्णय क्षमता किसी एक लिंग तक सीमित नहीं है। उन्होंने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को ऐतिहासिक बताते हुए ने कहा कि विधानसभा और संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान केवल विधायी सुधार नहीं, बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने वाला कदम है।

## दिल्ली विधानसभा को फिर मिली बम की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विधानसभा को सोमवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस बार ई-मेल में 15 आरडीएक्स आईईडी बम लगाने और तीन घंटे के भीतर धमाका करने का दावा किया गया। इस ई-मेल में चुनाव से पहले ब्राह्मणों को तमिलनाडु की सत्ताधारी क्षेत्रीय पार्टी डीएमके से दूर रहने की चेतावनी दी गई। इसमें हिंदी में लिखा, ष्किसी भी ब्राह्मण को डीएमके में शामिल नहीं होना चाहिए। अगर वह ऐसा करता है, तो उसे नग्न अवस्था में 'पेरियार-अंबेडकर जिंदाबाद' का नारा लगाना होगा, तभी उसे हमारे साथ शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों और दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच गया है।

# अंतर्राज्यीय साइबर धेखाधड़ी का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने निवेश धोखाधड़ीश घोटाले में मुख्य आरा. ेपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी ने अपने बैंक खाते में धोखाधड़ी से हासिल रकम प्राप्त कर उस रकम को आगे ट्रांसफर किया था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने बताया कि फेसबुक मैसेज के जरिए उससे एक ट्रेडिंग लिंक कंपनी के संबंध में संपर्क किया गया था। इसके बाद,उसे एक ग्रुप में जोड़ा गया, जहाँ सदस्यों ने उसे ष्एक ट्रेडिंग एप्लिकेशन डाउनलोड करने के लिए मनाया। इसके बाद उसे शेयर बाजार में पैसे निवेश करने के लिए उकसाकर ऊँचे मुनाफे का भरोसा दिलाया गया।

इन बातों पर भरोसा करके, उसने धोखेबाजों के निर्देशानुसार 8 अलग-अलग बैंक खातों में कुल 45,90,000 रूपये की रकम ट्रांसफर कर दी । बाद में, एप्लिकेशन ने उसके ट्रेडिंग खाते में लगभग सात करोड़ का काल्पनिक मुनाफा दिखाया हालाँकि, जब शिकायतकर्ता ने उस रकम को निकालने की कोशिश की तो उसकी रिक्वेस्ट फेल हो गई। उसे आगे निर्देश दिया गया कि रकम निकालने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए वह एक हफ्ते के अंदर कुछ और रकम जमा करे, ऐसा न करने पर उसका खाता ब्लॉक कर दिया जाएगा।

## एलपीजी संकट ने बदले लोगों के कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गैस सिलिंडर की कमी के चलते छोटे फास्ट फूड कारोबारियों के सामने आए रोजी-रोटी के संकट ने नया रास्ता निकाल लिया है। चूल्हा ठंडा पड़ा तो हाथ भी नहीं रुके। टिक्की, कचौड़ी और मोमोज बेचने वाले अब बेल का जूस, शिकंजी, जल-जीरा और लेमन सोडा बेचकर अच्छी कमाई कर रहे हैं। भीषण गर्मी में ठंडे पेय और ताजे फलों की बढ़ती मांग ने इन दुक. ानदारों की किस्मत बदल दी है। हालात ऐसे बदले कि जिनकी आय पहले ठप हो गई थी, अब वही लोगफिर से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। सिलिंडर की कमी के चलते इन दुकानदारों के लिए चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया था। गैस के बिना टिक्की, कचौड़ी या मोमोज जैसे खाद्य पदार्थ बनाना संभव नहीं था।

# बढ़ेगी तपिश, गर्म हवाओं के लगेंगे थपेड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसी आर में अब गर्मी का असर बढ़ने लगा है। एक सप्ताह में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने का अनुमान है। बीते 24 घंटों में अधिकतम तापमान 35 -36 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 7 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है। उसके बाद यह सामान्य से ऊपर या काफी ऊपर रह सकता है। ऐसे में रविवार को दिनभर तेज धूप के चलते लोगों को गर्मी का अहसास हुआ। सुबह से ही निकल रही तेज धूप ने लोगों को खासा परेशान किया। इस दौरान अधिकतम तापमान 34.7 ब और न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री दर्ज हुआ।

मौसम विभाग के अनुसार, 13 से 18 अप्रैल के बीच मौसम आमतौर पर साफ रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान लगातार बढ़ते हुए 35-37 डिग्री सेल्सियस से शुरू होकर 39-41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 18-20 डिग्री से बढ़कर 23-25 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है।



विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन करते हुए।

# परिवहन मंत्री ने नागरिकों से ईवी अपनाने को कहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने ईवी पॉलिसी 2.0 के ड्राफ्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमारी सरकार एक स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर राजधानी के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) को अपनाएं और पब्लिक डोमेन में उपलब्ध ड्राफ्ट पॉलिसी को पढ़कर अपने सुझाव सरकार से साझा करें।मंत्री ने बताया कि दिल्ली ईवी पॉलिसी- 2.0 का ड्राफ्ट 30 दिनों तक के लिए सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। इस दौरान प्राप्त सुझावों और आपत्तियों को मसौदे में समाहित किया जाएगा। जिसके बाद बहुत जल्द पॉलिसी को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि हमारी सरकार ने दिल्ली के ईवी सब्सिडी से वंचित हजारों लाभार्थियों को ईवी सब्सिडी प्रदान की है और लंबित मामलों का भुगतान भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नई पॉलिसी के तहत सब्सिडी और अन्य प्रोत्साहन को इस तरह से बनाया गया है कि आम नागरिकों पर किसी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़े।

ईवी पॉलिसी 2.0 के ड्राफ्ट के तहत टू-व्हीलर, थ्री व्हीलर और वाणिज्यिक वाहनों के लिए आकर्षक वित्तीय इंसेंटिव प्रस्तावित किए गए हैं। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर बैटरी क्षमता के आधार पर प्रोत्साहन के साथ ई-ऑटो और इलेक्ट्रिक मालवाहक वाहनों के लिए विशेष सब्सिडी का प्रावधान है।

# केजरीवाल ने दिल्ली कोर्ट में खुद दी दलील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केजरीवाल ने आबकारी घोटाले के मामले में न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को सुनवाई से हटाने (रिक्यूजल) की अर्जी पर सुनवाई के दौरान कहा कि वे न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा और सम्पूर्ण न्यायपालिका का बहुत सम्मान करते हैं। उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से सहयोग की अपेक्षा जताते हुए कहा कि दोनों पक्ष केवल रिक्यूजल अर्जी पर ही ध्यान केंद्रित करेंगे। केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि वे आज आरोपित की हैसियत से नहीं, बल्कि दोषमुक्त व्यक्ति की हैसियत से कोर्ट में खड़े हैं। केजरीवाल ने बताया कि 9 मार्च को इस कोर्ट में पहली सुनवाई हुई थी। उस समय केवल सीबीआई पक्ष मौजूद था और मात्र 5 मिनट की सुनवाई में ट्रायल कोर्ट के आदेश को प्रथम दृष्टया गलत करार दे दिया गया।

उन्होंने कहा, जब यह आदेश आया तो मेरा दिल बैठ गया। मुझे संदेह होने लगा कि क्या अदालत पक्षपाती है और क्या मुझे यहां न्याय मिल पाएगा। इसी कारण उन्होंने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर मामले को किसी अन्य पीठ को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया और फिर रिक्यूजल अर्जी दाखिल की। केजरीवाल ने तर्क दिया कि जज का वास्तविक पक्षपात होना जरूरी नहीं है। यदि संबंधित पक्षकार के मन में उचित और गंभीर संदेह है, तो न्यायमूर्ति को सुनवाई से अलग होना चाहिए।उन्होंने कहा, श्मेरे मन में आशंका है और मेरी यह छोटी-सी आपत्ति अदालत व पक्षकार के बीच का मामला है। इसमें सीबीआई का कोई अधिकार नहीं है और इसे पक्षकार नहीं बनाया जाना चाहिए। केजरीवाल ने तर्क दिया कि 9 मार्च के आदेश में ईडी के तहत ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगा दी गई थी। यह एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका थी, जिसमें ईडी का कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केवल मौखिक मांग की थी और उनकी उसी मौखिक प्रार्थना पर बिना किसी की सुनवाई किए आदेश पास कर दिया गया।

## क्रेडिट कार्ड के बोनस पॉइंट्स रिडीम करने के बहाने की धोखाधड़ी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के साइबर थाने के स्टाफ ने क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किए है।पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 2.45 लाख की धोखाधड़ी के मामले को सुलझा लिया है। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि एक व्यक्ति की शिकायत पर साइबर थाने के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे एक ऐसे व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद को बैंक का कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव बताया और क्रेडिट कार्ड के बोनस पॉइंट्स रिडीम करने के बहाने उसे झांसे में लिया। शिकायतकर्ता को एक नकली लिंक पर क्लिक करने के लिए राजी किया गया, जो एक ऐसी वेबसाइट पर ले गया जो देखने में बिल्कुल असली लग रही थी। अपने क्रेडिट कार्ड की जानकारी डालते ही, कई अनाधिकृत लेन-देन हुए, जिसके परिणामस्वरूप कुल 2,45,702/- रूपये की धोखाधड़ी हुई।इसके बाद एसीपी ऑपरेशन मोहिंदर सिंह की देखरेख में एसएचओ साइबर विजय कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।: -जांच के दौरान, टीम ने तकनीकी निगरानी और डिजिटल विश्लेषण किया, जिससे पता चला कि धोखाधड़ी से हासिल की गई रकम का इस्तेमाल शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके एक ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म के जरिए चार मोबाइल फोन खरीदने में किया गया था।आगे के तकनीकी विश्लेषण से धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए आठ मोबाइल नंबरों की पहचान हुई।

## सोने के गहने चुराने में शामिल गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के पांडव नगर थाने के स्टाफ ने मयूर विहार में रिहायशी घर से सोने के गहने चुराने में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से चोरी हुए सोने के गहनों को बरामद कर लिया है।

दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल को एक शिकायतकर्ता ने पांडव नगर थाने में मयूर विहार फेज-प्प, स्थित अपने आवास से चोरी होने की शिकायत की थी।शिकायत के अनुसार उसके घर से सोने की वस्तुएं (सोने की अंगूठियां, 1 सोने की चेन, 1 सोने का बिस्किट, 3 जोड़ी सोने की बालियां, 2 सोने के लॉकेट) चोरी हो गई थीं।

# छोटे शहरों में फिट रहने की चाह पर निरंतरता चुनौती : स्टडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यह अक्सर छोटी-छोटी आदतों से शुरू होता है-कभी मीटिंग के कारण वर्कआउट छोड़ देना, कभी घर की जिम्मेदारियों के चलते टहलना टाल देना, या रोजमर्रा की भागदौड़ में नींद से समझौता कर लेना। धीरे-धीरे यही छोटी बातें जुड़ती जाती हैं और सेहत प्राथमिकताओं की सूची में नीचे खिसक जाती है। हालांकि स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ रही है, फिर भी ज्यादातर भारतीय अपनी दिनचर्या में निरंतरता बनाए रखने में संघर्ष कर रहे हैं। हाबिल्ड द्वारा 5,000 से अधिक लोगों पर किए गए सर्वे में यह बात सामने आई है।

हाबिल्ड की नई स्टडी के अनुसार, 42.5% लोग मानते हैं कि व्यस्त होने पर सबसे पहले सेहत ही उनकी प्राथमिकताओं से बाहर हो जाती है, जबकि वे इसके महत्व को अच्छी तरह समझते हैं। मेट्रो से लेकर टियर 1, 2 और 3 शहरों तक के 5000 से अधिक लोगों के जवाब यह दिखाते हैं कि लोग जानते तो हैं कि उन्हें क्या करना चाहिए, लेकिन उसे नियमित रूप से कर नहीं पाते।




'नारी वंदन अधिनियम' की जानकारी मीडियाकर्मी को देतीं भाजपा नेत्री।

# 'नारी वंदन अधिनियम' संरक्षण पर महिलाओं में जोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी 16 अप्रैल को भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिलाओं के हित संरक्षण हेतू कल्पित 'नारी वंदन अधिनियम' संरक्षण पर संसद में चर्चा कर उसे पारित करवाने को लेकर देश की महिलाओं की आंखों में एक नया जोश एवं चमक साफ दिखाई दे रही है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की इस अधिनियम को लेकर जहां राजनीति में पहले से कार्यरत महिलाओं में जोश दिख रहा है वहीं ऐसी महिलाएं जिनको राजनीति से परोक्ष रूप से कुछ लेना देना नही है वह भी अब 'नारी वंदन अधिनियम' पर चर्चा कर रही हैं और उसे अपना मुखर समर्थन दे रही हैं।देश के दो प्रख्यात फिल्म कलाकारों स्वर्गीय ऋषि कपूर एवं नीतू सिंह कपूर की पुत्री रिद्धिमा कपूर साहनी' जो अनेक वर्षों से दिल्ली में स्वंय एक प्रख्यात ज्वेलरी एवं फैशन डिजाइनर के रूप में स्थापित हैं और अब उनकी एक लेखक एवं एक्टर के रूप में भी नई पहचान उभरी है ने दिल्ली भाजपा प्रवक्ता न्योमा गुप्ता के माध्यम से दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचद. ेवा से बात कर भाजपा सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए किये जा रहे कार्यों का स्वागत किया।

# जीटीबी अस्पताल मे बाबा आंबेडकर पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा डिस्ट्रिक के गुरुतेग बहादुर अस्पताल के लाइब्रेरी हॉल मे बाबा साहब आंबेडकर को याद करते हुए आंबेडकर ओर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर उनका दृष्टिकोण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पद्मश्री डॉ. जगदीश प्रसाद ओर डॉ. सिद्धार्थ रामू ने आमंत्रित थे। जबकि वक्ता के रूप मे जीटीबी अस्पताल डायरेक्टर डॉ विनोद कुमार, डॉ धीरज शाह, डॉ. कुलदीप (प्रोफेसर, मेडिसिन डिपार्टमेंट), डॉ. अरुण शर्मा ओर डॉ अनिल यादव उपस्थित थे जिन्होंने वहां उपस्थित जनसमूह को स्वास्थ्य से जुडी जानकारियां सांझा की ओर आंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

डॉ. विनोद ने बताया कि जीवन मे स्वस्थ जीवन सबसे महत्वपूर्ण है ओर सामाजिक रूप से सभी को इस तरफ ध्यान देना चाहिए स डॉ. कुलदीप ने बताया बाबा साहब आंबेडकर जी ने अपना पूरा जीवन सामा. जिक कार्यो मे लगा दिया, उन्होंने पूरा प्रयास किया था कि सभी को अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य ओर समाज मे समानता बने स डॉ कुलदीप ने बताया स्वस्थ जीवन प्रत्येक नागरिक का अधिकार है ओर इसके लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। डॉ. सिदार्थ रामू ने अपने वक्तव्य मे कहा कि पहले दबे-कुचले समाज के साथ काफी भेदभाव किया जाता था उनको गांव के बाहर दक्षिण मे बसाया जाता था, कुपोषण की वजह से यह लोग बिमारियों का शिकार होते थे, दूषित पानी ओर भोजन भी इनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता था। बाबा साहब आंबेडकर ने संघर्ष करके उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी ओर इनको समाज मे समानता दिलाई।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई - निविदा करते है।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 367025 |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "एमएलआर अनुसूची के अंतर्गत एलएचबी कोचों में विद्युत और यांत्रिक वस्तुओं का पूर्ण निष्कासन तथा फ्लोरिंग और पीवीसी स्थापना के साथ-साथ प्लंबिंग कार्यों का फिटमेंट" |
| अनुमानित लागत | रुपये 9590111.28/- जीएसटी @ 18% सहित |
| बयाना राशि | रु. 191800/- |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | बारह महीने |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि | दिनांक: 25.04.2026 12:00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साइट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

स. 367025 दिनांक : 11.04.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1231/26


## अब और प्रतीक्षा नहीं कर सकता महिलाओं का प्रतिनिधित्वः अनुजा कपूर



**नई दिल्ली।** भारत ने कभी भी स्वयं को नए सिरे से करने से परहेज नहीं किया है। हर पीढ़ी ने हमारे लोकतंत्र की लंबी यात्रा में अपना एक नया अध्याय जोड़ा है। अब सवाल यह नहीं की क्या महिलाओं को हमारे विधायी संस्थानों में अधिक आवाज मिलनी चाहिए। इस पर बहस समाप्त हो चुकी है। असली प्रश्न यह है क्या हम एक राष्ट्र के रूप में इस क्षण की मांग के अनुरूप तत्परता और एकजुट से स्वीकार करेंगे। यह बात आज दिल्ली भाजपा प्रवक्ता व लेखिका अनुजा कपूर ने कही।उन्होंने कहा कि इस समय देश विभिन्न क्षेत्र में त्योहारों के माध्यम से सांस्कृतिक और नैतिक आत्मचिंतन में डूबा हुआ है और महात्मा फुले तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जैसे समाज सुधारको याद कर रहा है। जिन्होंने सामाजिक न्याय को लोकतांत्रिक प्रगति से जोड़ा है।

कक्षाओं से लेकर कारपोरेट बोर्ड रूम तक स्टार्टअप केंद्रों लेकर रक्षा सेवाओं तक महिलाएं भारत की कहानी को नया आकार दे रही है। उद्यमिता शासन कला और सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों ने यह सिद्ध किया है कि वे हाशिए पर खडी दर्शक नही,बल्कि आधुनिक भारत की निर्माता है।

# उत्तर रेलवे बदलेगा आनंद विहार टर्मिनल की सूरत

**एम.ए. अरमान**

**नई दिल्ली।** आनंद विहार रेलवे टर्मिनल पर जल्द ही बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिलेगा। उत्तर रेलवे की ओर से यहां करीब 4.19 करोड़ रुपये की विकास परियोजना शुरू की जा रही है, जिसके तहत स्टेशन के बुनियादी ढांचे और यात्री सुविधाओं को व्यापक रूप से उन्नत किया जाएगा।

इसके लिए निविदा प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। प्लेटफॉर्म संख्या 1 से 7 तक के जर्जर हिस्सों की मरम्मत भी इस योजना का अहम हिस्सा है। प्लेटफॉर्म शेड, वैली गटर और छतों की मरम्मत कर जलभराव और पानी टपकने की समस्या से राहत दिलाई जाएगी। साथ ही स्टेशन भवन की दूसरी मंजिल पर नौ कमरों का जीर्णोद्धार कर उन्हें आधुनिक विश्राम गृह में बदला जाएगा।

भीड़ प्रबंधन को सुधारने के लिए प्रवेश और निकास मार्गों को व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। लंबे समय से कोच केयर सेंटर और खराद मशीन शेड में बनी जलभराव व रिसाव की समस्या का भी समाधान किया जाएगा। इस परियोजना के जरिए टर्मिनल को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। परियोजना के तहत सबसे पहले स्टेशन के संपर्क मार्गों को दुरुस्त किया जाएगा। सर्कुलेटिंग एरिया से सैलून साइडिंग और कोच केयर सेंटर से वॉशिंग लाइन कॉम्प्लेक्स तक के रास्तों को बेहतर बनाया जाएगा, जिससे वाहनों की आवाजाही सुचारु होगी और रखरखाव कार्यों में तेजी आएगी। इसके अलावा नए प्लेटफॉर्मों पर जीपीएस आधारित डिजिटल घड़ियां, उच्च क्षमता वाले पब्लिक एड्रेस सिस्टम और आधुनिक स्पीकर लगाए जाएंगे।

नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल और दिल्ली जंक्शन स्थित पार्सल कार्यालयों में पार्सल स्कैनर के लिए 4.26 करोड़ रुपये के तीन ठेके पांच वर्षों के लिए प्रदान किए गए।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एडीईएन/एनआरसीएच के अधीन एसएसई/वर्क्स/एनआरसीएच अनुभाग में तीन वर्षों तक टैंकरों के माध्यम से एनआरसीएच को पीने योग्य पानी की आपूर्ति। | रु. 50,99,723.64 | रु. 1,02,000/- | 36 माह | 05.05.2026 |

सूचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 05.05.2026, 15:00 बजे तक ही भरी जायेगी।

पत्र सं.: 128-W-269-O.E.T.-01-26-27-NRCH दिनांक: 13.04.2026 1239/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बारात से लौटते वक्त मौत का तांडव, ट्रक-बस भिड़ंत में 6 की दर्दनाक मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे ने छह परिवारों की खुशियां पल भर में मातम में बदल दीं। डासना से गुलावठी गई एक बारात खुशी-खुशी शादी समारोह में शामिल होकर लौट रही थी, लेकिन धौलाना क्षेत्र में पहुंचते ही बस की आमने-सामने से आ रहे ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी और ट्रक बस के ऊपर ही पलट गया।

हादसे के समय बस में सवार लोग गहरी नींद में थे। अचानक हुए इस भयानक टकराव से चीख-पुकार मच गई। ट्रक के नीचे बस दब जाने से करीब 13 लोग उसमें फंस गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य में जुट गए। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासन की टीम ने राहत एवं बचाव कार्य चलाकर बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जनपद के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि बारात डासना से गुलावठी गई थी और देर रात वापस लौटते समय यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद बस खाई में गिर गई और ट्रक उसके ऊपर पलट गया, जिससे बड़ा नुकसान हुआ। घायलों का उपचार जारी है और मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सुचारू कराया। पूरे क्षेत्र में इस हादसे को लेकर शोक की लहर है और मृतकों के घरों में कोहराम मचा हुआ है।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ उबाल, गुस्साए उपभोक्ताओं ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आवास विकास क्षेत्र में सोमवार को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय के बाहर स्मार्ट मीटर के विरोध में उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग, जिनमें महिलाएं भी शामिल रहीं, सड़क पर उतर आए और जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से उन्हें लगातार बिलिंग और रीडिंग से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मीटर लगने के बाद बिजली बिल अचानक बढ़ गए हैं, जिससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने विभाग पर मनमानी का आरोप लगाते हुए पुराने मीटर सिस्टम को फिर से लागू करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं की भागीदारी खास तौर पर देखने को मिली। उन्होंने सड़क पर बैठकर विरोध जताया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की। स्थिति की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन लोग अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे। इस दौरान काफी देर तक हंगामे का माहौल बना रहा और आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का वातावरण देखने को मिला। गांधी विहार, संजय बिहार, वैशाली कॉलोनी और अमृत विहार समेत कई क्षेत्रों के लोग इस प्रदर्शन में शामिल हुए। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



# हापुड़ में आग का कहर, जली 20 झुग्गियां, थाना प्रभारी ने दिखाई बहादुरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के फुलगढ़ी में सोमवार को उस समय अफरा तफरी मच गई, जब अचानक झुग्गियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक करीब 20 झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग पहले एक झुग्गी में लगी, लेकिन तेज हवा के चलते कुछ ही देर में उसने आसपास की झुग्गियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और उठता धुआं दूर से ही दिखाई दे रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना देहात प्रभारी नीरज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालात की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू करा दिया। इस दौरान कई लोगों की जान बाल-बाल बच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी नीरज कुमार ने दमकल विभाग के पहुंचने का इंतजार नहीं किया, बल्कि खुद ही मोर्चा संभाल लिया। उन्होंने हाथ में पानी का पाइप लेकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। उनके साथ स्थानीय लोगों ने भी साहस दिखाते हुए आग पर काबू पाने में मदद की। काफी मशक्कत के बाद आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया। कुछ देर बाद दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंचीं, जिनकी मदद से सुलग रही आग को पूरी तरह बुझाया गया। गनीमत रही कि समय रहते लोगों को बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# पूर्व मंत्री मदन व भानु प्रताप आमने-सामने, अभद्र बयान से गरमाई सियासत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ क्षेत्र में एक होटल के उद्घाटन समारोह के दौरान उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब पूर्व मंत्री मदन चौहान और भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप के बीच तीखी बहस के बाद धक्का-मुक्की हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कार्यक्रम स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो जल्द ही विवाद में बदल गई। बहस के दौरान स्थिति बिगड़ने पर धक्का-मुक्की भी हो गई, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आयोजकों और अन्य लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया।

घटना के बाद पूर्व मंत्री मदन चौहान नाराज होकर कार्यक्रम स्थल से बाहर आ गए। बाहर आने के बाद उन्होंने मीडिया के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की और इस दौरान उन्होंने कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए किसान नेता भानु प्रताप पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्द कहने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और इस तरह की भाषा बोलने वालों का मुंह तोड़ दिया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला और तूल पकड़ गया। वीडियो के सामने आने के बाद राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी के हापुड़ जिलाध्यक्ष आनंद गुर्जर ने इस घटना को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को संयमित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग इस पूरे घटनाक्रम को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई औपचारिक कार्रवाई सामने नहीं आई है, लेकिन वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की चर्चा जरूर हो रही है।

# धौलाना थाने में नारी शक्ति का संदेश, छात्राओं ने देखा लाइव सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को धौलाना थाने में 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का सीधा प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम को बड़े स्क्रीन के माध्यम से छात्राओं और शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक देखा और सुना।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं और अध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत चल रही विभिन्न योजनाओं और पहल की जानकारी भी दी गई। थाना प्रभारी अवनीश शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'मिशन शक्ति' का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 112 और 181 की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने भी सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल और स्पष्ट भाषा में जवाब दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने इस पहल की सराहना की और इसे अपने लिए उपयोगी बताया।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम, थाने में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर में सोमवार को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी महिलाओं को थाने पर आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम से जोड़ा गया और महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को लाइव दिखाया गया सभी ने कार्यक्रम को गंभीरता से सुना और अभियान के उद्देश्यों को समझा।

थाना प्रभारी विनोद पांडेय ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'मिशन शक्ति' का उद्देश्य समाज में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा उपायों की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल और प्रभावी तरीके से समाधान किया। थाना परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों और अन्य पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला हुई लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ घर लौट रही महिला चाट खाने के बहाने बाइक से उतारी और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पीड़ित पति ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध रूप से कब्रिस्तान में खड़े शीशम सात पेड़ काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के ग्राम पलवाड़ा स्थित कब्रिस्तान में शीशम के पेड़ों के कटान के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वन विभाग की संस्तुति के बाद आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

12 अप्रैल की रात को शिकायतकर्ता बकील अहमद निवासी ग्राम पलवाड़ा ने सूचना दी थी कि गांव के कब्रिस्तान में शीशम के पेड़ों को काटा जा रहा है। सूचना पर वन विभाग की टीम शिकायतकर्ता व ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची, जहां जांच में सात शीशम के पेड़ कटे पाए गए। पेड़ों की जड़ें मौके पर मौजूद थीं, लकड़ी बरामद हुई,शिकायतकर्ता ने गांव के ही इनुस मलिक और पप्पू मलिक पर पेड़ कटवाने का आरोप लगाया। जांच में सामने आया कि पेड़ों के कटान के लिए वन विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी। वन विभाग की तहरीर के आधार पर थाना में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### भाई-भतीजे पर जानलेवा हमला करने का आरोप, गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर निवासी एक व्यक्ति ने अपने सगे भाई व भतीजे पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते उसे रास्ते में घेरकर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित पुष्पेन्द्र चौधरी ने थाना में तहरीर में उल्लेख किया कि 12 अप्रैल की रात करीब 8 बजे वह अपने काम से घर लौट रहा था। जैसे ही वह घर के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए बैठे उसके भाई और भतीजा ने उसे रोक लिया और मोटरसाइकिल से गिराकर धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह घायल हो गया, और वह लहूलुहान हो गया।पीड़ित के अनुसार, वह किसी तरह अपनी जान बचाकर घर में घुसा, लेकिन आरोपी पीछे-पीछे घर में भी आ गए और उसे नीचे गिराकर बेरहमी से मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों व अन्य लोगों को आता देख आरोपी गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित की पत्नी उसे थाने ले गई, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। वहां उसका मेडिकल कराया गया। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए

### बस स्टाफ ने यात्रियों के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पंजाब से हरदोई के लिए सवारी लेकर जा रही बस के चालक ने सवारियों को गढ़ पहुंचने पर उतार दिया। सवारियों द्वारा उसका विरोध किया गया तो बस स्टाफ ने होटल स्टाफ के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित सवारियों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। जनपद हरदोई के बेनीगंज निवासी अनिल कुमार ने बताया कि रविवार को वह पंजाब से अपने घर हरदोई के लिए बस में सवार होकर जा रहा था। उनके साथ अन्य सवारी भी मौजूद थे। बस स्टाफ ने हरदोई तक बस जाने की बात कहते हुए उनको बैठाया था। लेकिन देर रात को गढ़ हाईवे स्थित एक ढाबे पर बस को रोक कर बस स्टाफ ने आगे बस न जाने की बात कहीं। सवारियों ने आगे जाने के लिए दवाब बनाया तो स्टाफ ने उनके साथ गाली गलौज की, विरोध करने पर आरोपियों ने सवारियों के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित सवारियों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# गली में खेल रहे 8 वर्षीय मासूम बच्चे पर आवारा कुत्ते ने किया जानलेवा हमला, घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ नगर के मोहल्ला मीरा रेती निवासी दिलपाल के आठ वर्षीय बेटा अजय पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां से उसे हापुड़ के लिए रेफर कर दिया गया। बता दें कि बढ़ती गर्मी के साथ कुत्तों के आतंक बढ़ गए है।

रविवार की शाम को अजय प्रतिदिन की तरह अपने घर के बाहर खेल रहा था। घर के बाहर खेलते समय उस पर अचानक आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से उसके काफी जगह चोट आई और उसका पैर का मांस बुरी तरह नोच लिया गया। कुत्तों के हमले से बच्चे की चीख पुकार मच गई। और आसपास खेल रहे और बच्चों में भगदड़ मच गई।

बच्चो की चीख पुकार की आवाज सुनकर आसपास में रहने वाले लोग भारी मस्कत के बाद कुत्तों को भगाया और परिजनों ने घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बता दें कि बढ़ती गर्मी के साथ कुत्ते खुंखार हो गए है। प्रतिदिन गढ़ नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कुत्तों के हमले में घायल होने वाले रोगियों की संख्या बढ़ गई है।

# वृंदावन हादसे के बाद ब्रजघाट में बड़ा सुरक्षा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** वृंदावन में हुए नाव हादसे के बाद ब्रजघाट में प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सोमवार को गंगा घाट पर विशेष अभियान चलाते हुए नावों का रजिस्ट्रेशन और लाइफ जैकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक व नगर पालिका ईओ भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान 144 नावों का रजिस्ट्रेशन किया गया तथा प्रत्येक नाव के लिए 10 की दर से कुल 1440 लाइफ जैकेट वितरित की गईं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी नाव गंगा में संचालित नहीं होगी और सभी नावों में लाइफ जैकेट रखना अनिवार्य होगा। जैकेट वितरण कार्यक्रम में पहुंचे विधायक हरेंद्र तेवतिया, ईओ पालिका पवित्रा त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारियों ने नाविकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए निर्देश दिए कि क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गंगा में नौका विहार के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करना बेहद जरूरी है। इस मौके पर आपदा विभाग के गजेंद्र बघेल,अरुण गौड़,विनय मिश्रा, दीपक गौड़, ओमप्रकाश पहलवान, राजमल केवट, भोलू केवट, शौराज केवट, बिरजू केवट, पवन निषाद आदि मौजूद रहे।

# लोगों के मददगार बनेंगे आपदा मित्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में भूकंप, भूस्खलन, आगजनी और बाढ़ जैसी स्थिति में आम जनता के लिए अब आपदा मित्र मददगार बनेंगे। आपदा से निपटने और जनता को फौरी मदद देने के लिए युवाओं को आपदा मित्र के तौर पर तैयार किया गया है। इसको लेकर आपदा मित्रों ने गंगा नगरी का निरीक्षण भी किया है। जनपद में तैनात आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र बघेल ने सोमवार को गंगा नगरी ब्रजघाट पर आपदा मित्रों राहुल, प्रभजोत, आरती, हिमानी के साथ निरीक्षण किया की और उन्हें आपदा से निपटने वाली जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि आपदा मित्र की समाज में बड़ी भूमिका है। यह आपदा के समय में किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। युवा पीढ़ी को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि लोगों को आपदा में बेहतर सुविधा मिल सके और रेस्क्यू कार्यों में तीव्रता मिल सके। आपदा मित्र योजना का उद्देश्य आपदाओं के समय स्थानीय नागरिकों को प्रशिक्षित कर पहली प्रतिक्रिया टीम के रूप में तैयार करना है। इस योजना के तहत युवाओं और स्वयंसेवकों को खोज-बचाव, प्राथमिक उपचार, भीड़ प्रबंधन और सुरक्षित निकासी जैसी जरूरी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाता है। गजेंद्र सिंह ने बताया कि संबंधित आपदा मित्र हर साल गंगा में आने वाली बाढ़ से भी मदद करने का काम करेंगे।

# eFkjke xt <ky&e thj vkj ?kfM ;ky% lk, g, ç'kklu dk txkus dk fy, lMd ij mrjh lektoknh ikVh

eFkjkA जनपद में व्याप्त प्रशासनिक भ्रष्टाचार, स्मार्ट मीटर की तानाशाही और किसानों की बदहाली के विरुद्ध समाजवादी पार्टी के नेताओं ने अनूठे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया।

कलेक्ट्रेट पर बड़ी संख्या में जुटे सपाइयों ने घंटा-घड़ियाल, मजीरा और ढोलक बजाकर ''प्रशासन को नींद से जगाने'' का काम किया। सपा के युवा और वरिष्ठ नेताओं के संयुक्त नेतृत्व में राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। इसमें घ्प्रमुख मुद्दे रहे स्मार्ट मीटर, किसान और कालाबाजारी घ्प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि मथुरा नगर निगम और विद्युत विभाग भ्रष्टाचार का केंद्र बन चुके हैं। समाजवादी पार्टी ने मांग की कि: घ्स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर रोक,जनता पर जबरन थोपे जा रहे प्रीपेड मीटरों को तुरंत बंद किया जाए और पुराने मीटर बहाल रखे जाएं।

घ्किसान राहत, ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलों का सम्मानजनक मुआवजा सीधे किसानों के खातों में भेजा जाए और मथुरा को तत्काल 'आपदा ग्रस्त' घोषित कर कृषि ऋण माफ किए जाएं। घ्गैस संकट का समाधान, शादियों के सीजन में गैस की कालाबाजारी पर रोक लगे और पारदर्शी वितरण प्रणाली सुनिश्चित हो। घ्अनूठा प्रदर्शन, शोर से जगाया 'कुंभकर्णी' प्रशासन घ्कलेक्ट्रेट परिसर में सपाइयों ने ढोलक और मजीरे की थाप पर सरकार विरोधी नारे लगाए। पार्टी नेताओं ने कहा कि जब जनता त्रस्त है, तब प्रशासन उत्सवों में व्यस्त है। इस सांकेतिक शोर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यदि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हुआ, तो यह गूंज आने वाले समय में एक बड़े जन-आंदोलन का रूप लेगी।

# तीन बच्चों के साथ महिला ने गंगा में लगाई छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी में सोमवार की सुबह को एक हृदय विदारक घटना हुई, जिसमें एक महिला ने अपने तीन बच्चों के साथ गंगा में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। चारों लोगों को गोताखोरों ने बहार निकाला और स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी की गंभीर दशा को देखकर उनको हायर सेंटर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया है।

सोमवार की सुबह को एक महिला अपनी एक बेटी और दो बेटों के साथ गंगा नगरी ब्रजघाट पहुंची। कुछ देर तक गंगा किनारे बैठने के बाद उसने किसी तरह से तीनों बच्चों के साथ गंगा की गहरी जलधारा में छलांग लगा दी। इस घटना को देखकर वहां मौजूद गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं में चीख पुकार मच गई। मौके पर उन्होंने उनके बचाव के लिए शोर मचा दिया। शोर सुनकर आस पास में मौजूद गोताखोरों ने गंगा में कूदकर सभी को बचा लिया। हालांकि की चारों लोगों की गतिविधियों को देखकर उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में पहुंची पुलिस ने उनके पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर उनकी शिनाख्त बरेली के किठौर निवासी विधावती, हेमशंकर, राज. कुमारी,यशवीर सिंह के रूप में हुई है। अस्पताल में चारों की हालत को देखते हुए प्रतीत हो रहा था कि चारों ने गंगा में कूदने से पहले किसी बेहोशी की दवा का प्रयोग किया है। उनकी गंभीर दशा को देखकर मेरठ के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि महिला और बच्चों की शिनाख्त हो गई है। उनका मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा है। सभी लोग यहां कैसे और क्यों आए इस के पीछे क्या कारण है इसकी जानकारी की जा रही है। महिला के परिवार के लोगों को मामले की जानक. ारी दी है।

# वेतन बढ़ोतरी समेत कई मांगों को लेकर भड़के कर्मचारी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा के विभिन्न सेक्टरों में श्रमिकों का उग्र प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। ये श्रमिक बीते कई दिनों से वेतन वृद्धि सहित कई मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। जब इनकी कंपनी प्रबंधन से वार्ता असफल रही तो यह आंदोलन सोमवार सुबह को उग्र हो गया।

प्रदर्शनकारियों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस कारण इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की दो गाड़ियों समेत पांच वाहनों को आग के हवाले कर दिया। कई जगहों पर पत्थरबाजी भी की गई।

इसी बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए सम्मानजनक मानदेय, सुरक्षित कार्य वातावरण और समय पर समस्याओं के समाधान के कड़े निर्देश दिए।

**कहां-कहां प्रदर्शन हुआ?:** प्रदर्शन मुख्य रूप से नोएडा के फेस 2, सेक्टर 60, 62 और सेक्टर 84 में हुआ। यह प्रदर्शन मदरसन नामक कंपनी के पास अधिक उग्र हो गया। सबसे ज्यादा हिंसा होजरी कंपलेक्स फेज 2 में देखी गई।

**मजदूर क्यों प्रदर्शन कर रहे थे?:** नोएडा के विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले मजदूर कम वेतन, महंगाई, खराब काम की स्थिति और लंबे समय से लंबित मांगों के खिलाफ नाराज थे। वे वेतन बढ़ोतरी और काम के बेहतर माहौल की मांग कर रहे थे।

**प्रदर्शन कैसे हिंसक हुआ?:** शुरुआत में श्रमिकों का आंदोलन शांतिपूर्ण था, लेकिन पुलिस से झड़प होने के बाद मजदूरों ने पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी शुरू कर दी।

**क्या-क्या नुकसान हुआ?:** कई गाड़ियों को आग लगा दी गई। संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया और पथराव हुआ। एक कार पूरी तरह जल गई। पुलिस के वाहनों को भी क्षति पहुंचाया गया।

**ट्रैफिक पर कितना असर?:** प्रदर्शन के कारण दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर ट्रैफिक पूरी तरह ठप हो गया। कई किलोमीटर लंबी गाड़ियों की कतारें लग गईं। सुबह के पीक आवर में हजारों लोग फंस गए। ट्रैफिक पुलिस को एडवाइजरी जारी करनी पड़ी।

**किन सड़कों पर असर पड़ा?:** नेशनल हाईवे-9 और चिल्ला बॉर्डर से नोएडा लिंक रोड ब्लॉक हो गया। फरीदाबाद तक भी ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

**पुलिस ने क्या किया?:** पुलिस ने नोएडा के विभिन्न इलाकों में भारी बल तैनात किया है। सीनियर अधिकारी मौके पर हैं। बैरिकेडिंग की गई और चेकिंग बढ़ाई गई। न्यूनतम बल का इस्तेमाल करते हुए स्थिति को काबू में करने की कोशिश की गई। प्रदर्शनकारियों से हिंसक न होने की अपील की गई।

**सरकार ने क्या किया था?:** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आंदोलन को देखते हुए कंपनी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान जारी किए जाने के निर्देश दिए थे। रविवार को डीएम मेधा रूपम ने अधिकारियों के साथ बैठक की थी। रविवार को ही प्रशासन ने मजदूरों के लिए कुछ राहत घोषित की थी। जैसे डबल ओवरटाइम पे, साप्ताहिक छुट्टी, 10 तारीख तक सैलरी और नवंबर 30 से पहले बोनस। लेकिन इसके बावजूद श्रमिकों का गुस्सा शांत नहीं हुआ।

**अभी स्थिति क्या है?:** पुलिस का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। चिल्ला बॉर्डर फिर से खोल दिया गया है। प्रशासन ने अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की है और सामान्य स्थिति बहाल करने का प्रयास जारी है।

**सीएम योगी की क्या है प्रतिक्रिया?:** प्रदर्शन के हिंसक होने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि कानून को हाथ में लेने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। प्रदेश में जो भी कानून को हाथ में लेने का काम करेगा, उन्हें जेल में डाला जाएगा।

## पहले से था हिंसा का अंदेशा, फिर क्यों चूक गया नोएडा प्रशासन, डीएम की अपील तक रही बेअसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** औद्योगिक नगरी नोएडा में मजदूरों का आंदोलन एक बड़े विवाद और प्रशासनिक विफलता की कहानी बनता जा रहा है। वेतन वृद्धि और श्रमिक अधिकारों की मांग को लेकर शुरू हुआ यह विरोध धीरे-धीरे उग्र रूप ले बैठा। सबसे बड़ी बात यह है कि हिंसा की आशंका पहले से जताई जा रही थी, इसके बावजूद प्रशासन समय रहते हालात को संभालने में नाकाम रहा, जिससे अब पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे है।

गौतम बुद्ध नगर के औद्योगिक सेक्टर में मजदूर बीते कई दिनों से वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। शुरुआत में यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण था। मजदूर फैक्ट्री के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे और प्रशासन से संवाद की उम्मीद लगाए हुए थे। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया और उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ, वैसे-वैसे उनका आक्रोश बढ़ता चला गया।

**डीएम मेधा रूपम ने बनाई गाइडलाइन:** जिलाधिकारी मेधा रूपम ने अपने संदेश में यह भी बताया कि सरकार श्रमिकों के हित में कई कदम उठा रही है। नए श्रम कानून के तहत न्यूनतम वेतन की गारंटी, समय पर वेतन भुगतान, समान कार्य के लिए समान वेतन, ओवर टाइम पर दोग. ुना भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और साप्ताहिक अवकाश जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा ईपीएफ, ईएसआई और असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना को भी लागू किया जा रहा है.

डीएम मेधा रूपम के आश्वासन के बाद भी मजदूरों का असंतोष काम नहीं हुआ। प्रदर्शन के दौरान यह भी आप सामने आया कि पुलिस का सूचना तंत्र पूरी तरह फेल रहा. प्रशासन द्वारा बार-बार अपील किए जाने के बावजूद भी पुलिस को यह अंदाजा नहीं लग सका कि प्रदर्शन अचानक उग्र हो जाएगा। कुछ प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वह शांतिपूर्ण तरीके से बैठे थे, लेकिन पुलिस ने अचानक लाठीचार्ज शुरू कर दिया, जिससे हालात और बिगड़ गए।

## बेहतर रणनीति न होने से श्रमिकों ने बवाल काटा

**नोएडा।** पुलिस-प्रशासन का मुखबिर तंत्र और बेहतर रणनीति न होने से सोमवार को श्रमिकों ने पूरे शहर में जमकर बवाल काटा। पुलिस ने हंगामा होने की सूचना के बाद भी स्थानीय लोगों की मदद नहीं ली, जो बड़ी चूक साबित हुई। इसके चलते प्रवासी श्रमिकों के हंगामे को पुलिस नियंत्रित नहीं कर सकी।जानकारों के मानें तो फरवरी 2013 में भी श्रमिकों ने बवाल किया था। उस समय पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ही स्थिति पर काबू पाया था।

इस बार पुलिस ने स्थानीय लोगों से संपर्क नहीं साधा और न मदद ली। गांवों में किराये पर रहने वाले प्रवासी श्रमिकों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस स्थानीय लोगों की मदद लेती तो हिंसा से बचा जा सकता था। जानकारों का मानना है कि पुलिस औद्योगिक सेक्टर के बीच आने वाले गांवों के 10-10 लोगों को लेकर गांव और औद्योगिक सेक्टर को जोड़ने वाली सड़कों पर तैनात रहती। प्रमुख कंपनियों पर भी पुलिस के संग स्थानीय लोग होते तो हिंसा से बचा जा सकता था। औद्योगिक इकाइयों के श्रमिक आसपास के गांवों में ही किराये पर रहते हैं। ऐसे में श्रमिकों की पहचान ग्रामीण आसानी से कर सकते थे। श्रमिक भी स्थानीय लोगों से हिंसा करने से बचते और किसी तरह का बवाल करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते।

## नोएडा में बवाल; अफवाह फैलाने वालों पर ऐक्शन, दो हैंडल के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर श्रमिकों का प्रदर्शन सोमवार को हिंसक हो गया। फेज-2 और सेक्टर-60 जैसे इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने जमकर तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की। यही नहीं वाहनों को आग के हवाले भी कर दिया। बवाल के कारण दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया और हजारों यात्री फंस गए। यूपी पुलिस ने स्पष्ट किया कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग किया गया और कोई गोलीबारी नहीं की गई। इस बीच पुलिस ने अफवाह फैलाने वाले दो सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस ने बताया कि वह नोएडा में मजदूरों के प्रदर्शन को लेकर अफवाहें फैलाने वाले 2 सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। नोएडा पुलिस ने 2 सोशल मीडिया हैंडल्स (इलियास और अंशुल तिवारी) को जोड़ कर दिए अपने बयान में बताया कि कुछ हैंडल्स की ओर से फेक खबर फैलाई जा रही है कि पुलिस की फायरिंग में 14 लोग मारे गए हैं जबकि 32 लोग घायल हुए हैं। अब पुलिस की ओर से 2 सोशल मीडिया हैं। उनके के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अपने बयान में कहा कि नोएडा में कई जगहों पर प्रदर्शन हुए जिनको कथित तौर पर राज्य के बाहर के तत्वों ने उकसाया था लेकिन केवल एक जगह पर हिंसा हुई जिसे कम से कम बल का इस्तेमाल करके काबू में कर लिया गया। पुलिस ने साफ किया कि घटना के दौरान कोई गोलीबा. री नहीं हुई। ऐसे में लोगों से आग्रह है कि वे गलत जानकारी ना फैलाएं। पुलिस ने आगे कहा कि जो लोग झूठी और गुमराह करने वाली जानकारी फैला रहे हैं और लोगों को भड़काने की को. शिश कर रहे हैं उन पर ऐक्शन लिया जा रहा है।

## किसान नेताओं को नजरबंद करने के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले के किसान नेताओं को नजरबंद करने के विरोध में सोमवार को किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट परिसर तक पैदल मार्च किया। नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री से वार्ता कराने की मांग की है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह लगभग 11 बजे किसान परिषद, किसान एकता संघ एवं किसान सभा के कार्यकर्ता सूर. जपुर के पास एकत्रित हुए। किसान नेताओं को नजरबंद किए जाने विरोध में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक मार्च किया। जिलाधिकारी दफ्तर के सामने धरने पर बैठ गए।किसान

सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि देश में नागरिकों के मौलिक अधिकारों का खुला उल्लंघन हो रहा है। बिना किसी अपराध और कानूनी प्रक्रिया के पुलिस द्वारा नजरबंदी करना पूरी तरह असंवैधानिक है। उन्होंने चेता. वनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की कार्रवाई जारी रही तो किसान संगठनों द्वारा अधिकारियों के कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। वहीं किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि उन्हें पिछले दो दिनों से बिना किसी कारण पुलिस द्वारा घेरकर रखा गया है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## टायर चोरी करने वाले पड़ोसी समेत दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नई आबादी मोहल्ले में नई स्कॉर्पियो कार के चारों टायर चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। टायर चोरी करने वाला आरोपी पड़ोसी निकला। पड़ोस में ही रहने वाले युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर स्कॉर्पियो कार के टायर चोरी किए थे। टायरों को गाजियाबाद में बेचने के प्रयास में थे। इसी दौरान पुलिस ने दोनों को टायरों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। नई आबादी मोहल्ले के रहने वाला शहाबुद्दीन करीब बीस दिन पूर्व नई स्कॉर्पियो कार लेकर आया था। शहाबुद्दीन ने कार घर के पास एक खाली प्लॉट में खड़ी की थी।



चार दिन पूर्व कार के चारों पहिए चोरी हो गए थे। चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले चोरों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिए थे।

पुलिस ने बताया कि चोरी की घटना को पड़ोस में ही रहने वाले आसिफ ने अपने दोस्त राजुद्दीन के साथ अंजाम दिया था। दोनों गाजियाबाद में टायरों को बेचने के प्रयास में थे।

## एक नजर

### अमरनाथ यात्रा से पहले स्वास्थ्य परीक्षण करवाने पहुंचे लोग

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** अमरनाथ यात्रा जुलाई में शुरू होने वाली है और यात्रा से पहले स्वास्थ्य परीक्षण करवाने वालों की जिला अस्पताल में भीड़ बढ़ रही है। सोमवार को अस्पताल की ओपीडी के कमरा नंबर 20 में स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान वहां पर लंबी लाइन लगी थी और स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के लिए पहले हम के चक्कर में कई लोगों के बीच धक्का मुक्की भी हुई। हालांकि कमरे के बाहर मौजूद गार्ड ने स्थिति को संभाला।

बता दें कि तीन दिन पहले ही जिला अस्पताल में अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू हुआ है। दो दिन की रिपोर्ट के मुताबिक 658 लोग यात्रा पर जाने के लिए परीक्षण करवा चुके हैं। लोगों में भक्तिभाव इस कदर देखने को मिल रहा है कि स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उन्हें दो-दो घंटे के लिए लाइन में लगना पड़ रहा है लेकिन उन्हें इससे कोई परेशानी नहीं हो रही है। लाइन में लगे कई श्रद्धालुओं ने बताया कि वह पहले भी अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं और इस बार दोबारा जा रहे हैं।

### बुकिंग रद्द होने पर वैकल्पिक व्यवस्था को स्वीकार लेना सेवा में कमी नहीं

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** होटल में बुकिंग बिना पूर्व सूचना के रद्द होने पर कंपनी की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था किया जाना और ग्राहक का उसे स्वीकार लेना सेवा में कमी नहीं मानी जाएगी। जिला उपभोक्ता आयोग ने इसी आधार पर धन वापसी की मांग वाली शिकायत को खारिज कर दिया। मामले की सुनवाई आयोग के अध्यक्ष अनिल कुमार पुंडीर और सदस्य अंजु शर्मा ने की।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-18 निवासी संकेत रस्तोगी ने मेक माई ट्रिप इंडिया लिमिटेड के माध्यम से 20 फरवरी 2024 से तीन मार्च 2024 के बीच चार रातों के लिए हयात रिजेंसी दुबई क्रीक हाइट्स में बुकिंग की थी। इसके लिए उन्होंने 1,04,787 रुपये का भुगतान किया। ई-मेल के माध्यम से इसकी पुष्टि भी की गई। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को जब वह पत्नी के साथ होटल में चेक-इन करने गए, तो होटल प्रबंधन ने बुकिंग से इंकार कर दिया। उन्होंने कंपनी के कस्टमर केयर से संपर्क किया तो बताया गया कि किसी कारणवश उनकी बुकिंग रद्द हो गई है, जिसकी पूर्व सूचना उन्हें नहीं दी गई थी।

## सिलिंडर संकट ने बिगाड़ी शादियों की रौनक

**■ कलेक्ट्रेट बना आखिरी सहारा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहनाइयों की गूंज, हल्दी और मेहंदी की खुशबू, और घरों में शुरू होती रौनक। शादी का मौसम बस दस्तक देने ही वाला है। लेकिन इस खुशियों भरे माहौल के बीच एक ऐसी परेशानी खड़ी हो गई है, जिसने कई परिवारों की चिंता बढ़ा दी है। महज तीन दिन बाद शुरू हो रहे शादी के सीजन से पहले रसोई गैस सिलिंडर की किल्लत ने लोगों की तैयारियों पर ब्रेक लगा दिया है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि दर्जनों लोग शिकायत लेकर प्रशासन के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। कोई बेटी की शादी के लिए गैस मांग रहा है, तो कोई बहन की विदाई की दावत के लिए गुहार लगा रहा है।

शादियों में दावत की तैयारियों के लिए सोमवार को 25 से अधिक लोगों ने जिलाधिकारी के नाम शिकायत देकर सिलिंडर उपलब्ध कराने की मांग की। जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय में प्राप्त शिकायतों को संबंधित गैस एजेंसियों की कंपनी के विक्रय मैनेजर को व्यवस्था कराने के लिए निर्देश दिया गया है। बता दें लोग शिकायतें लेकर सारा दिन जिला पूर्ति अधिकारी के दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। आवेदन के साथ शादी का कार्ड संलग्न करने पर ही मामलों को संबंधित एजेंसी को भेजा जा रहा है।

**हलवाई ने कोयला की भट्टी पर काम करने से किया मना:** ग्रेटर नोएडा के तिलपता गांव निवासी नीरज कुमार ने बताया कि उनकी बहन की शादी 19 अप्रैल को है। हलवाई ने भट्टी पर खाना बनाने से इंकार कर दिया है।

गैस एजेंसी पर संपर्क करने पर उनसे जिलाधिकारी की अनुम. ति लाने को कहा गया। उन्होंने बारात के लिए 10 सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग की है। जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय ने उनका आवेदन एचपी कंपनी के सेल्स मैनेजर को भेज दिया है।

**लग्न सगाई की दावत के लिए मांगे 15 सिलिंडर:** ग्राम खोदना कला निवासी हितेष की शादी 25 अप्रैल को है, जबकि 21 अप्रैल को लग्न सगाई समारोह होना है। उन्होंने करीब 1500 मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के लिए 15 सिलिंडर की मांग की है। प्रशासन ने उनके आवेदन को संबंधित कंपनी के मैनेजर को भेज दिया है। हितेष ने दादरी विधायक तेजपाल नागर से भी इस संबंध में सिफारिश करवाई है।

**अर्जुन कुमार ने अपनी लग्न सगाई के लिए मांगे सिलिंडर:** नोएडा सेक्टर-51, होशियारपुर निवासी अर्जुन कुमार की सगाई 19 अप्रैल और बारात 25 अप्रैल को जानी है। 17 अप्रैल को होने वाले लग्न सगाई के कार्यक्रम में खाना बनवाने के लिए उन्होंने 15 गैस सिलिंडर उपलब्ध कराने की मांग की है। आपूर्ति विभाग ने उसकी मांग पर गैस एजेंसी की कंपनी के सेल्स मैनेजर को व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया है।

## सुनार की आंखों में स्प्रे कर सोने की अंगूठी लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कस्बे में सर्राफा की दुकान पर सोने की अंगूठी खरीदने पहुंचा ग्राहक सुनार को चूना लगा गया। सुनार की आंखों पर स्प्रे कर सोने की सात अंगूठी लेकर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। कासना कस्बे में शगुन ज्वेलर्स की दुकान है। सुनार ने बताया कि रविवार को लगभग रात्रि 8:50 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ग्राहक बनकर दुकान पर आया। उसने अपनी पत्नी के लिए अंगूठियां दिखाने के लिए कहा। पीड़ित ने उसे सात लेडीज अंगूठी दिखाई, जिनका कुल वजन लगभग 21 ग्राम था। वह उन्हें अपनी उंगलियों में पहनकर देखने लगा और कुछ समय बाद फोटो भेजने का बहाना करने लगा।

इसी दौरान उसने अचानक अपनी जेब से स्प्रे निकालकर पीड़ित की आंखों में डाल दिया और अंगूठी लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने कुछ दूर तक आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित का कहना है की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हुई है। इसकी शिकायत पुलिस से की गई है। कासना कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर अंगूठी बरामद की जाएगी।

## सोसाइटी में मूलभूत सुविधाएं न मिलने से परेशान लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विक्ट्री वन सोसाइटी में मूलभूत सुविधा न मिलने के कारण लोग परेशान हैं। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी के बेसमेंट में कचरा का ढेर इकट्ठा हो रहा है। बिल्डर प्रबंधन और प्राधिकरण दोनों से लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन कोई समाधान करने के लिए तैयार नहीं है। सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत चौहान ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बिल्डर प्रबंधन द्वारा घरों से निकलने वाले कचरे को एकत्र कर सोसाइटी के बेसमेंट मैं डाला जा रहा है। कचरे के कारण अधिक बदबू आती है। वाहनों को खड़ा करने में भी लोगों को परेशानी होती है।

लोगों को मुंह ढंक कर जाना पड़ता है। कचरा पड़ा रहने के कारण आसपास लावारिस कुत्ते इकट्ठा हो जाते हैं, जो ई बार लोगों पर भी हमला कर देते हैं। इसको लेकर शिकायत की जा रही है, लेकिन कोई सुनवाई करने को तैयार नहीं है।

हर महीने समय से रखरखाव शुल्क दिया जाता है, उसके बाद भी लोगों भी सुविधाओं में कटौती की जा रही है। वहीं, इस मामले में बिल्डर प्रबंधन से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## फर्जी जीपीए से प्लॉट हड़पकर बनाई गई संपत्ति कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फर्जी दस्तावेज के जरिए प्लॉट हड़पने और अवैध कमाई से संपत्ति खड़ी करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर गामा-1 स्थित निर्माणाधीन तीन मंजिला इमारत को कुर्क किया गया है। अल्फा-1 निवासी वीरेन्द्र का आरोप है कि मृतक सुकेश जौहरी के नाम पर फर्जी जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (जीपीए) तैयार कर सेक्टर-ओमिक्रॉन स्थित एक प्लॉट को बादलपुर निवासी राजेन्द्र सिंह और उसकी पत्नी पूनम ने अपने कब्जे में ले लिया था। बाद में इस प्लॉट को बेचकर प्राप्त धन से गामा-1 में मकान खरीदा गया और अन्य अवैध गतिविधियों से अर्जित रकम से इसका निर्माण कराया गया।

मामले में मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को शिकायत देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की गई थी। आरोप है कि राजेन्द्र सिंह स्वयं को सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता बताकर लोगों को झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देता है और उनसे अवैध वसूली करता था।

**ये है मामला:** मूल आवंटी सुकेश जौहरी, जिनका निधन सात मार्च, 2017 को हो चुका है, के नाम पर राजेन्द्र सिंह ने 28 नवंबर, 2017 को फर्जी जीपीए तैयार कराई थी। इसके बाद 8 मार्च, 2018 को संपत्ति की लीज अपने नाम कराई।

## दो स्कूल बसों की आमने-सामने टक्कर

**■ आठ बच्चे और चालक घायल, हॉस्पिटल में भर्ती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सोमवार सुबह दो स्कूल बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 8 से ज्यादा बच्चे और एक बस चालक घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दादरी थाना क्षेत्र के रूपवास गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार और अनियंत्रित बस ने सामने चल रही दूसरी स्कूल बस को टक्कर मार दी।



**जीसस मैरी स्कूल के छात्र हुए घायल:** घायल बच्चे जीसस मैरी स्कूल के बताए जा रहे हैं। वहीं टक्कर मारने वाली बस रामयज्ञ स्कूल की थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक हादसे में 8 बच्चे और एक बस चालक गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**पुलिस पहुंची, लोगों ने भी की मदद:** हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। आसपास के लोगों ने भी घायलों को बस से निकालकर अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

# डीएम ने लापरवाही पर लगाई फटकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास कार्यों की बैठक में सीएम डैशबोर्ड के बिन्दु पर जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, उनको डीएम ने कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।



जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में नवीन कलेक्ट्रेट के सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संतोषजनक निस्तारण ना करने वाले अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों एवं राजस्व कार्यों की विभाग वार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड पर दर्शाया गया डाटा के अनुसार लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति के निर्देश दिये साथ ही जिन विभागों की प्रगति खराब मिली उन विभागों को कड़ी फटकार लगाते हुए जहां कमी है उसमें सुधार करते हुए प्रगति के निर्देश दिये। ताकि जनपद की रैंकिंग ठीक रहें।

विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान समाज कल्याण विभाग, आईसीडीएस विभाग की सीएम डैशबोर्ड के बिंदु पर संतोष जनक प्रगति न होने पर समाज कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को कारण बताओं नोटिस दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। बैठक में निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जितने भी निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें क्वालिटी का विशेष ध्यान रखते हुए समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यदाई संस्था पैकफेड का कार्य सही ना होने पर उसको ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी शामली, डीएफओ जगदेव सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल कुमार, सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी व राजस्व विभाग की बैठक में सभी एसडीएम सहित समस्त संबंधित विभाग के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# विधायक प्रसन्न चौधरी को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु लंबे समय से की जा रही मांग को साकार रूप दिलाने पर शामली सदर के लोकप्रिय विधायक माननीय प्रसन्न चौधरी का राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ शामली के अध्यक्ष अंकित जैन ने कहा कि विधायक प्रसन्न चौधरी द्वारा निरंतर जनपद में केंद्रीय विद्यालय की मांग उठाना एवं इसके लिए विधायक निधि से सहयोग प्रदान करना अत्यंत सराहनीय है। उनके इन प्रयासों के फलस्वरूप आज शामली को केंद्रीय विद्यालय की सौगात प्राप्त हुई है, जो क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने आगे कहा कि विधायक सदैव शामली विधानसभा के विकास एवं जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं, जिसके लिए समस्त व्यापारी वर्ग उनका हृदय से आभार व्यक्त करता है। व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विकास धीमान ने अपने वक्तव्य में कहा कि विधायक का कार्य करने का तरीका सदैव जनहित केंद्रित रहा है। उन्होंने हर वर्ग चाहे वह व्यापारी हो, किसान हो या आम नागरिक सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए निरंतर कार्य किया है। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना उनके इसी समर्पण और दूरदर्शिता का परिणाम है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंकित जैन अध्यक्ष, व्यापार प्रकोष्ठ शामली, विकास धीमान जिलाध्यक्ष, विकास वर्मा, अंकित तुवर विकास उपाध्याय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## रास्ता रोककर युवक की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पीड़ित जानू पुत्र इकबाल के अनुसार, 12 अप्रैल की रात करीब 9:30 बजे वह गांव भूरा से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह वाजिद प्रमुख के मकान के पास पहुंचा, पहले से घात लगाए खड़े सावेज पुत्र अबलू ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उसके साथी नविश पुत्र मुरसलीन व नदीम पुत्र पिल्लू भी मौके पर पहुंच गए और तीनों ने मिलकर युवक को पीट दिया। शोर-शराबा सुनकर पहुंचे नौशाद पुत्र कामिल व तसव्वर उर्फ गोटी पुत्र भूरा ने बीच-बचाव कर पीड़ित को छुड़ाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है।

# बीएसएम में मनाई आम्बेडकर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल में बैसाखी एवं अंबेडकर जयंती का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह एवं उप प्रधानाचार्या आशु पंडित द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद शिक्षक शिवम छाबड़ा ने विद्यार्थियों को डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं संविधान निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बैसाखी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे नई फसल और समृधि का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अध्यापिका पिंकी बालियां ने विद्यार्थियों को जलियांवाला बाग हत्याकांड के बारे में जानकारी देते हुए देशभक्ति एवं इतिहास के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हमें शिक्षा, समानता और संघर्ष का संदेश देता है। मैनेजर छाया सिंह एवं चेयरमैन सूर्यवीर सिंह ने कहा कि बैसाखी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि मेहनत, खुशी और नई शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया।

# बस्ती के बीच खुले ओयो होटल का विरोध

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे से सटे जमालपुर ग्राम सभा के मजरे चंदनपुरी में खुले एक ओयो कनिका होटल को लेकर ग्रामीणों में रोष लगातार गहराता जा रहा है। रविवार देर शाम अमीर आलम, मोहसिन मास्टर, जाहिर, इकरामुद्दीन सहित दर्जनों ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र होकर होटल के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन से इसे तत्काल बंद कराने की मांग उठाई।




ग्रामीणों का आरोप है कि करनाल हाईवे के पास, झिंझाना ईदगाह के निकट घनी आबादी के बीच इस प्रकार का होटल खोला जाना पूरी तरह अनुचित है। उनका कहना है कि होटल में संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की आशंका बनी रहती है, जिससे गांव का सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि होटल के आसपास आने-जाने के दौरान कुछ लोग राहगीर महिलाओं और लड़कियों पर अशोभनीय इशारे करते हैं और फब्तियां कसते हैं, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल पैदा हो रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों का गांव के बच्चों और युवाओं पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, जिससे उनकी मानसिकता और व्यवहार पर भी असर पड़ सकता है। साथ ही क्षेत्र की सामाजिक छवि भी धूमिल हो रही है।

उन्होंने बताया कि पास में लगने वाले धार्मिक व पारंपरिक मेलों पर भी इसका नकारात्मक असर देखने को मिल रहा है, जिससे बाहरी लोगों में गांव की छवि खराब हो रही है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने होटल प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि बिना स्थानीय लोगों की सहमति और आवश्यक जांच के इस प्रकार का व्यवसाय शुरू किया जाना गलत है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि होटल के संचालन की जांच कराई जाए और यदि कोई अनियमितता पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर होटल को बंद कराने की मांग की। साथ ही शासन-प्रशासन से हस्तक्षेप कर होटल को आबादी से दूर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित कराने की अपील की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# शादी समारोह से लौट रहे दम्पति व तीन बच्चे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** पलठेडी से शादी समारोह से निपटकर अपने घर लौट रहे ऊदपुर निवासी बाइक सवार दम्पत्ति सहित तीन बच्चों को गम्भीर चोटे आई है। सभी को हादसे के बाद झिंझाना के आयुष्मान अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। हादसे मे घायल नौ वर्षीय एक बालक को सिर मे गम्भीर चोटे बताई गई है। चौसाना के गांव ऊदपुर निवासी सावेज रविवार को अपनी पत्नी व तीन बच्चों के संग पलठेडी शादी समारोह में गया हुआ था। सोमवार की सुबह करीब आठ बजे अपने परिवार के संग घर लौट रहा था। जैसे ही अपने गांव के निकट पहुॅचा तो विपरित दिशा से आ रही एक अन्य बाइक ने सावेज की बाइक को टक्कर मार दी। बताया गया है कि आरोपी की बाइक पर लोहे के पाइप बंधे थे। आरोपी बाइक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। घटना मे घायल महिला व बच्चों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगो ने घायलो को अस्पताल मे भर्ती कराया। जहॉ से दम्पत्ति व दो बच्चो की छुटटी दे दी गई,वही एक नौ वर्षीय बालक की हालत गम्भीर बताई गई है।

## एक दिन पूर्व हुई थी दुल्हे के भाई की मौत

**चौसाना।** शनिवार की रात्रि को ऊदपुर के कादिर की करनाल से अपने घर लौटते समय मौत हो गई थी। मृतक कादिर के भाई की राकिम की रविवार को शादी होनी थी। लेकिन कादित की मौत के कारण शादी के समस्त कार्यक्रम रदद कर दिए गए थे। राकिम की शादी पलठेडी निवासी युवती के साथ हुई है। सोमवार को हादसे मे घायल सावेज भी युवती पक्ष से बुलावे पर शादी समारोह मे शामिल हुआ था।

# फिर उठे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

- थानाभवन में चोरों ने मेन हाईवे पर दी चुनौती।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जहां एक ओर शामली के पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले को अपराध मुक्ति बनाने के सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर थानाभवन क्षेत्र में मेन हाईवे पर हुई चोरी की वारदात पुलिस की सक्रियता पर सवालिया निशान लगा रही है।




दरअसल मामला शामली-सहारनपुर मेन हाईवे पर स्थित थानाभवन कस्बे का है, जहां बस स्टैंड के पास राना मार्केट में नवेद राना की पान, गुटखा और अंडों की दुकान पर रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने दुकान का ताला काटकर अंदर रखी करीब 55 हजार रुपये की नकदी, लगभग 2 हजार रुपये की छुटी और हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सोमवार सुबह जब दुकानदार नवेद राना अपनी दुकान खोलने पहुंचे, तो टूटा ताला और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। पीड़ित का कहना है कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद है, जिससे चोरों की पहचान भी संभव है, लेकिन इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी नजर आ रही है। हैरानी की बात यह है कि घटना को करीब 12 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। मेन हाईवे जैसे व्यस्त और संवेदनशील इलाके में इस तरह की घटना होना अपने आप में पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों में भी चोरियां हो रही हैं, तो आम नागरिक खुद को सुरक्षित कैसे महसूस करें। क्षेत्रवासियों में इस घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि पुलिस केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रह गई है और जमीनी स्तर पर अपराधियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। यही कारण है कि चोरों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें पुलिस का जरा भी भय नहीं है।

लोगों ने यह भी कहा कि अगर समय रहते इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो क्षेत्र में अपराध का ग्राफ और तेजी से बढ़ सकता है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करे और क्षेत्र में गश्त बढ़ाकर जनता का भरोसा बहाल करे। अब सवाल यह उठता है कि जब उच्चाधिकारी अपराध पर लगाम लगाने के निर्देश दे रहे हैं, तो जमीनी स्तर पर उनकी पालना क्यों नहीं हो रही। क्या थानाभवन पुलिस इस चुनौती को स्वीकार कर अपराधियों पर शिकंजा कस पाएगी, या फिर यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# टंकी खराब होने से सड़क पर हुआ पानी-पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** थानाभवन मार्ग स्थित पानी की टंकी की सप्लाई मे आई दिक्कत के कारण गंगोह चौराहे पर गडढा खोदकर सप्लाई को चौक किया जा रहा था। रविवार को समय अधिक होने के कारण पाइपलाइन को को बिना रूकावट के ही छोड दिया गया। जिस कारण रात्रि मे सप्लाई शुरू होते ही गंगोह मार्ग,थानाभवन मार्ग व बिडौली को जाने वाली सड़क पर पानी भर गया। जिससे आमजन को भारी परेशानी उठानी पडी। पानी अधिक मात्र मे होने के कारण पुलिस मौके पर पहुॅची और ऑपरेटर को टंकी पर बुलाकर सप्लाई को बंद कराया गया।



चौसाना के थानाभवन मार्ग पर स्थित पानी की टंकी से चौसाना कस्बे को पानी उकी सप्लाई जाती है। कुछ मौहल्ले मे सप्लाई जाने मे अवरोध उत्पन्न हो रहा था। जिस कारण रविवार को तकनीकी कर्मचारी सप्लाई की समस्या तलाशने मे जुटे थे। जिस कारण गंगोह चौराहें पर गडढा बनाया गया और पाइपलाइन मे आई समस्या को तलाशा गया। लेकिन शाम अधिक होने के कारण गडढे के चारो ओर मिटटी लगातार छोड दिया गया ताकि हादसा ना हो सके। देरशाम को बिजली आ जाने के बाद पानी की सप्लाई शुरू की गई। सप्लाई शुरू होते ही पाइपलाइन खुली होने के कारण तीन अलग अलग सड़को पर भारी मात्रा में हजारों लीटर पानी एकत्र हो गया। समस्या बढ़ने के कारण पुलिस ने टंकी परिसर मे जाकर ऑपरेटर को तलाशकर सप्लाई को बंद कराया। सुबह होने पर तकनीकी कर्मचारी मौके पर पहुॅचें और पाइपलाइन की मरम्मत करके सप्लाई को सुचारू कराया गया।

# ओवररेटिंग का खेल, वायरल वीडियो से खुली पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र में इन दिनों शराब प्रेमियों की जेब पर खुलेआम डाका' डाला जा रहा है। शराब दुकानों पर तैनात सेल्समैन ही ग्राहकों से बोतलों पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिन्होंने आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वायरल हो रहे वीडियो में एक ग्राहक सेल्समैन से बोतल पर लिखे दाम से 10 रुपये अतिरिक्त लेने का कारण पूछता नजर आ रहा है। इस पर सेल्समैन बेखौफ अंदाज में ओवररेटिंग की बात स्वीकार करता दिखाई देता है। वहीं, दूसरे वीडियो में एक अन्य सेल्समैन ग्राहक के साथ अभद्र व्यवहार करता दिख रहा है। ये दोनों सोशल मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार वीडियो थाना क्षेत्र के कस्बा एलम स्थित अंग्रेजी शराब की दुकानों के बताए जा रहे हैं।हैरानी की बात यह है कि वीडियो वायरल होने और क्षेत्र में चर्चा तेज होने के बावजूद आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। विभागीय स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि कथित तौर पर ऊपर तक पहुंच के चलते ही इन दुकानों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इसके साथ एक कस्बा सहित क्षेत्र के अन्य शराब की दुकानों पर भी ठेकेदार और सेल्समेन जमकर ग्राहकों से ओवर रेट वसूल रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी अजय कुमार ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन अनियमितताओं पर सख्त कदम उठाता है या फिर यह खेल यूं ही जारी रहता है।

## चेकिंग अभियान में अवैध छुरा समेत एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक आरोपी को अवैध छुरा सहित गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ सघन चेकिंग चल रहे थे।इसी दौरान पुलिस ने सादिक उर्फ सादा पुत्र तैय्यब निवासी सलेमपुर रोड, ईदगाह नई बस्ती, थाना कांधला जनपद शामली को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ। इस संबंध में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। दुसरी और पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे प्रवे्ज पुत्र नसीम को गिरफ्तार कर चालान किया है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार और कांस्टेबल सुशील बुटार शामिल रहे।

# गांव चलो-बस्ती चलो कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर शहर के मोहल्ला लाजपत राय में गांव चलो-बस्ती चलो चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल ने केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है और सुरक्षा का माहौल बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले की तुलना में अब व्यापारी, किसान और महिलाएं अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

तेजेंद्र निर्वाल ने कहा कि शामली जनपद में पहले अपराध की घटनाएं अधिक थीं, लेकिन अब स्थिति में सुधार हुआ है। सड़कों की स्थिति बेहतर होने से आवागमन सुगम हुआ है। कार्यक्रम के दौरान आठ सामाजिक बंधुओं को सम्मानित किया गया। इनमें बाबूराम सैनी, डॉ. राजकुमार सैनी , प्रभाकर नामदेव, विनोद गोस्वामी, वेदप्रकाश नामदेव, लाल सिंह सैनी, नरेंद्र सैनी और टोनी गिरी शामिल रहे। नगर अध्यक्ष सतीश धीमान ने संगठन की मजबूती और सनातन धर्म के प्रसार पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन दीपक सैनी ने किया।

इस अवसर पर संदीप नामदेव, धीरज उपाध्याय, संजय नामदेव, प्रमोद गर्ग, सोनू चावला, राहुल शर्मा, रितेश मित्तल, मोहनलाल सैनी, प्रमोद सैनी, राजू सैनी, शौर्य गिरी, चरण गिरी एडवोकेट, बिजेंद्र कश्यप, अरविंद कश्यप मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्कूल चलो अभियान में निकाली रैली

**बिडौली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान के तहत क्षेत्र के गांव अलाउद्दीनपुर दूधली के प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्रओं ने हाथों में बैनर लेकर पूरे गांव में रैली निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया और अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों का स्कूल में प्रवेश कराएं, ताकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें। शिक्षकों ने बताया कि शिक्षित बच्चे ही आगे चलकर अपने परिवार और समाज का नाम रोशन करते हैं तथा बेहतर भविष्य का निर्माण करते हैं। इस मौके पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाते हुए शिक्षा के महत्व का संदेश दिया। ग्रामीणों ने भी अभियान का समर्थन करते हुए अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आश्वासन दिया।

### 16 को बंद हो जाएगा शामली मिल

**शामली।** त्रिवेणी ग्रुप की अपर दोआब शुगर मिल द्वारा गन्ना पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत 16 अप्रैल को मिल बंदी का द्वितीय नोटिस जारी कर दिया गया है। यह नोटिस सचिव प्रभारी, सहकारी गन्ना विकास समिति लि शामली को प्रेषित किया गया है। मिल प्रशासन के अनुसार किसानों की सभी कैलेंडर पर्चियां जारी होने के बावजूद चीनी मिल में गन्ने की आवक कम बनी हुई है, जिससे मिल कम क्षमता पर चल रही है और नो केन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। महाप्रबंधक गन्ना सतीश बालियान ने बताया कि जिन किसानों के पास पर्ची से अधिक गन्ना शेष है, उनके लिए अतिरिक्त पर्ची की व्यवस्था की गई है। किसानों से अपील की गई है कि पर्ची के इंतजार में गन्ने की कटाई न रोकें और समय रहते अपना समस्त गन्ना मिल में आपूर्ति करें। साथ ही किसानों की सुविधा के लिए पर्चियों की तिथि में पांच दिन की बढ़ोतरी भी की गई है, ताकि जिनकी पर्ची की तारीख निकल चुकी है, वे भी पुरानी पर्ची पर गन्ना सप्लाई कर सकें। उन्होंने बताया कि 28 क्रय केंद्रों में से 14 केंद्र बंद हो चुके हैं और शेष 14 केंद्र भी आगामी दो दिनों में बंद कर दिए जाएंगे। किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे अपना पूरा गन्ना मिल को ही उपलब्ध कराएं, जिससे उनका बेसिक कोटा बना रहे। साथ ही साफ-सुथरा, जड़ व पत्ती रहित गन्ना सप्लाई करने की सलाह दी गई है।मिल प्रशासन के अनुसार 12 अप्रैल तक 79.47 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की जा चुकी है, जबकि 7 मार्च तक का गन्ना मूल्य भुगतान किया जा चुका है। इसके अलावा गन्ने में चोटी बेधक कीट के प्रकोप को देखते हुए किसानों को आवश्यक उपचार करने की सलाह दी गई है।

### क्रांतिकारी नागरिक दल ने किया मंथन

**शामली।** क्रांतिकारी नागरिक दल की एक बैठक गत रविवार देर रात हनुमान टीला लाइब्रेरी में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अशोक कुमार ने आरक्षण, यूजीसी कानून, एससी-एसटी एक्ट एवं महिलाओं से संबंधित विशेष कानून जैसे दहेज कानून आदि को समानता के विरुद्ध बताते हुए इनके पुनर्विचार एवं समाप्ति की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में नेताओं द्वारा किए जाने वाले झूठे वादों तथा मु फ्त में रेवड़ी बांटने की प्रवृत्ति का विरोध करते हुए इसे व्यवस्था के लिए हानिकारक बताया गया। साथ ही समाज में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं एवं महंगी चिकित्सा सेवाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए इसके प्रभावी नियंत्रण की मांग की गई, ताकि लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके।बैठक में सत्यप्रकाश अग्रवाल, मदनपाल प्रधान, सुशील संगत, मनोज पवार, विनीत गोयल, अशोक वशिष्ठ, महेश सिरोही मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आकर राहगीर घायल

**कांधला।** सोमवार को झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव पुरमाफी निवासी प्रवीण पुत्र दलसिंह दिल्ली जा रही ट्रेन में सवार होकर किसी कार्य से दिल्ली जा रहा था।

जैसे ही ट्रेन कस्बे के रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो उक्त व्यक्ति ट्रेन से उतरकर दिशा शौच के लिए जा रहा था तभी अचानक से उसका पैर फिसल गया और ट्रेन चल पड़ी। ट्रेन की चपेट में आकर वह घायल हो गया घायल की चीख पुकार सुन स्टेशन पर मौजूद लोगों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने घायल से परिजनों की जानकारी कर सूचना दी और उसका प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# SRH ने RR को 217 का टारगेट दिया

### ईशान किशन की फिफ्टी, क्लासन ने 40 बनाए, आर्चर को 2 विकेट

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 19वें सीजन के 21वें मैच में राजस्थान रायल्स को 217 रन का टारगेट दिया है। हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 216 विकेट पर 170 रन बनाए। टीम ने पहली बाल पर अभिषेक शर्मा का विकेट गंवा दिया था।

यहां से ईशान किशन ने 44 बाल पर 91 रन की पारी खेलकर टीम को 100 पार पहुंचाया। उनकी पारी में 4 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। हेनरिक क्लासन ने 40 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से जोफ्र आर्चर ने दो विकेट झटके। संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे और रियान



पराग को एक-एक विकेट मिला। मैच का स्कोरबोर्ड हैदराबाद और राजस्थान के बीच इस सीजन यह पहला मुकाबला है। दोनों टीमों का आज 5वां मैच है। त्त अब तक एक भी मैच नहीं हारी है और 4 जीत के साथ पाइंट्स टेबल टॉप पर है। दूसरी ओरै त्भ 4 में से केवल 1 मैच जीती है और 3 हार चुकी है। 18वें ओवर में हैदराबाद ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नीतीश कुमार रेड्डी (2) रनत्र को जोफ्र आर्चर ने कैच आउट कराया। उन्होंने मैच की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा (जीरो) को भी आउट किया। 17वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने लगातार 4 यार्कर बाल डाली। उनके इस ओवर से महज 7 रन आए। तीसरी बाल पर सलिल अरोरा ने चौका लगाया। 15वें ओवर में हैदराबाद ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हेनरिक क्लासन ने नांद्रे बर्गर की 5वीं बाल पर छक्का लगाकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर ईशान किशन 44 बाल पर 91 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें संदीप शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। वे कैच लेने के प्रयास में विकेटकीपर धरुव जुरेल से टकरा गए, लेकिन कैच नहीं छोड़ा। यहां पर फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। 11वें ओवर में तुषार देशपांडे ने 21 रन खर्च कर दिए। उनकी ओवर में ईशान किशन ने 3 चौके और एक छक्का लगाया। ईशान ने ओवर की तीसरी बाल पर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और टीम का स्कोर 100 रन तक पहुंचा दिया। ओवर की आखिरी बाल पर ईशान ने चौका लगाकर क्लासन के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। 10वें ओवर में ईशान किशन ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 30 बाल पर अर्धाशतक लगाया। ईशान ने रवि बिश्नोई की चौथी बाल पर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और हाफ सेंचुरी पूरी की। इस ओवर में क्लासन ने भी छक्का मारा। 7वें ओवर की 5वीं बाल पर हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर ट्रैविस हेड 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कप्तान रियान पराग ने डोनोवन फरेरा के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। जीरो पर पहला विकेट गंवाने के बाद हैदराबाद ने पावरप्ले में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। ट्रैविस हेड और ईशान किशन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम की वापसी कराई। 6 ओवर के बाद सनराइजर्स का स्कोर 51ध1 है। अभिषेक जीरो पर आउट हुए। 5वां ओवर डाल रहे संदीप शर्मा के ओवर से 12 रन आए। उनकी चौथी बाल पर ईशान किशन ने स्ट्रेट पर छक्का लगाया। तीसरे ओवर में जोफ्रा आर्चर की शार्ट लेंथ बाल पर ईशान ने डीप मिडविकेट की दिशा में 88 मीटर का छक्का लगाया।

# सांसद खेल महोत्सव-2026 का आगाज, राजनाथ ने किया शुभारंभ

**लखनऊ, वार्ता।** राजधानी लखनऊ में सांसद खेल महोत्सव-2026 का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस खेल आयोजन का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। प्रतियोगिता 13 से 15 अप्रैल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। महोत्सव में लखनऊ की पांच विधानसभा क्षेत्रों लखनऊ मध्य, पश्चिमी, उत्तरी, पूर्वी और कैंट के खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि, खेल अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को मोमेंटो, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा पांच प्रशिक्षकों, दो पत्रकारों तथा पांच



उत्कृष्ट कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में कुश्ती, क्रिकेट, पैरा बैडमिटन, बास्केटबॉल, हॉकी, सॉफ्ट टेनिस और हैंडबॉल से जुड़े खिलाड़ी शामिल रहे। समारोह में खेलों के विकास और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन समिति के अनुसार सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना और फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के पहले दिन ताइक्वांडो समेत विभिन्न स्पर्धाओं के मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को आगामी चरणों में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, खेल विभाग के अधिकारियों और खिलाड़ियों ने महोत्सव को युवाओं के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

## खेल विशेष

### आईएलटी20 का पांचवां सीजन 22 नवम्बर से होगा शुरू

**दुबई, वार्ता।** अरब अमीरात (यूएई) की आईएलटी 20 लीग का पांचवां सीजन इस वर्ष 22 नवम्बर से शुरू होकर 20 दिसम्बर तक चलेगा। आईएलटी 20 के इस सीजन में कुल 34 मैच होंगे और लीग चरण के 30 मैचों के अलावा चार प्लेऑफ मैच भी खेले जाएंगे। ए मैच दुबई, अबू धाबी और शारजाह में , जबकि खिताबी मुकाबला दुबई में होगा। आईएलटी 20 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने सोमवार को एक बयान में कहा, ष्हम सीजन 4 की सफलता से बहुत खुश हैं। ब्रॉडकास्ट आंकड़े, दर्शकों की दिलचस्पी और बड़े टी-20 सितारों की भागीदारी ने इस टूर्नामेंट को बेहद सफल बनाया है और लीग की गुणवत्ता और बेहतर हुई है। डीपी वर्ल्ड आईएचटी 20 लगातार आगे बढ़ रही है और सऊदी अरब क्रिकेट फेडरेशन व कुवैत क्रिकेट के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारियां पहले ही बड़ा असर डाल रही हैं।

### खालसा, किरोड़ीमल, गार्गी और स्टनर्स सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और किरोड़ीमल कॉलेज ने पुरुषों के वर्ग के अपने मैच जीते और 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। महिलाओं के वर्ग में गार्गी कॉलेज और स्टनर्स एकेडमी सेमीफाइनल में पहुंचे। पुरुषों के वर्ग के मैचों में, खालसा कॉलेज ने खालसा एलुमनी को 74-66 से हराया। दूसरे मैच में, किरोड़ी मल कॉलेज ने स्टनर्स एकेडमी को 100-99 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार किरोड़ी मल कॉलेज के दक्ष को दिया गया। महिलाओं के वर्ग में, स्टनर्स एकेडमी ने मिरांडा हाउस को 66-56 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार स्टनर्स एकेडमी की गुलफशा को दिया गया। दूसरे मैच में, गार्गी कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 40-39 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार गार्गी कॉलेज की पी- सैनी को दिया गया।

### क्रिकेट आईपीएल हार्दिक जुर्माना हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवर गति के लिए यह जुर्माना लगाया गया है यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत इस सीजन में उनकी टीम का यह पहला अपराध था, इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) से यह मुकाबला 18 रनों से जीत लिया था।

# आईपीएल 2026: बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर प्रसिद्ध कृष्णा का कब्जा

**लखनऊ, वार्ता।** गुजरात टाइंटस के तेज गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में बेहतरीन गें. दबाजी प्रदर्शन करते हुए चार विकेट झटक कर पर्पल कैप पर कब्जा जमा लिया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को खेले गए इस मुकाबले में प्रसिद्ध



कृष्णा चार विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में चार मैचों में कुल 10 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए है। इस सूची में दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के रवि बिश्नोई (नौ विकेट) के साथ दूसरे तथा चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाज अंशुल कंबोज तीसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिस यादव और रॉयल चैलेंजसै बेंगलुरु के जैकब डफी हैं, जिनके नाम छह-छह विकेट हैं।

# जीत के जोश से लबरेज CSK, जीत के इंतजार में KKR

**चेन्नई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की अंक तालिका में सबसे नीचे की टीमों के बीच का मंगलवार को होने वाले मुकाबले में पांच बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके), जो लगातार तीन हार के बाद जीत की राह पर लौट आई है वहीं टूर्नामेंट में संघर्ष कर रही पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत का खाता खुलने का इंतजार हैं।

आंकड़ों की अगर बात की जाए तो घरेलू मैदान के फायदे और 'एलो ब्रिगेड' (सीएसके के फैन्स) के जबरदस्त समर्थन के दम पर, सीएसके का पलड़ा अजिक्य रहाणे की अगुवाई वाली केकेआर पर भारी है। केकेआर अपने पहले चार मैचों में से तीन हारने के 'बदकिस्मती' को तोड़ना चाहती है, इस सीजन में ईडन गार्डन्स में पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश की वजह से रद्द हुए मैच में उसे एक अंक मिला था, जो उसकी पहली 'जीत' जैसा था दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 31 मुकाबलों में 20 में सीएसके को जबकि 11 में केकेआर को जीत मिली है। वहीं चेपॉक पर भी हुए 12 मुकाबलों में सीएसके की टीम 8-4 से आगे है। हालांकि 2022 से हुए छह मुकाबलों में दोनों टीमें 3-3 से बराबरी पर हैं। केकेआर की तरह, घरेलू टीम की शुरुआत भी बेहद खराब रही थी और उसे अपने पहले तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा था-भले ही उसने दो बार 200 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया था। लेकिन दो दिन पहले इसी मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 रन की शानदार जीत के साथ उसे अपनी पहली जीत का स्वाद चखने को मिला। इस जीत का श्रेय ओपनर संजू सैमसन को जाता है, जिन्होंने पिछले मैचों में कम स्कोर बनाने के बाद, सही समय पर अपनी फॉर्म में वापसी करते हुए एक बेहतरीन शतक जड़ा, साथ ही युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे ने भी उतना ही शानदार अर्धशतक बनाया, जो इस सीजन में उनका दूसरा अर्धशतक था। इस जीत की बदौलत सीएसके अंक तालिका में एक पायदान ऊपर चढ़कर 10वें से 9वें स्थान पर पहुंच गई,

जबकि केकेआर अभी भी सबसे निचले स्थान पर बनी हुई है। सीएसके को संजू सैमसन और म्हात्रे से उम्मीद है कि वे अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेंगे, जबकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को पारी की शुरुआत में बड़ी पारी खेलनी होगी। उन्होंने पिछले कुछ मैचों में 6, 28, 7 और 15 जैसे कम स्कोर बनाए हैं, इसलिए उन्हें अपनी लय वापस पाने की जरूरत है। मिडिल ऑर्डर में टैलेंट तो है, लेकिन अभी तक वे एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सरफराज खान ने अपनी जोरदार हिटिंग की झलक दिखाई, वहीं साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस की वापसी से टीम को और मजबूती मिली है, वे पिडली की चोट से उबरने के बाद लौटे हैं और पहले तीन मैच नहीं खेल पाए थे। उनके साथ ही, जोरदार हिटिंग करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज शिवम दुबे भी टीम में हैं, जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ 45 रन बनाकर इस सीजन में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। डीसी के खिलाफ 10 गेंदों में 20 रन बनाकर उन्होंने डेथ ओवर्स में मैच को शानदार तरीके से खत्म करने की अपनी काबिलियत साबित की है।

# अल्काराज को हराकर सिनर ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब

**मोनाको, वार्ता।** जैनिक सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में डिफेंडिग चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को हराकर नवम्बर की शुरुआत के बाद पहली बार दुनिया के शीर्ष स्थान पर वापसी की।

मोनाको में खेले गए निर्णायक मुकाबले में सिनर ने अल्काराज को 7-6 (7-5), 6-3 से हराकर मोंटे कार्लो टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। दुनिया के शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच नवम्बर में एटीपी चैंपियनशिप के फाइनल में सिनर की सीधे सेटों में जीत के बाद पहली भिड़ंत थी। बड़े-बड़े शॉट्स से भरे इस तनावपूर्ण और कड़े मुकाबले में, दोनों खिलाड़ियों को तेज हवाओं का सामना करना पड़ा। इन हवाओं ने मैच में अनिश्चितता का एक तत्व जोड़ दिया, जिसके चलते दोनों



खिलाड़ियों से कुल मिलाकर 83 गलतियां हुईं।

इस जीत के साथ 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने इस साल का अपना तीसरा मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है, इससे पहले वे इंडियन वेल्स और मियामी में भी जीत हासिल कर चुके हैं और मास्टर्स सीरीज के स्पर्धाओं में उनकी जीत का सिलसिला अब 22 मैचों तक पहुंच गया है। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि क्ले कोर्ट पर फिर से खेलना सीखने के प्रयास में यह सप्ताह बेहद दिलचस्प रहा। मैं यहां ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की कोशिश में आया था, और इस सतह पर एक बड़ा टूर्नामेंट जीतकर मैं बहुत खुश हूं। यह ट्रॉफी जीतना और फिर से नंबर एक पर पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

# फिजी को हराकर समोआ ने लगातार दूसरी बार महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप में जगह बनाई

**पोर्ट मोरेस्बी, वार्ता।** समोआ की टीम ने सोमवार फिजी को हराकर लगातार दूसरी बार आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप में जगह बना ली है। पापुआ न्यू गिनी में हुए पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालिफायर 2026 टूर्नामेंट में ऑलिव लेफागा लेमोए की टीम ने अमिनी पार्क में खेले गए मुकाबलों में फिजी, इंडोनेशिया, वानुअतु और मेजबान टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। उसने मई 2024 में भी इस तरह विश्वकप में जगह बनाई थी।

समोआ ने अपने अभियान के आखिरी दिन फिजी को हराकर विश्वकप का टिकट पक्का किया। इस बार उन्होंने 130 रनों का बचाव किया। एवेटिया मापु ने 62 गेंदों में नाबाद 67 रन बनाकर अपनी टीम के स्कोर को मजबूत आधार दिया। गेंदबाजी में भी समोआ का



प्रदर्शन जबरदस्त रहा और उसने फिजी को 72 रनों पर ही रोक दिया। इस बार टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम होने के नाते उन पर जीत का दबाव था लेकिन समोआ की टीम को रोकना मुश्किल था।

उन्होंने पहले ही दिन वानुअतु को 58 रनों से हराया। इसके बाद इंडोनेशिया पर 53 रनों की जीत मिली, हालांकि तीसरे मैच में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ समोआ को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। यह चुनौती तब और मुश्किल हो गई जब पूरी टीम मात्र 58 रनों पर सिमट गई। टीम के गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी की। हरदिया पड्डा ने 4/9 (4 ओवर) और टेलेसिया वाओला गैब्रियल ने 4/7 (3-4 ओवर) का शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को मुश्किल से निकाला और पापुआ न्यू गिनी को सिर्फ 48 रनों पर रोक दिया। आखिरी दिन भी वाओला गैब्रियल ने गेंदबाजी में कमाल दिखाया। उन्होंने 4/19 (4 ओवर) और पड्डा (तीन ओवर में 2/9) के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। लेफागा लेमोए की कप्तानी में, टीम अगले साल होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट में पहली बार जीत का स्वाद चखने का लक्ष्य रखेगी, क्योंकि 2024 में वे जीत से चूक गए थे। इसी के साथ प्रशांत महासागर क्षेत्र से आने वाली यह टीम क्षेत्रीय क्वालिफकिशन के जरिए विश्व. कप का टिकट पक्का करने वाली पहली टीम बन गई है।

# भारतीय महिला टीम विश्व पैदल चाल स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रही

**ब्रासीलिया, वार्ता।** दो बार की ओलंपियन प्रियंका गोस्वामी ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके दम पर भारतीय महिला टीम विश्व पैदल चाल टीम चैंपियनशिप 2026 में पांचवें स्थान पर रही। रविवार को यहां आयोजित चैंपियनशिप के 12वें संस्करण में 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स की रजत पदक विजेता प्रियंका गोस्वामी ने महिलाओं की मैराथन रेस वॉक में 3:43:01 का समय निकालकर 10वां स्थान हासिल किया।

पायल (26वां स्थान, 3:59:50) और मंजू रानी (30वां स्थान, 4:05:22) ने 42-195 किमी की इस स्पर्धा में टीम के प्रदर्शन को पूरा किया। शीर्ष तीन एथलीटों के संयुक्त समापन स्थानों के आधार पर रैंकिंग तय होने के चलते, भारत ने कुल 66 अंक हासिल कर पांचवां स्थान पक्का किया। इक्वाडोर की पाउला टोरेस ने 3:24:37 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। यह इस दूरी के लिए अब तक दर्ज किया गया दूसरा सबसे तेज समय है। इटली की 21 वर्षीय सोफिया फियोरिनी ने 3:25:42 के अपने सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि इक्वाडोर की नथाली लियोन ने 3:31:47 के समय के साथ कांस्य पदक हासिल किया। टीम रैंकिंग में भी इक्वाडोर शीर्ष प र रहा। पुरुषों की मैराथन पैदल चाल स्पर्धा में, भारत ने केवल दो एथलीटों को उतारा था, जिसके चलते वह टीम रैंकिंग में शामिल नहीं हो सका।राम बाबू ने 3:13:55 के समय के साथ 17वां स्थान हासिल किया, जबकि संदीप कुमार 3:15:41 के समय के साथ 20वें स्थान पर रहे। जापान के हयातो कात्सुकी ने 3:04:58 के समय के साथ पुरुषों की मैराथन रेस वॉक का खिताब जीता, इस दूरी की पहली बार आयोजित हुई इस स्पर्धा में उन्होंने अन्य मजबूत दावेदारों को पीछे छोड़ दिया। इक्वाडोर के डेविड हर्टाडो ने 3:05:57 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि जापान के काजुया इवाई ने 3:06:03 के समय के साथ पोडियम पर अपनी जगह बनाई। पुरुषों की हाफ-मैराथन रेस वॉक में भारत का प्रदर्शन औसत दर्जे का रहा, और टीम रैंकिंग में उसे 11वां स्थान मिला। सर्विन सेबेस्टियन भारत की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट रहे, उन्होंने 1:30:28 के समय के साथ 19वां स्थान हासिल किया। अक्षदीप सिंह (50वें स्थान पर, 1:38:19), हरदीप (57वें स्थान पर, 1:42:28) और साहिल (59वें स्थान पर, 1:43:11) रैंकिंग में और नीचे रहे। महिलाओं की हाफ-मैराथन रेस वॉक भी भारत के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हुई, जिसमें टीम कुल मिलाकर 11वें स्थान पर रही। रवीना भारत की ओर से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली एथलीट रहीं, उन्होंने 1:45:44 के समय के साथ 39वां स्थान हासिल किया। उनके बाद मुनिता प्रजापति 43वें स्थान पर रहीं, जिन्होंने 1:47:15 का समय लिया, जबकि मानसी नेगी 1:54:12 के समय के साथ 52वें स्थान पर रहीं। नए कार्यक्रम के तहत पारंपरिक 20 किमी और 35 किमी की स्पर्धाओं को हटाकर हाफ-मैराथन (21-0975 किमी) और मैराथन (42-195 किमी) को शामिल किया गया। इन नई स्पर्धाओं की सीनियर स्तर पर वर्ल्ड रेस वॉकिंग टीम चैंपियनशिप में पहली बार शुरुआत हुई।

# पीजीडीएवी ब्लू ने डे-नाइट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीजीडीएवी ब्लू टीम ने सोमवार को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज पर 32 रनों से जीत हासिल की। टूर्नामेंट का उद्घाटन दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों के डीन प्रो- बलराम पाणि ने किया। उन्होंने विभिन्न कॉलेजों के छात्रों को खेल अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि खेल शारी. रिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार करता है और आपको दोनों तरह से फिट रहना होगा, जीवन में केवल तभी आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं जब आप केंद्रित रहें। प्रो- पाणि ने पीजीडीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो- दरविदर कुमार और शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग के डा. पवन डबास तथा डा. मुकेश कुमार को छात्रों को अच्छी खेल सुविधाएं प्रदान करने के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। इस अवसर पर पीजीडीएवी कॉलेज के पूर्व छात्र प्रमोद जैन, डीडीसीए के सदस्य, और जगदीश मल्होत्रा, दिल्ली सॉकर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया।

पीजीडीएवी ब्लू ने पहले बल्लेबाजी कर 20 ओवर में 9 विकेट पर 202 रन बनाए। मंदीप ने 52, अनुज ने 37 और नासा ने 32 रन ठोके। जैनुम शाह ने 3, आरित व दीपांश ने दो- दो विकेट झटके। जवाब में कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज की टीम 19-3 ओवर में 170 रन पर आल आउट हो गई। ऋषि आर्यन ने 63 रन बनाए। ब्रायन झा ने 19 रन देकर चार विकेट चटकाए। गौरव और दक्ष ने दो दो विकेट झटके। ब्रायन झा को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। प्रो- दरविदर कुमार ने मीडिया को बताया कि हम कॉलेज के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने की प्रक्रिया में हैं। हमारे कॉलेज के पांच क्रिकेटरों ने दिल्ली विश्व. विद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। श्रेष्ठ यादव ने विजी ट्रॉफी में भी खेला है। शिवम दुबे और अंकित राजेश दिल्ली प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं। टूर्नामेंट के बारे में उन्होंने कहा कि इसका पहला संस्करण 2022-23 में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर शुरू हुआ था। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पीजीडीएवी कॉलेज का शारीरिक शिक्षा विभाग 13 से 30 अप्रैल 2026 तक तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती अंतर कॉलेज डे-नाइट टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहा है।

शाह टाइम्स

## सम्पादकीय

मंगलवार, 14 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नहीं थम रहीं धमकियां

अभी शांति वार्ता को जोकि रविवार को इस्लामाबाद में समाप्त हुई, एक दिन भी नहीं गुजरा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बंदरगाहों के नाकेबंदी की बात कर डाली। जिसके चलते ईरान का निर्यात विशेष रूप से तेल बाहर नहीं जा सकेगा। जाहिर है अमेरिका अपने इस फैसले से ईरान को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहता है। ट्रम्प तो यह भी कह रहे हैं कि उनके इस फैसले में उनके सहयोगी भी साथ हैं। हालांकि फ्रांस, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया ने ट्रम्प के इस बयान के बाद साफ कर दिया कि वह ट्रम्प की इस योजना का हिस्सा नहीं बनने जा रहे हैं और ईरान की नाकेबंदी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यूं भी नाटो देशों ने ईरान के साथ संघर्ष में अब तक दूरी बनाई हुई है और ब्रिटेन और फ्रांस के नेता तो बराबर ईरान के नेताओं के टच में भी हैं। जाहिर है ट्रम्प की इस नई पहल से खाड़ी में फिर से तनाव बढ़ गया है और जो ट्रम्प की तरफ से ही दो हफ्ते का सीजफायर हुआ था, वह भी खतरे में पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसा लगता है कि ट्रम्प व नेतन्याहू को दुनिया की कोई चिंता नहीं रह गई है। इस युद्ध से लोगों को हो रहे नुकसान से उनका कोई लेना-देना नहीं है। भले ही वह बयान कुछ भी देते रहे हों और लोगों की चिंता की बात करते रहें। होना तो यह चाहिए था कि इस्लामाबाद में शांति वार्ता विफल होने के बाद फिर से नए सिरे से बातचीत की को. शिश होनी चाहिए थी। अभी कोई बहुत ज्यादा समय नहीं गुजरा है। पहले से ही काफी नुकसान हो चुका है और बहुत नुकसान को बचाया जा सकता है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब संघर्षरत लोगों को सद्बुद्धि आएगी, जोकि दुर्भाग्य से आती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान ने भी साफ कर दिया है कि यदि अमेरिका की तरफ से कोई भड़काऊ कार्रवाई होती है तो वह चुप नहीं रहेगा और जवाबी कार्रवाई में देर नहीं लगाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर कालिबफ ने अमेरिका को चेताया है कि वह ईरान की नाकेबंदी करने का प्रयास न करें। सवाल तो यह भी है कि जहां अमेरिका यह दावा कर रहा है कि होर्मुज को बंद करने से दुनिया को काफी नुकसान हो रहा है और ईरान को ऐसा नहीं करना चाहिए, तो अब सवाल उठता है कि खुद अमे. रिका इस संबंध में क्या कर रहा है। वह भी नाकेबंदी करके दुनिया को संकट में डाल रहा है। ईरान और अमेरिका दोनों को ही समझना होगा, भले ही संघर्ष उनके बीच हो, लेकिन इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर सीधे पड़ रहा है। इस समय यह भी देखना बेहद डरावना लग रहा है कि जहां 40 दिन के युद्ध के बाद दोनों पक्षों के रुख में कुछ नर्मी आनी चाहिए थी, वहीं और उग्रता दिखाई दे रही है और अब तो रूस और चीन की एंट्री भी इसमें होती दिखाई दे रही है, क्योंकि ट्रम्प ने चीन को सीधे चेतावनी दे डाली है कि अगर वह ईरान को हथियार देता है, तो उस पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा और अन्य विकल्पों पर भी विचार करने की बात वह कर रहे हैं। चीन ने यह कहकर पलटवार किया है कि होर्मुज तो पहले से ही खुला हुआ था, अमेरिका ने बिना वजह हमला करके इसे बंद कराया है। अभी भी समय है कि परिस्थितियों को और बिगड़ने से बचाया जाए।

## अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही



मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिस. ीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लो. कतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है, सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है, जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है, विपक्ष से समर्थन, तो मांगा जा रहा है, लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही, विपक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक की मांग को लगातार नजरअंदाज किया गया है, 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है, हालांकि, इसके क्रियान्वयन के लिए जनगणना और परिस. ीमन जरूरी है। **-सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज



**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 तक एक विकसित भारत का दृष्टिकोण इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता तक तब तक नहीं पहुंच सकता, जब तक उसके आधे नागरिक उन जगहों से बाहर रहें जहां सत्ता का संचालन होता है। जैसा कि उन्होंने हमेशा कहा है भारत तभी एक विकसित राष्ट्र बनेगा जब इसकी महिलाएं न केवल अपने घरों में, बल्कि अपनी संसद में भी पूरी तरह सशक्त होंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय महिलाओं के लिए कुछ नया सृजन नहीं करता है।

भारत की महिलाएं सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेई ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारत जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14।4 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से मेहमान बनकर ही रह गईं।

हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। संरक्षणात्मक भेदभाव के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही है 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएं हैं। जिन जगहों पर महिलाएं शासन करती हैं, वहां पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ-सफाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियां स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

**वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया**

वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्एक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बतायारू ष्यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्एक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधि. नियम होना अपने आप में एक घोषणा थीरू अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी। इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैंकृए वही क्षेत्र हैं, जहां भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

**गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा**

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनी. तिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था। पीएम उज्ज्वला योजना के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। श्मुद्राश योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनरू प्रत्एक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुजारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं।

**आर. विमला, आईएएस**

**( लेखिका महाराष्ट्र सरकार में रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं और आईआईटी बॉम्बे से पीएचडी कर रही हैं )**

# आंबेडकर को मात्र प्रतीक मत बनाइए

**दरअसल यह दलितों को उठाने की नहीं बल्कि गिराने की एक कुटिल चाल है। जो दलित सत्ता के पिछलग्गू बन राजने. ताओं की इस चाल का हिस्सा बन जाते हैं उनका स्वाभिमान अभिमान में बदल जाता है और दूसरे दलितों के प्रति उनका व्यवहार भी शोषणकारी हो जाता है। जबकि आम दलित का स्वाभिमान अपने पुराने स्तर से भी नीचे गिर जाता है। इन नारों एवं अभियानों मे एक आम दलित के हाथ कुछ नहीं लगता। आंबेडकर ने दलितों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए शुरू में मात्र दस वर्षों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी।**



**रोहित कौशिक**

इस दौर में सभी राजनीतिक दल आंबेडकर पर अपना अधिकार जताने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि सभी राजनीतिक दल महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात् न करके उन्हें मात्र प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल कर वोट बैंक की राजनीति करने लगते हैं। विडम्बना यह है कि इस दौर में जिस तरह से प्रतीकों की राजनीति हो रही है, उसने महापुरुषों को मात्र मूर्तियों तक ही सीमित कर दिया है। इस नए माहौल में न ही तो राजनीतिक दलों को महापुरुषों के आदर्शों की चिंता है और न ही इन दलों के पीछे चलने वाली भीड़ में महापुरुषों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की हिम्मत है। विडम्बना तो यह है कि जिस दलित वर्ग के उत्थान के लिए आंबेडकर ने अपना सारा जीवन लगा दिया, वह दलित वर्ग भी केवल आंबेडकर की पूजा तक ही सीमित रह गया। न तो दलित नेताओं ने आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर दलितों में वैज्ञानिक चेतना पैदा करने की कोशिश की और न ही स्वयं दलित वर्ग आंबेडकर की मूल चेतना को पकड़ पाया। यही कारण है कि वह धर्म की रूढ़ियों मे फंसकर रह गया। दरअसल डॉ. आंबेडकर ने इस सत्य को बहुत पहले ही समझ लिया था कि जब तक दलित वर्ग अपनी शक्ति को पहचान कर सत्ता का भागीदार नहीं बनेगा, उसकी उपेक्षा होती रहेगी। यही कारण था कि उन्होंने दलितों के आरक्षण की वकालत की। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस दौर में सत्ता का भागीदार बने दलित नेताओं को वास्तव में आंबेडकर के विचारों एवं आदर्शों की चिंता है? आज हर राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल कर रहा है। यही कारण है कि आज भी आम दलित को शोषण का शिकार बनाया जा रहा है। यह विड़म्बना ही है कि आज राजनी. तिक दल आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल अपने उत्थान के लिए कर रहे हैं, न कि दलितोत्थान के लिए। सवाल यह है कि आजादी के बाद राजनेताओं ने आंबेडकर-आंबेडकर चिल्लाने और आंबेडकर के नाम पर विभिन्न परियोजनाओं का नामकरण करने के अलावा किया ही क्या है? क्या आजादी के बाद हमारे राजनेता आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर पाएं हैं? क्या केवल आंबेडकर के नाम पर पार्क बना देने, उनकी मूर्तियां स्थापित कर देने और उनके विचारों को विचार-गोष्ठियों में दोहरा देने मात्र से ही हम इस दौर में आंबेडकर को प्रासंगिक बना सकते हैं? शायद नहीं। बड़ी-बड़ी रैलियां आयोजित कर पानी की तरह पैसा बहा देना आंबेडकर का सपना नहीं था। करोड़ों रुपए का हार पहनकर भव्य पंडाल में दलितों और अपने अनुयायियों लिए महाभोज आयोजित करना भी बाबा साहब की प्राथमिकताओं में नहीं था। क्या ऐसे आयोजनों से वास्तव में दलितों का स्वाभिमान जाग सकता है? शायद स्वादिष्ट भोज का आनंद लेते हुए कुछ समय के लिए उनका स्वाभिमान जाग जाए लेकिन गांव में बैठे हुए उस दलित के स्वाभिमान का क्या होगा जिसे एक जून की रोटी भी नसीब नहीं है। हमारे राजनेता कुछ हजार या लाख लोगों को भव्य भोज देने की अपेक्षा गांव के आखिरी आदमी को दो जून की रोटी देने के बारे में कब सोचेंगे ? आंबेडकर ने दलितों के जिस स्वाभिमान की बात की थी वह वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित नहीं था। इस दौर में सबसे दुखद यही है कि वोट बैंक की राजनीति के तहत दलितों के स्वाभिमान को जगाने की बात हो रही है।

आज के राजनेता जब दलितों के साथ खाना खाते हैं और दलितों के घर में ही रात गुजारते हैं तो दलितों का स्वाभिमान जागने लगता है। लेकिन जैसे ही राजनेता अपने महलों में वापस लौटते हैं, दलितों की जिंदगी पुराने ढर्रे पर लौटने लगती है। अनेक आश्वासनों के बाद जब दोबारा दलितों को पुरानी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है तो उन्हें स्वयं महसूस होने लगता है कि यह वोट बैंक का छलावा है। राजनेताओं द्वारा दलितों का स्वाभिमान जगाने की इस खोखली प्रक्रिया से दलित अपना पुराना स्वाभिमान भी खो देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जनसेवा की नई मिसाल देता नेपाल का युवा मंत्रिमंडल



**विनीत नारायण**

नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया जब 27 मार्च 2026 को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेतृत्व में बालेन शाह बलेंद्र शाह ने 36 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और 15 सदस्ईय कैबिनेट का गठन किया। यह मंत्रिमंडल न सिर्फ नेपाल का सबसे युवा कैबिनेट है, बल्कि दक्षिण एशिया में अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता के लिए वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन रहा है। इस मंत्रिमंडल के सदस्यों की औसत आयु मात्र 38.21 वर्ष है, दस मंत्री 40 वर्ष से कम उम्र के, पांच महिला मंत्री और 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के पास स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री। यह आंकड़े नेपाल की राजनीति के पारंपरिक चेहरे को पूरी तरह बदल रहे हैं।

यह कैबिनेट जेन-जी आंदोलन के परिणामस्वरूप सत्ता में आई है। भ्रष्टाचार, पुरानी पार्टियों की नाकामी और युवाओं की मांगों को लेकर हुए आंदोलन ने आरएसपी को भारी बहुमत दिलाया। अब यह युवा टीम न सिर्फ नेपाल में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में दुनिया का सबसे युवा कैबिनेट और सबसे शिक्षित मंत्रिमंडल के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। कई भारतीय अखबारों ने इसे जनरेशनल शिफ्ट करार दिया है। विश्व स्तर पर इसकी सराहना हो रही है, क्योंकि यह पारंपरिक राजनीति से हटकर योग्यता, तकनीकी विशेषज्ञता और समावेशिता पर आधारित है। यह दक्षिण एशिया का चमकता उदाहरण है, जहां भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के कैबिनेट अक्सर वरिष्ठ नेताओं पर निर्भर रहते हैं।

इस कैबिनेट की सबसे बड़ी ताकत इसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। प्रधानमंत्री बालेन शाह स्वयं सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक पूर्वांचल विश्वविद्यालय और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एम.टेक (निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु, भारत) हैं। वे काठमांडू के पूर्व मेयर और लोकप्रिय रैपर भी हैं। उनकी टीम में दो डॉक्टरेट धारक और दस स्नातकोत्तर सदस्य हैं। वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले (41 वर्ष, कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ) अर्थशास्त्र में पीएचडी (ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी), हार्वर्ड से एमपीए/आईडी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक हैं। वे पूर्व में यूएनडीपी के एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक सलाहकार और नेपाल की राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी विशेषज्ञता आर्थिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास में है। विदेश मंत्री शिशिर खनाल (47 वर्ष) अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मैडिसन से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिजपोर्ट से पॉलिटिकल इकोनॉमी में स्नातक हैं। वे टीच फॉर नेपाल के सह-संस्थापक हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुधार का प्रमुख अभियान है।

शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा एवं खेल मंत्री सस्मित पोखरेल (29 वर्ष) कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य हैं। वे काठमांडू विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट एवं कानून में स्नातक हैं और पॉलिसी, गवर्नेंस एवं भ्रष्टाचार-निरोध पर मास्टर्स कर रहे हैं। वे बालेन के मेयर काल में शहरी नियोजन सलाहकार रह चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता (38 वर्ष) भारत के ग्वालियर से नर्सिंग में मास्टर्स और दिल्ली के एम्स से प्रशिक्षित हैं। सामान्य प्रशासन मंत्री प्रतिभा रावल (32 वर्ष) एशियन कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (चेन्नई) से पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा रखती हैं। श्रम मंत्री दीपक कुमार साह (34 वर्ष) लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन से पीएचडी स्कॉलर, एलएसई से हेल्थ पॉलिसी में मास्टर्स और आईओएम से पब्लिक हेल्थ में मास्टर्स रखते हैं।

महिला, बाल-बालिका एवं ज्एष्ठ नागरिक मंत्री सीता बादी (30 वर्ष) राजनीति विज्ञान में मास्टर्स हैं और बादी समुदाय की प्रतिनिधि के रूप में समावेशिता का प्रतीक हैं। कानून मंत्री सोबिता गौतम (30 वर्ष) राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय से बीए एलएलबी हैं और संसदीय समितियों में सक्रिय रहीं हैं। भौतिक पूर्वाधार मंत्री सुनील लाम्सल (35 वर्ष) भी भारत से एमटेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) हैं।

गौरतलब है कि यह योग्यताएं महज डिग्रियां नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव से जुड़ी हैं। यूएनडीपी, टीच फॉर नेपाल, आपदा राहत संगठन श्हामी नेपालश और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इन सभी की अहम भूमिका रही है। पांच महिला मंत्रियों का प्रतिनिधित्व और अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी जैसे सीता बादी समावेशिता को मजबूत करती है। देखा जाए तो नेपाल का यह कैबिनेट अपने पड़ोसियों से अलग दिखता है। भारत के वर्तमान केंद्रीय मंत्रिमंडल में 71 सदस्य है, जिसमें 57 सदस्य स्नातक या उससे ऊपर हैं, लेकिन 11 सदस्य मात्र 12वीं पास हैं। कई मंत्री राजनी. तिक अनुभव पर निर्भर हैं, जबकि युवा चेहरे कम हैं। वहीं चीन का मंत्रिमंडल अत्यधिक शिक्षित तकनीकी विशेषज्ञों इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र से भरा है, लेकिन उनकी औसत आयु 55-60 वर्ष के आसपास है और निर्णय प्रक्रिया केंद्रीकृत पार्टी संरचना पर आधारित है। बांग्लादेश के हालिया कैबिनेट में 46/50 सदस्य उच्च शिक्षा वाले हैं तीन पीएचडी, लेकिन वहां भी वरिष्ठता और राजनीतिक वफादारी प्रमुख है।

नेपाल का कैबिनेट इन सभी से युवा, अधिक समावेशी और योग्यता-आधारित है। भारत और चीन की तुलना में यहां भ्रष्टाचार-विरोधी (डिलीवरी बेस्ड गवर्नेंस) पर जोर है, जो पड़ोसियों में अक्सर कम देखा जाता है। हालांकि,कुछ विश्लेषक चेताते हैं कि इस मंत्रिमंडल के पास अनुभव की कमी एक चुनौती है। भारत की तरह बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था या चीन की तरह दीर्घकालिक नियोजन यहां अभी संभव नहीं, लेकिन पारदर्शिता और तेज निर्णय लेने की क्षमता नेपाल को लाभ दे सकती है। केवल दो सप्ताह पुरानी यह सरकार पहले ही 100 सूत्री शासन सुधार एजेंडा लागू कर चुकी है। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्रालयों का पुनर्गठन, दक्षिण एशिया संघर्ष के प्रभाव से नेपाली प्रवासियों की सुरक्षा, 'कार्की आयोग' रिपोर्ट पर कार्रवाई और संविधान संशोधन पर चर्चा पत्र तैयार करने जैसे कदम उठाए गए। शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल ने पार्टी-आधारित छात्र संगठनों को समाप्त करने और स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता ने निजी अस्पतालों में 10 प्रतिशत मुफ्त बेड सुनिश्चित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले आर्थिक स्थिरता, पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान दे रहे हैं। श्रम और स्वास्थ्य मंत्रियों की स्वास्थ्य नीति विशेषज्ञता गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन में मदद करेगी। विदेश मंत्री शिशिर खनाल की पॉलिसी विशेषज्ञता नेपाल की कूटनीति को मजबूत करेगी।युवा बेरोजगारी घटाने, शिक्षा गुणवत्ता सुधारने, स्वास्थ्य पहुंच बढ़ाने और भ्रष्टाचार रोकने के प्रयास पहले ही दिख रहे हैं। दैनिक प्रगति निगरानी प्रणाली लागू कर सरकार जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है। हालांकि, चुनौतियां यहां भी हैं, जैसे कि पहाड़ी इलाकों में पहुंच, संसाधन सीमाएं और पुरानी पार्टियों का विरोध। फिर भी, यह कैबिनेट जनता की उम्मीदें पूरी करने की राह पर है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो नेपाल का यह 'जेन-जी' कैबिनेट न सिर्फ दक्षिण एशिया के लिए मिसाल है, बल्कि विकासशील देशों को सिखाता है कि योग्यता और युवा ऊर्जा राजनीति को बदल सकती है। यदि यह टीम अपने100 सूत्री एजेंडा को ईमानदारी से लागू कर पाई, तो नेपाल आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और सुशासन का नया मॉडल बन सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन होर्मुज की नाकाबंदी में शामिल नहीं होगा

## ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने कहा: ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी कार्रवाई को समर्थन नहीं देंगे

**लंदन/अंकारा/कैनबरा।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनका देश ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी नौसैनिक नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटेन को ईरान के साथ युद्ध में नहीं घसीटा जाएगा। स्टार्मर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को नौवहन के लिए पूरी तरह खुला रखना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि इसके बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो रहे हैं और लोगों के लिए बिजली-गैस के बिल बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह हमारा युद्ध नहीं है और हम इसमें नहीं फंसेंगे। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी कहा कि उन्हें अमेरिका से नाकेबंदी में शामिल होने का कोई अनुरोध नहीं मिला है और वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के सम्मान के पक्ष में हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कहा है कि अमेरिका ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है और यह घोषणा एकतरफा तरीके से की गई है। उन्होंने कहा हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए खुला रहना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। अल्बानीज़ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया वैश्विक ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्रीय तनाव के समाधान के लिए वार्ता फिर से शुरू होनी चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने घोषणा की है कि वह ईरानी बंद. रगाहों में आने-जाने वाले समुद्री यातायात की नाकेबंदी शुरू करेगा। अल्बानीज़ ने कहा कि हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो। हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं।

हम चाहते हैं कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी के लिए खुला रहे। हम यह भी चाहते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता बनी रहे।ष ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री 14 से 17 अप्रैल के बीच ब्रुनेई और मलेशिया की यात्रा करेंगे, जहां ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर चर्चा होगी। यह यात्रा ऊर्जा, उर्वरक और अन्य ज़रूरी सामानों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग करने के ऑस्ट्रेलिया के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। अल्बानीज़ ब्रुनेई में सुल्तान हाजी हसनल बोल्कियाह से मिलकर ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और ज़रूरी चीज़ों के व्यापार पर चर्चा करेंगे। ब्रुनेई ऑस्ट्रेलिया के डीज़ल आयात का नौ प्रतिशत और फर्टिलाइज़र-ग्रेड यूरिया का 11 प्रतिशत हिस्सा देता है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ब्रुनेई को खाद्य और कृषि उत्पादों का एक अहम सप्लायर बना हुआ है। वह मलेशिया में ईंधन की आपूर्ति और अन्य ज़रूरी सामानों पर चर्चा करने के लिए दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से मुलाक़ात करेंगे। मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया के लिए रिफाइंड ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है और उर्वरक-ग्रेड यूरिया के आयात का 10 प्रतिशत हिस्सा यहीं से आता है। विदेश मंत्री, सीनेटर पेनी वोंग, इन यात्राओं के दौरान अल्बानीज़ के साथ रहेंगी। इस बीच, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ़ ने नाकेबंदी की चेतावनी को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिकी जल्द ही मौजूदा ईंधन कीमतों को याद करेंगे।



■ अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए अनुरोध नहीं किया: आस्ट्रेलिया

■ हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं: अल्बानीज

### रणनीतिक जल क्षेत्र या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ, तो क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने अमेरिकी नाकेबंदी को 'समुद्री डकैती' करार देते हुए कहा कि ए रणनीतिक जल क्षेत्र 'या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं।' इस बीच, तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने उम्मीद जताई कि होर्मुज जलडमरूमध्य का मुद्दा निकट भविष्य में कूटनीतिक रास्तों से सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि इसके विनियमन (रेगुलेशन) में कुछ बदलाव संभव हैं। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मौजूदा युद्धविराम को 45 से 60 दिनों के लिए बढ़ाने का सुझाव भी दिया।

### जापान ने होर्मुज में माइनस्वीपर तैनाती का फैसला टाला

**टोक्यो।** समुद्र के नीचे बिछे बारूद को साफ कराने के लिए तत्पर दिख रही जापान सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जापान ने माइनस्वीपर भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी मिनोरू किहारा ने कहा कि जापान ने अभी तक होर्मुज स्ट्रेट में माइन-स्वीपिंग अभियान के लिए अपने समुद्री आत्मरक्षा बल (मेरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स, यानी जेएमएसडीएफ) को तैनात करने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। हालात पर नजर बनाए हुएं है और आगे का फैसला स्थिति के अनुसार लिया जाएगा। किहारा ने मीडिया को बताया कि जापान दोनों पक्षों के बीच एक पूरी समझ की दिशा में आगे बढ़ने की अपील कर रहा है।

# रूस ले जाएगा ईरान का यूरेनियम!

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव काफी बढ़ गया है। इस बीच रूस ने भविष्य में होने वाली शांति वार्ता के लिए एक नया प्रस्ताव पेश किया है। क्रेमलिन ने सोमवार को जानकारी दी कि रूस अमेरिका के साथ किसी भी संभावित शांति समझौते के तहत ईरान का संवर्धित यूरेनियम (**enriched uranium**) अपने पास रखने के लिए तैयार है।

बता दें कि ईरान और अमे. रिका के बीच पिछले हफ्ते हुई बातचीत नाकाम रही। इससे युद्ध को तुरंत खत्म करने की उम्मीदें टूट गई हैं। फरवरी के आखिर में शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस संघर्ष की वजह से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था भी संकट में है। रूस के पास दुनिया में परमाणु हथियारों का सबसे बड़ा भंडार है। उसने शांति समझौते के लिए कई बार ईरान का यूरेनियम अपने यहां रखने की पेशकश की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने यह प्रस्ताव अमेरिका और क्षेत्र के अन्य देशों के सामने रखा था। उन्होंने साफ किया कि यह प्रस्ताव आज भी लागू है, लेकिन अब तक किसी ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया है। इसी बातचीत के दौरान क्रेमलिन ने डोनाल्ड ट्रम्प की उस धमकी की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी करने की बात कही थी। यह जलमार्ग व्यापार के लिए बहुत जरूरी है। फरवरी के आखिर में अमेरिका और इजरायल ने जब से ईरान पर हमले शुरू किए हैं, तब से यह रास्ता पूरी तरह ठप पड़ा है।



■ होर्मुज तनाव के बीच पुतिन का बड़ा दांव शांतिवार्ता के लिए पेश की ये योजना

# ईरान को नई शर्तों व प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा



■ सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद वार्ता की विफलता के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि 'बदलती शर्तों और प्रतिबंधों' को हमारे सामने रखा गया।

अराघची ने सोमवार को 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि वार्ता के दौरान सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया। अराघची ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि कोई सबक नहीं सीखा गया। सद्भावना से सद्भावना पैदा होती है और शत्रुता से शत्रुता। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि 47 वर्षों में उच्चतम स्तर की गंभीर वार्ता में, ईरान ने युद्ध को समाप्त करने के लिए नेक नीयत के साथ अमेरिका के साथ बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि लेकिन जब हम 'इस्लामाबाद सहमति पत्र' से केवल कुछ ही दूर थे, तो हमें बदलती शर्तों और प्रतिबंधों सामना करना पड़ा।

### ईरान में अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना: ट्रम्प ने पोप पर साधा निशाना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पोप लियो चौदहवें पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे धर्मगुरु की आवश्यकता नहीं है जो उनकी नीतियों का विरोध करते हों। पोप ने ईरान में अमेरिका के कदमों की आलोचना की है। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया। अप्रैल की शुरुआत में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान किया था, जिसके बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। अमेरिकी नेता ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे लगता हो कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला करना भयानक लगता हो।

# हिजबुल्लाह लेबनान-इजरायल के बीच वार्ता का विरोधी

## लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं: कीमती

**बेरुत।** हिजबुल्ला की राजनीतिक परिषद के उपाध्यक्ष महमूद कोमती ने कहा कि हिजबुल्लाह लेबनान और इजरायल के बीच सीधी बातचीत का विरोध करता है और उसे इनसे किसी सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी 'स्पुतनिक' से कहा कि लेबनान में संघर्षविराम ईरान की वजह से हुआ है।

हमें लेबनान के संबंध में वार्ता से सकारात्मक परिणामों की उम्मीद नहीं है। हम लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं और इसे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करते हैं। हिजबुल्लाह के नेतृत्व के अनुसार, ईरान के कड़े रुख ने ही अमेरिका और इजरायल को लेबनान में संघर्षविराम वार्ता के लिए सहमत होने पर मजबूर किया। इस बीच, अमेरिका और इजरायल की स्थिति को इस तरह पेश करने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि वे इन वार्ताओं के सूत्रधार हों। कोमती ने बताया कि इस दिशा में दबाव इस तथ्य से उपजा है कि इजरायल न तो लेबनान और न ही लेबनानी देश को मान्यता देता है और अचानक आज, इजरायल लेबनान के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गया। यह ईरान की बदौलत हुआ है, जो ईरान की इजरायल और अमेरिका पर जीत का परिणाम है। इसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनानी राज्य में अधिकार बहाल करने के लिए प्रेरित किया ताकि लेबनान में संघर्षविराम ईरानी प्रयासों का परिणाम न लगे। सऊदी प्रसारक 'अल हदथ' ने एक आधिकारिक लेबनानी स्रोत के हवाले से खबर दी है कि लेबनान-इजरायल वार्ता मंगलवार को होगी। अमेरिका ने लेबनान को गारंटी दी है कि बातचीत शुरू होने से पहले इजरायल बेरुत पर बमबारी नहीं करेगा। महमूद कोमती ने यह भी कहा कि लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है और देश को अराज. कता में धकेल सकता है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक को बताया कि इजरायल के खिलाफ लड़ाई में समूह का समर्थन करने वाली जनता के दबाव से सरकार भी बदल सकती है। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं जो जनमत को व्यक्त करते हैं। हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार अपनी नीतियों और अपने रुख के कारण खुद को एक गंभीर मुश्किल में धकेल देगी, जिससे उसका पतन हो जाएगा। जब कोमती से पूछा गया कि क्या जनता का आक्रोश लेबनान में सरकार बदलने के उद्देश्य से व्यापक विरोध प्रदर्शनों का रूप ले सकता है, तो उन्होंने उल्लेख किया कि 'सभी विकल्प संभव हैं।' प्रवक्ता के अनुसार, समस्या यह है कि सरकार हिजबुल्ला और प्रतिरोध का सम्मान नहीं कर रही है।



■ कहा: लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है

### हिज्बुल्लाह को मध्य पूर्व संघर्ष के समाधान में रूस की भूमिका की है उम्मीद

**बेरुत।** हिज्बुल्लाह के राजनी. तिक परिषद के उप प्रमुख महमूद कोमाती ने बताया कि हिज्बुल्लाह को उम्मीद है कि रूस, जिसके ईरान सहित मध्य पूर्वी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, इस क्षेत्र में संघर्ष के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कोमाती ने कहा कि आज, रूस, ईरान के साथ अपने संबंधों और क्षेत्रीय स्तर पर कई अरब देशों और लेबनान के साथ अपने निष्ठापूर्ण संबंधों के कारण, एक भूमिका निभा सकता है और हम इसकी उम्मीद करते हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से, संयुक्त राज्य अमेरिका रूस की किसी भी भूमिका में बाधाएं और रुकावटें पैदा कर रहा है। इस बीच, आज अमेरिका और विशेष रूप से (राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रम्प, ईरान को प्रभावित करने और युद्धविराम हासिल करने के लिए रूस की ओर रुख कर रहे हैं।




मिर्जापुर। दिवंगत दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

### अमेरिका में यू वीजा के लिए धोखाधड़ी के आरोप में 10 भारतीय नागरिक दोषी

**बोस्टन।** अमेरिका के बोस्टन में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने 10 भारतीय नागरिकों को सुविधा स्टोरों में फर्जी सशस्त्र डकैती के मामले में दोषी ठहराया है। इन डकैतियों का मकसद स्टोर क्लर्कों को आव्रजन आवेदनों में पीड़ित के रूप में फर्जी दावा करने की अनुमति दिलाना था। आरोपियों पर मार्च 2026 में आरोप लगाए गए थे। अभियोग पत्र में प्रत्येक प्रतिवादी पर वीजा धोखाधड़ी करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है जिसके लिए अधिकतम पांच साल की जेल, तीन साल की निगरानी में रिहाई और 250000 डॉलर का जुर्माना हो सकता है। मैसाचुसेट्स स्थित अटॉर्नी कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सजा पूरी होने के बाद सभी को देश से निकाला जा सकता है।

### सुरक्षा परिषद में रूस व चीन के प्रस्ताव पर जमीनी स्थिति के अनुसार चर्चा होगी: रूस

**मास्को।** पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए रूस और चीन की ओर से प्रस्तावित संकल्प पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में मतदान की तारीख वहां की जमीनी स्थिति के आधार पर तय की जाएगी। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले, रूस और चीन ने प्रस्ताव दिया था कि सुरक्षा परिषद पश्चिमी एशिया की वर्तमान स्थिति पर एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव पर विचार करे, जिसमें समुद्री सुरक्षा के पहलुओं को भी शामिल किया जाए। रूस के विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठन विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पूतनिक से कहा कि बैठक में हमने अपने चीन के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव की घोषणा की है। इस पर मतदान की तिथि जमीनी हालात को देखते हुए निर्धारित की जाएगी।

# रूस ने की ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की आलोचना

## पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे वैश्विक बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को प्रभावित करती रहेगी और इसके आर्थिक परिणाम दीर्घकालिक हो सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। पेस्कोव ने बताया कि ईरान के यूरेनियम को अपने पास रखने के रूस के प्रस्ताव अब भी जारी हैं और मॉस्को इस दिशा में सहयोग के लिए तैयार है। इसके अलावा, मीडिया रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि रूस, ईरान को अमेरिकी सेना की तैनाती से जुड़ी खुफिया जानकारी देने के साथ-साथ यूक्रेन में अपने संघर्ष से हासिल की गई ड्रोन से जुड़ी उन्नत रणनीतियां भी साझा कर रहा है। इन दावों की आधिकारिक तौर पर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ये दावे पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सामने आए हैं। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्षेत्रीय नेताओं से बात. चीत कर कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं पर जोर दिया है। राष्ट्रपति के सहयोगी निकोलाई पत्रुशेव ने नाटो पर 'सी शील्ड 2026' अभ्यास के जरिए काला सागर क्षेत्र में सैन्य ढांचे का विस्तार करने का आरोप लगाया है। पत्रुशेव ने कहा कि रूस का मुकाबला करने के उद्देश्य से किए जा रहे इन युद्धाभ्यासों के लिए रोमानिया को मुख्य आधार के तौर पर चुना गया है जो नाटो की क्षेत्रीय स्थिति को लेकर रूस की बढ़ती चिंता का संकेत है। पुतिन ने मॉस्को में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बातचीत के दौरान, विश्वास व्यक्त किया कि हालिया उतार-चढ़ावों के बावजूद दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को स्थिर करने और उसका विस्तार करने में सक्षम होंगे। वहीं, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बैठक में पुतिन ने ऊर्जा, अंतरिक्ष, कृषि और फार्मा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही।




■ पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

# पाकिस्तान को 46500 करोड़ की मदद देंगे सऊदी-कतर

## इससे यूएई का 29000 करोड़ कर्ज चुकाएगा, पैसे लौटाने के लिए सिर्फ 11 दिन बाकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को सऊदी अरब और कतर से 5 अरब डालर (लगभग 46500 करोड़ रुपये) की वित्तीय मदद मिलेगी। यह मदद ऐसे समय में आ रही है, जब देश को इस महीने के अंत तक यूएई को 3.5 अरब डालर (लगभग 29000 करोड़ रुपये) चुकाने हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है।

यूएई ने हाल ही में कर्ज रोलओवर की नीति में बदलाव किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने अप्रैल तक यूएई का 3.5 अरब डालर का कर्ज चुकाने का फैसला किया। तय शेडयूल के मुता. बिक 23 अप्रैल तक पाकिस्तान को इस कर्ज की आखरी किस्त देनी है। इसका मतलब कर्ज चुकाने के लिए सिर्फ 11 दिन का समय बाकी है। इसके अलावा, अप्रैल में पाकिस्तान को कुल करीब 4.8 अरब डालर चुक. ाने हैं, जिसमें एक बड़ा बान्ड भी शामिल है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की खराब आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए 3 साल का प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत उसे करीब 7 अरब डालर की मदद मिलेगी। इसके बदले आईएमएफ ने शर्त रखी है कि पाकिस्तान के बड़े कर्जदाता सऊदी अरब, चीन और यूएई अपने कर्ज के पैसे 3 साल तक तक पाकिस्तान में ही रखेंगे, यानी वे पैसा वापस नहीं निकालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आगे चलकर कतर, यूएई की जगह ले सकता है। यूएई ने हाल में कर्ज रोलआ. ेवर की नीति बदलकर शार्ट-टर्म एक्सटेंशन शुरू कर दिया है, जिससे पाकिस्तान पर जल्दी भुगतान का दबाव बढ़ा। इसके बाद पाकिस्तान ने यूएई का 3.5 अरब डालर यानी करीब 29,000 करोड़ रुपये का कर्ज 11, 17 और 23 अप्रैल को अलग-अलग किस्तों में लौटाने का फैसला लिया। ये फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा पहले ही दूसरे देशों की मदद पर टिका है। कर्ज पाकिस्तान को अलग-अलग समय पर मिला था। यूएई ने 2018 में 2 अरब डालर का लोन दिया था, जिसे बार-बार बढ़ाया गया। 2023 में 1 अरब डालर और दिया गया था, ताकि पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तें पूरी कर सके। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच साझेदारी काफी समय से चल रही है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री औरंगजेब ने इस्लामाबाद में सऊदी के वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल-जादान से मुलाकात की थी।



■ पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है

### ट्रम्प-पुतिन के समर्थन के बावजूद हंगरी में चुनाव हारे आर्बन

**बुडापेस्ट।** विक्टर आर्बन हंगरी का प्रधानमंत्री चुनाव हार गए हैं। वे 16 साल से सत्ता में थे। विपक्षी तिस्ज़ा पार्टी के पीटर मग्यार अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। मग्यार पहले आर्बन की पार्टी फिदेस से जुड़े थे, लेकिन पार्टी में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनसे अलग हो गए थे।

आर्बन दुनिया के गिने-चुने नेताओं में हैं, जिनकी करीबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से है। इस बार के चुनाव में करीब 80 प्रतिशत रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। नतीजों को बड़े राजनीतिक उलटफेर के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर यूरोप और ग्लोबल राजनीति पर पड़ेगा। शुरुआती नतीजों में तिस्ज़ा पार्टी ने 199 में 138 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आर्बन की फिदेस पार्टी को सिर्फ 55 सीटें ही मिली हैं। तिस्ज़ा को करीब 53 प्रतिशत और फिदेस को करीब 37 प्रतिशत वोट मिले। इन चुनाव नतीजों के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में देर रात तक जश्न चलता रहा। डेन्यूब नदी किनारे हजारों लोग जुटे। कारों के हार्न, झंडे और नारेबा. जी के बीच जश्न चलता रहा। कई जगह लोगों ने रूसियों घर जाओ जैसे नारे लगाए।

■ 16 साल बाद सत्ता से बाहर, पुराने साथी पीटर मग्यार भारी बहुमत से जीते

